
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 189
फरीदाबाद, बुधवार, 17 अगस्त, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

मानसून में बचना है स्किन प्रोब्लम्स से तो रुटीन में एड करें ये टिप्स

पेज - 11

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसेक्स | 59,842 | ▲ | 379 |
| निफ्टी | 17,825 | ▲ | 127 |
| सोना | 52,347 | ▼ | 764 /10 gm |
| चांदी | 58,277 | ▼ | 1592 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 33.00°C
न्यूनतम 26.00°C

## क्विक न्यूज

### यूपी में बदला 81 साल पुराना जेल मैनुअल

**लखनऊ।** यूपी की योगी कैबिनेट ने मंगलवार को जेल मैन्युअल में बड़ा बदलाव किया है। यह जेल मैन्युअल 1941 में बना था। बदलाव के तहत अंग्रेज और राजा-रजवाड़ों से जुड़ी सारी व्यवस्थाएं खत्म कर दी गई हैं। इससे अब महिला बंदी जेलों में भी श्रृंगार कर सकेंगी और मंगलसूत्र पहन सकेंगी। बच्चों के जन्म पर उनका नामकरण संस्कार भी हो सकेगा। यूपी के अपर मुख्य सचिव गृह यानी एसीएस अवनीश अवस्थी ने कहा कि योगी सरकार पॉजिटिव दिशा में काम करना चाहती है। जेल मैन्युअल में बदलाव के पीछे का मकसद हर स्तर पर सुधार करना है। कुछ ऐसे नियम, जो अब किसी काम के नहीं थे, उन्हें भी खत्म किया गया है।

### एयरपोर्ट पर आपका चेहरा ही होगा बोर्डिंग पास

**नई दिल्ली।** दिल्ली और बेंगलुरू एयरपोर्ट ने घरेलू यात्रियों के फेशियल रिकग्निशन (एफआर) के लिए एक ऐप डिजियात्रा लॉन्च किया है। इस ऐप के लॉन्च होने से अब यात्रियों को एयरपोर्ट पर एंट्री में होने वाली परेशानियों से निजात मिलेगी। अभी ऐप का बीटा वर्जन लॉन्च हुआ है और जल्द ही इसे फुल स्केल पर पेश किया जा सकता है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के अनुसार इस ऐप की मदद से चेहरे की पहचान के आधार पर सभी चेकप्वाइंट पर यात्रियों की एंट्री होगी। एयरपोर्ट की एंट्री, सिक्योरिटी चेक और बोर्डिंग गेट तीनों जगहों पर ऐप से ही काम हो जाएगा। दिल्ली एयरपोर्ट पर अभी इसे घरेलू यात्रियों के लिए टी3 टर्मिनल पर शुरू किया गया है।

### आतंकियों ने शोपियां के सेब बागान में दो भाइयों को गोली मारी, एक की मौत

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर में एक बार फिर टारगेट किलिंग का मामला सामने आया है। शोपियां में मंगलवार को आतंकियों ने दो भाइयों पर फायरिंग कर दी। इसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल है। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार छोटेपोरा इलाके में दोनों भाई सेब के बागान में काम कर रहे थे। इस दौरान वहां कुछ आतंकी आए और फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से एक भाई की मौत हो गई। उसकी पहचान सुनील कुमार भट्ट के रूप में हुई है। वह चार बेटियों के पिता थे। वहीं, उनका भाई पीतांबर नाथ पंडित उर्फ पिंटू कुमार गंभीर रूप से घायल है, उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## देश के प्रसिद्ध उद्योगपति प्रदीप मोहंती सपत्नी अम्मा से मिले, हुई लंबी बातचीत

# अमृता हॉस्पिटल को भी निजी एयरक्रॉफ्ट की इमरजेंसी सेवाएं देंगे प्रदीप मोहंती

### समाजहित में स्लेजहैमर समूह के एमडी प्रदीप मोहंती की एक और नई कवायद

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**देश** के शीर्ष उद्योगपति घरानों में शुमार प्रदीप मोहंती एक विश्वविख्यात नाम है। दुनिया के 120 से अधिक देशों में अपने कारोबार का विस्तार कर चुके स्लेजहैमर समूह के एमडी प्रदीप मोहंती ने अपनी धर्मपत्नी प्रतिमा मोहंती के साथ मां अमृतानंदमयी ट्रस्ट की प्रमुख माता अमृतानंदमयी से मुलाकात की। मोहती दंपति के साथ मां अमृतानंदमयी



स्लेजहैमर समूह के एमडी प्रदीप मोहंती अपनी धर्मपत्नी प्रतिमा मोहंती (स्लेजहैमर फाउंडेशन की वाइस चेयरपर्सन) के साथ मां अमृतानंदमयी का आशीर्वाद लेते हुए।

की मुलाकात 40 मिनट से ज्यादा समय तक चली। इस बीच माता अमृतानंदमयी ने उद्यमी प्रदीप मोहंती के संघर्षपूर्ण जीवन में झांका तो वे उनसे काफी अभिभूत हुईं। प्रदीप मोहंती-प्रतिमा मोहंती की परोपकार भावना, समाजहित में किए जा रहे अनेकों अनेक कार्यों से वे गद्गद् थीं। स्लेजहैमर फाउंडेशन की उपाध्यक्ष प्रतिमा मोहंती ने माता को फाउंडेशन

**अम्मा से हुई लंबी बातचीत के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हुई चर्चा**

द्वारा किए जा रहे पुनीत कार्यों से भी अवगत कराया।

इस वार्ता के बीच प्रदीप मोहंती ने बताया कि उनके पास निजी एयरक्रॉफ्ट है, जिसका वे देश को मेडिकल इमरजेंसी सेवाएं, बड़ी आपदाताओं में राहत एवं बचाव कार्यों में प्रयोग करना चाहते हैं। यह बात सुन माता अमृतामंदमयी ने मोहंती दंपति की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। प्रदीप मोहंती ने उन्हें बताया कि डीजीसीए को हमने इसके लिए आवेदन किया है, अभी कुछ औपचारिकताएं बाकी हैं, जिनके पूरा होते ही वे एयरक्रॉफ्ट की मेडिकल इमरजेंसी व जीवनरक्षी आपदाओं में नि:शुल्क सेवाएं देंगे। उन्होंने कहा कि अमृता हॉस्पिटल के लिए भी आवश्यक मेडिकल इमरजेंसी के लिए उनका एयरक्रॉफ्ट एयरएंबुलेंस की भूमिका में काम करता दिखाई देगा। विदित हो, समाजहित के तमाम कार्यों में प्रदीप मोहंती की यह एक और नई पहल जल्द ही मूर्त रूप हासिल करेगी। यह सुनकर माता अमृतानंदमयी ने प्रदीप मोहंती व प्रतिमा मोहंती को गले से लगाकर खूब प्यार किया। उन्हें खूब आशीर्वाद दिया। प्रसाद और प्रतीकचिह्न भी सौंपा। माता अमृतानंदमयी ने मोहंती दंपति को उनसे लगातार संपर्क में रहने और मिलने के लिए कहा।

बता दें, फरीदाबाद के ग्रेटर फरीदाबाद में 24 अगस्त को शुरू होने जा रहे अमृता हॉस्पिटल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने आ रहे हैं। 2400 बेड का यह अस्पताल 81 स्पेशल सुविधाओं वाला देश का सबसे बड़ा निजी अस्पताल होगा। दिल्ली एनसीआर के जितने भी निजी अस्पताल हैं, उनमें यह अस्पताल लोगों को न केवल बेहद सस्ते दामों पर चिकित्सीय सुविधाएं मुहैया कराएगा, बल्कि इसमें गरीबों का इलाज काफी सस्ती दरों पर होगा। सरकार की पॉलिसी के तहत छूट की श्रेणी में आने वालों का मुफ्त इलाज भी किया जाएगा।

### अमूल और मदर डेयरी का दूध दो रुपये महंगा हुआ

**नई दिल्ली।** अमूल और मदर डेयरी ने दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है। नई दरें 17 अगस्त से लागू होंगी। इससे पहले मार्च में कीमतें बढ़ाई गईं थीं। 500 मिली अमूल गोल्ड की कीमत 31 रुपये और अमूल शक्ति की कीमत 28 रुपये होगी। मदर डेयरी के भी फुल क्रीम दूध की कीमत बुधवार से 59 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 61 रुपये प्रति लीटर हो जाएगी। 1 मार्च, 2022 को अमूल और मदर डेयरी दोनों ने दूध की कीमतों में इजाफा किया था। अभी अमूल गोल्ड की कीमत 30 रुपये प्रति 500 ग्राम्र, अमूल ताजा 24 रुपये प्रति 500 ग्राम, और अमूल शक्ति 27 रुपये प्रति 500 ग्राम है। वहीं मदर डेयरी के फुल क्रीम दूध की कीमत अभी 59 रुपये प्रति लीटर है। टोंड दूध 49 रुपये, डबल टोंड दूध 43 रुपये और गाय के दूध की कीमत 51 रुपये है।

# ब्रेक फेल होने से आईटीबीपी की बस खाई में गिरी, सात जवानों की मौत

## बस में 41 जवान सवार थे, अमरनाथ ड्यूटी से लौट रहे थे

**एजेंसी।** जम्मू

**कश्मीर** के पहलगाम में मंगलवार सुबह 11.10 बजे भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) की एक बस 100 फीट गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में सात जवानों की मौत हो गई। बस में आइटीबीपी के 39 और जम्मू कश्मीर पुलिस के दो जवान सवार थे। हादसे का कारण बस का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। सभी जवान अमरनाथ यात्रा से ड्यूटी कर लौट रहे थे।

जवान अमरनाथ यात्रा के स्टार्टिंग पॉइंट चंदनवाड़ी से पहलगाम आ रहे थे। बीच में ही ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और बस खाई में जा गिरी। स्थानीय अधिकारियों ने बताया है कि घायल कर्मियों को अस्पताल पहुंचाने के लिए बड़े पैमाने पर बचाव अभियान शुरू किया गया है।

अनंतनाग के डिप्टी कमिश्नर डॉ. पीयूष सिंगला ने बताया कि जीएमसी अनंतनाग, जिला अस्पताल अनंतनाग और एसडीएच सीर में घायल जवानों का इलाज किया जा रहा है। हादसे की खबर मिलते ही 19 एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा गया था।

आईटीबीपी के डीजी एसएल थाओसेन ने बताया कि हादसे में सात जवानों की जान चली गई है। गंभीर रूप से घायल आठ जवानों को इलाज के लिए श्रीनगर ले जाया गया है। बाकी का इलाज अनंतनाग के एक अस्पताल में चल रहा है। वहीं जम्मू-कश्मीर के डीआईजी रनबीर सिंह के मुताबिक गंभीर घायल जवानों को श्रीनगर के 92 बेस हॉस्पिटल में लाया गया है। बाकी जवानों की हालत स्थिर है।

मरने वाले आइटीबीपी जवानों के नाम हेड कॉन्स्टेबल दुला सिंह (तरन तारन, पंजाब), कॉन्स्टेबल अभिराज (लखीसराय, बिहार), कॉन्स्टेबल अमित के (एटा, यूपी), कॉन्स्टेबल डी. राज शेखर (कडपा, आंध्र प्रदेश), कॉन्स्टेबल सुभाष सी बैरवाल (सीकर राजस्थान), कॉन्स्टेबल दिनेश बोहरा (पिथौरागढ़, उत्तराखंड) और कॉन्स्टेबल संदीप कुमार जम्मू के रूप में हुई है।

हादसे के चश्मदीद आइटीबीपी के हेड कांस्टेबल ने बताया कि वह अपने 40 साथियों के साथ सुबह अमरनाथ यात्रा के पोशपथरी कैंप से निकला था। हमारी बस करीब 11 बजे पहलगाम में फ्रिसलाना के पास पहुंची। एक मोड़ पर अचानक ड्राइवर ने चिल्लाकर कहा कि बस का ब्रेक नहीं लग रहा है। ब्रेक फेल हो गए हैं। कुछ सेकेंड बाद ही बस मोड़ से गहरी खाई में गिर गई। इसके बाद कुछ समझ ही नहीं आया कि क्या हो रहा है।' उसने खुद को खाई में बस के हिस्से में खुद को फंसा पाया। वे अभी अनंतनाग के सरकारी मेडिकल कॉलेज में एडमिट हैं।



### बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर से 10 राज्य हुए बेहाल

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में मानसून कहर बरपा रहा है। भारी बारिश के चलते मध्य प्रदेश के पांच जिलों भोपाल, सीहोर, बैतूल, रायसेन और नर्मदापुरम में सभी स्कूल बंद कर दिए हैं। यूपी के लखनऊ में तेज हवा और बारिश से बड़े इमामबाड़ा की बुर्जी गिर गई। हिमाचल के लाहौल स्पीति में चंद्रभागा में पानी खतरनाक स्तर तक पहुंच गया, तो कुल्लू के सोलंग नाले में दो लोग बह गए। ओडिशा के कालाहांडी में बाढ़ जैसे हालात हैं। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी इलाकों में बारिश से कठुआ में उझ नदी में बाढ़ आ गई है। बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर की वजह से मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और उत्तरी महाराष्ट्र के इलाके में अगले दो दिन बारिश का दौर लगातार जारी रहेगा। मौसम विभाग ने दिल्ली, हिमाचल, बिहार, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, चंडीगढ़, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक सहित कई राज्यों में अलर्ट जारी किया है।

# गुजरात में 2000 करोड़ की एमडी ड्रग्स बरामद

## एटीएस ने वडोदरा की फैक्ट्री से 200 किलो ड्रग जब्त किया

### मुंबई पुलिस ने अंकलेश्वर से भी पकड़ी 516 किलो ड्रग

**एजेंसी।** वडोदरा

**समुद्री** रास्ते से गुजरात में ड्रग्स की सप्लाई के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं, लेकिन अब राज्य में दो अलग-अलग जगहों से 716 किलो एमडी ड्रग बरामद की गई है। बरामद ड्रग की कीमत 2000 करोड़ रुपये आंकी गई है। गुजरात ने वडोदरा से 200 किलो, जबकि मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने भरूच के अंकलेश्वर से 516 किलो ड्रग्स का जखीरा बरामद किया है।

वडोदरा में जिस फैक्ट्री से प्रतिबंधित एमडी ड्रग्स पकड़ी गई है, वहां इसे अवैध रूप से बनाया जा रहा था। एटीएस ने मोक्षी गांव में इस फैक्ट्री से बरामद 200 किलो ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1000 करोड़ रुपये के करीब बताई है। एटीएस के डीआइजी दीपेन भद्रन ने बताया कि जब्त की गई ड्रग्स करीब छह महीने पहले तैयार की गई थी। इस बात की पूरी संभावना है कि एक बार में ही काफी मात्रा में ड्रग्स तैयार की गई हो, जिसे देश के अलग-अलग हिस्सों में सप्लाई कर दिया गया हो।

इधर मुंबई पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल ने गुजरात के ही भरूच जिले में अंकलेश्वर से 513 किलो एमडी ड्रग बरामद की है। नारकोटिक्स सेल की वर्ली ब्रांच ने इस मामले में एक महिला समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बरामद की गई ड्रग की कीमत एक हजार 26 करोड़ बताई है। पुलिस के मुताबिक, पकड़े गए सभी लोग एक गिरोह का हिस्सा हैं। इनसे पूछताछ कर ड्रग की सप्लाई चेन के बारे में पता लगाने की कोशिश की जा रही है। दीपेन भद्रन ने बताया, गुप्त सूचना मिली थी कि वडोदरा की सावली तहसील के पास ड्रग्स का बड़ा जत्था है। एटीएस ने सोमवार को मोक्षी गांव की इस फैक्ट्री में छापा मारा। वहां ड्रग्स का जखीरा तो मिला ही, यह भी पता चला कि केमिकल बनाने की आड़ में एमडी ड्रग तैयार की जा रही थी। इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। जांच के बाद ही पूरी जानकारी सामने आ पाएगी।



### क्या होती है मेफेड्रोन पार्टी ड्रग्स?

**मिथाइलीनन** डाइऑक्सी मेथैमफेटामाइन और मेफेड्रोन को कई नामों से बेचा जाता है। लगभग हर देश में इसके कोड नेम हैं। इस ड्रग्स को सूंघकर और पानी में मिलाकर भी लिया जाता है। नशे के बाजार में इस तरह की एक ग्राम ड्रग की कीमत एक हजार से 25000 रुपये तक है। नशा करने वालों के बीच इसके और भी कोड नेम हैं। इसे लेने के बाद दिमाग में नशा चढ़ता है। मदहोशी आती है। ज्यादा मात्रा में एक साथ लेने पर यह जान के लिए खतरा तक बन सकती है।

### 'म्याऊं-म्याऊं ड्रग' भी कहलाती है मेफेड्रोन

**मेफेड्रोन** को आमतौर पर 'म्याऊं-म्याऊं' के नाम से जाना जाता है। रेव पार्टियों में नशे के लिए इसका इस्तेमाल होता है। म्याऊं-म्याऊं का नाइजीरिया और अफगानिस्तान में सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। पार्टी ड्रग्स के तौर पर इसका भारत में भी इस्तेमाल होने के मामले सामने आ चुके हैं। रेव पार्टी में पहले एलएसडी यानी लिसर्जिक एसिड डायइथाइलअमाइड का इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन ड्रग्स के लिए कड़े कानून बनने के बाद एमडीएमए और मेफेड्रोन का नशा ज्यादा प्रचलित है।

### तुमकुरु में सावरकर के पोस्टर फाड़े गए धारा 144 लागू

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में पोस्टर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। यहां के तुमकुरु शहर में मंगलवार को वीर सावरकर के पोस्टर फाड़े गए। इससे पहले सोमवार को शिवमोगा शहर में सोमवार को दो गुटों में झड़प हुई थी। यहां के अमीर अहमद सर्कल में हिंदू संगठन के लोगों ने वीर सावरकर का पोस्टर लगाया था। इसके बाद टीपू सुल्तान सेना ने विरोध किया और अपना झंडा लेकर पहुंच गए। इन्होंने टीपू सुल्तान के पोस्टर लगाने की कोशिश की। विवाद रोकने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। बाद में सावरकर की तस्वीर भी हटा दी गई। इलाके में तनाव को देखते हुए पूरे शहर में धारा 144 लगा दी गई है।

### गुरुग्राम में इनोवा कार पर पलटा ट्रॉला, चार इंजीनियरों की मौत

**गुरुग्राम।** दिल्ली-जयपुर हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रॉला इनोवा कार पर पलट गया। हादसे में एक लड़की सहित चार आइटी इंजीनियरों की मौत हो गई है, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। नोएडा की एक मल्टीनेशनल कंपनी में कार्यरत दीपक, आदर्श कुमार, मुस्कान, कुमारा पुजीत, प्रियंका, जसनौर सिंह मंगलवार तड़के करीब तीन बजे इनोवा में जयपुर से दिल्ली आ रहे थे। हाईवे पर गांव सिधरावली के कट के पास अचानक मक्का से भरा एक ट्रॉला दिल्ली की तरफ से रॉन्ग साइड में आकर इनोवा कार पर पलट गया। कार पिचक गई और सवार उसमें फंस गए। मशक्कत के बाद कार से उन्हें बाहर निकाला। दीपक, आदर्श कुमार, मुस्कान तिवारी, कुमारा पुजीत की मौके पर मौत हो गई, जबकि प्रियंका, जसनौर सिंह घायल थे, जिन्हें गुरुग्राम के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद आरोपी ट्रॉला चालक मौके से फरार हो गया। बिलासपुर थाना पुलिस ने ट्रॉला चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। हादसे का शिकार हुए सभी छह लोग दोस्त थे और नोएडा की मल्टीनेशनल कंपनी में वर्किंग थे। स्वतंत्रता दिवस के बीच तीन दिन की छुट्टी को एंजॉय करने के लिए सभी राजस्थान के उदयपुर गए थे। यूपी नंबर की कार को दीपक ड्राइव कर रहा था।

## नीतीश कैबिनेट में मिथिलांचल से 10 मंत्री सीएम ने गृह विभाग अपने पास रखा

**एजेंसी।** पटना

**बिहार** में 10 अगस्त को आठवीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले नीतीश कुमार ने एक हफ्ते के भीतर मंत्रिमंडल विस्तार कर दिया। मंगलवार यानी 16 अगस्त को 31 कैबिनेट मंत्रियों ने शपथ ली। मंत्री बनने वाले कुल 31 विधायकों में आरजेडी से सबसे ज्यादा 16, जेडीयू से 11, कांग्रेस से दो, हम से एक और एक निर्दलीय शामिल है।

वजन के लिहाज से देखें तो ज्यादातर बड़े विभाग जेडीयू के पास हैं। मुख्यमंत्री ने गृह, सामान्य प्रशासन समेत पांच विभाग अपने पास रखे हैं। वित्त जेडीयू के विजय चौधरी को दिया गया है। तेजस्वी को स्वास्थ्य, पथ निर्माण, नगर विकास और ग्रामीण कार्य का जिम्मा मिला है। लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग सौंपा गया



है। कांग्रेस के 19 में से दो विधायक मंत्री बने हैं। उन्हें भी पंचायती राज, मत्स्य और पशुपालन जैसे विभाग दिए गए हैं। नीतीश की नई कैबिनेट में पिछड़े-दलितों को पिछली बार से ज्यादा मौका मिला, तो अगड़ी जातियों के मंत्रियों की संख्या में कमी आई। सबसे ज्यादा 8 यादव मंत्री कैबिनेट में हैं। पिछड़ी और अति पिछड़ी कैटेगरी (ओबीसी-ईबीसी) से सबसे ज्यादा 17, दलित वर्ग से 5 और मुस्लिम समुदाय से 5 चेहरे लिए गए हैं। एनडीए सरकार में अपर कास्ट के 11 मंत्री थे, जो इस बार घटकर 6 हो गए हैं। तब 13 ओबीसी-ईबीसी और 2 मुस्लिम चेहरे मंत्रिमंडल में शामिल थे।

### नीतीश के पालाबदल के बाद पार्टी में बड़े बदलाव करेगी भाजपा

**नई दिल्ली।** बिहार में राजनीतिक घटनाक्रम का असर दिल्ली तक दिख रहा है। एक तरफ पटना में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की सरकार का कैबिनेट विस्तार हुआ है तो वहीं दिल्ली में मंगलवार को भाजपा बैठक कर रही है। बिहार भाजपा की कोर कमिटी की बैठक में होम मिनिस्टर अमित शाह भी पहुंचे हैं। भाजपा सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में नए प्रदेश अध्यक्ष को लेकर भी बात हो सकती है। इसके अलावा पार्टी विपक्ष में कैसे काम करेगी इस पर भी मंथन चल रहा है। यही नहीं विधानसभा और विधानपरिषद में नेता विपक्ष के चयन को लेकर भी बात होनी है।

इस बैठक में होम मिनिस्टर अमित शाह के अलावा जेपी नड्डा भी मौजूद हैं। वहीं बिहार भाजपा के सीनियर नेताओं को भी दिल्ली बुलाया गया है। इन नेताओं में सुशील मोदी, अश्विनी चौबे, गिरिराज सिंह, शाहनवाज हुसैन शामिल हैं।

# आजादी के अमृत महोत्सव समारोह में कवियों ने बांधा समां

## आईपीएस डॉ. राजश्री की पुस्तक 'दिल से खाकी' का हुआ विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**इंस्टिट्यूट** ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की फरीदाबाद शाखा ने स्वतंत्रता दिवस पर आजादी के अमृत महोत्सव समारोह को धूमधाम से मनाया। यह कार्यक्रम फरीदाबाद स्थित आइसीएआइ भवन में आयोजित किया गया था। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल थे। शाखा के चेयरमैन सीए हर्ष कुमार मित्तल ने मुख्य अतिथि को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। मौके पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें अंतरराष्ट्रीय कवि दिनेश रघुवंशी ने न केवल मंच संचालन किया बल्कि उन्होंने अपनी देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं से उपस्थित लोगों को जोश में भर दिया। इससे पहले मुख्य अतिथि विपुल गोयल, शाखा के चेयरमैन हर्ष कुमार मित्तल, शाखा सचिव सीए राजेंद्र सिंह ढिल्लो ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि विपुल गोयल ने कहा ने उपस्थित मेम्बरों एवं




विद्यार्थियों को अपने प्रोफेशन की गरिमा को बनाए रखने और एक अच्छा नागरिक तथा देश भक्त बनने के लिए प्रेरित किया।

इस समारोह में आइपीएस डॉ. राजश्री सिंह, आईजी, अपराध गुरुग्राम) के अलावा डॉ. प्रताप चौहान, (फाउंडर, जीवा आयुर्वेदा) विशिष्ठ अतिथि थे। इसी कार्यक्रम में आइपीएस डॉ. राजश्री सिंह की नई पुस्तक 'दिल से खाकी' का भी विमोचन किया गया। इस अवसर पर सीए विपिन शर्मा, एक्स ओफ्फिसिओ मेंबर, फरीदाबाद ब्रांच, सीए नितेश पराशर, वाईस चेयरमैन सीए मोहित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सीए संदीप शर्मा, सीए संजय गुप्ता, सीए कनिका गुप्ता, सीए मनुज गर्ग, सीए शिव भारद्वाज और एग्जीक्यूटिव मेंबर्स द्वारा उपस्थित कवि दिनेश रघुवंशी, डॉ. प्रवीन शुक्ला, डॉ कीर्ति काले, सुन्दर कटारिया, डॉ. अनिल अग्रवंशी को ग्रोइंग प्लांट देकर उनका स्वागत किया। प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. कीर्ति काले ने अपनी सुरीली कविताओं से अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम में सीए विजय कुमार गुप्ता, सीए दीपक गर्ग, सीए प्रदीप महापात्रा, सीए तजेन्दर भरद्वाज, सीए राजेश कुमार खंडेलवाल, सीए अरविन्द गुप्ता, सीए संतोष कुमार अग्रवाल, सीए गौतम गोयल, सीए दिनेश कुमार अग्रवाल, सीए सुधीर चौधरी, सीए नीरज मित्तल, सीए भूपेंदर सिंह यादव, सीए रामलाल बोरर, सीए डीसी गर्ग, सीए अमित कुमार पुनियानी, सीए नरेंदर गुप्ता, सीए मधुसूदन लड्ढा भी मौजूद थे।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 32.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 26.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- मुख्यमंत्री करेंगे मां अमृतामयी हॉस्पिटल का दौरा : सुबह 8.30 बजे
- शहीद मनोज भाटी के घर सीएम देंगे श्रद्धांजलि : सुबह 9.30 बजे
- सेक्टर-12 में सक्षम यूनियन का प्रदर्शन : सुबह 10 बजे
- शहर में विभिन्न स्थानों पर वैक्सीनेशन : सुबह नौ बजे
- बीके अस्पताल की ओपीड़ी शुरू : सुबह आठ बजे

**निवेश गुरु**

**एलआईसी** में निवेश करने पर लाइफ कवर मिलता ही है, साथ में मेच्योरिटी पर अच्छा रिटर्न भी मिल जाता है. इसकी सबसे खास बात यह है कि इसमें लगाया गया पैसा डूबता नहीं है, क्योंकि सरकार जमा राशि पर सरकार सॉवरेन गारंटी देती है। एलआईसी का एक सिंगल प्रीमियम, नॉन पार्टिसिपेटिंग, यूनिट-लिंक्ड और व्यक्तिगत जीवन बीमा है। इसके तहत पॉलिसी की अवधि के दौरान बीमा और निवेश का भी विकल्प देता है। इस पॉलिसी का लाभ उठाने वाले को बेसिक सम एश्योर्ड चुनने की भी सुविधा मिलती है। इस प्लान में 4 तरह के फंड हैं, जो कि बॉन्ड फंड, सिक्योर्ड फंड, बैलेंस्ड फंड और ग्रोथ फंड है। इनमें से आप अपनी इच्छा अनुसार निवेश कर सकते हैं। इसके अलावा प्लान को ऑफलाइन और ऑनलाइन खरीद सकते हैं।

**यूटीलिटी न्यूज**

## सौर ऊर्जा पम्प पर 75 प्रतिशत अनुदान

**फरीदाबाद।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा किसानों को 3 से 10 हॉर्स पावर (एचपी) तक के सौर ऊर्जा पम्प 75 प्रतिशत अनुदान पर देगा। इस योजना के तहत पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर लाभार्थियों को सौर ऊर्जा पम्प दिए जाएंगे। जो किसान सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम लगवाना चाहता है वह सरल हरियाणा पर 23 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। यह जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा द्वितीय चरण में 3 एचपी, 5 एचपी, 7.5 एचपी व 10 एचपी के पूरे हरियाणा में लगभग 20 हजार सौर ऊर्जा पंप 75 प्रतिशत अनुदान पर दिए जाएंगे।

**क्विक न्यूज**

## जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप


सत्यवीर धनखड़।

**फरीदाबाद।** जिला एथलेटिक संघ फरीदाबाद के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन सैक्टर 12 खेल परिसर फरीदाबाद में किया जाएगा और जिले के एथलीट खिलाड़ी दौड़ इवेंट, जंप इवेंट और थ्रो इवेंट में अपना दमखम दिखाएंगे। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 14,16,18 और 20 साल तक की आयु वर्ग के लड़के और लड़कियां भाग लेंगी। प्रतियोगिता के पदक विजेता खिलाड़ी 20-21 अगस्त को रोहतक में आयोजित हो रही नार्थ जोन हरियाणा ओपन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में राजीव गांधी स्टेडियम रोहतक में जिले की तरफ से भाग लेंगे।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

**नज़रिया**



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

बहुत कहना तो चाहे हैं मगर कहने से डरते हैं
गुज़रते वक़्त से भी कब यहाँ ये ज़ख़्म भरते हैं
बड़ी तकलीफ़ होती है यहाँ जीने की ख़्वाईश में
मगर ख़्वाईश में जीने की यहाँ हर रोज़ मरते हैं

# स्मार्ट सिटी : एक हजार करोड़ खर्च पर मेनहॉल ढक्कन के पैसे नहीं हैं?

### आरएमसी रोड निर्माण में रूचि है पर मेनहॉल के ढक्कन लगाने में नहीं

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल शहर को स्मार्ट सिटी बनाने का सपना देख रहे हैं। जिसके तहत शहर को स्मार्ट बनाने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार की तरफ से करीब एक हजार करोड़ रुपये खर्च भी किये जा रहे हैं। लेकिन नगर निगम और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की लापरवाही से शहर स्मार्ट से ज्यादा डेथ सिटी बनता जा रहा है। जिससे लगता है कि संबंधित अधिकारी सरकार की योजना को पलीता लगाने में जुटे हुए हैं। शहर भर में जहां देखों वहीं सीवर के मेनहॉल के ढक्कन या तो टूट चुके हैं या फिर गायब हैं। यहां तक कि नगर निगम मुख्यालय से मात्र 100 मीटर दूरी पर भी एक मेनहॉल पिछले करीब 15 दिनों से खुला पड़ा है। वहीं करीब 102 करोड़ रुपये की लागत से बनी पैरिफेरल रोड पर भी कई जगह सीवर के खुले मेनहॉल दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। निगम अधिकारी विधायक के कहने पर पैरिफेरल रोड को तारकौल की जगह सीमेंट का बना सकते हैं। लेकिन शहर के गणमान्य लोगों के कहने पर सीवर के मेनहॉल पर ढक्कन नहीं लगा सकते। जिससे साफ है कि नगर निगम के अधिकारी सरकार की छवि को धूमिल करने का हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं।


निगम मुख्यालय से चंद कदमों की दूरी पर खुला मेनहॉल।


थाना सारन के निकट टूटा हुआ सीवर का मेनहॉल।

### मेनहॉल के ढक्कनों की अनदेखी क्यों

**सीवर** के खुले मेनहॉलों के कारण शहर में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। यहां तक कि सीवर के खुले मेनहॉल की वजह से कई लोगों की गिरकर जान तक जा चुकी है। लेकिन इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारी अथवा जनप्रतिनिधि इस समस्या को गंभीरता से लेने को तैयार नहीं है। जबकि दूसरी तरफ सड़क सुरक्षा संगठन और रोटरी क्लब द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए पिछले दिनों लोगों को चेतनाने के लिए सीवर के खुले मेनहॉलों पर लाल झंडे भी लगाए गए थे। ताकि वाहन चालकों को खुले मेनहॉल दूर से नजर आ जाए और वे हादसे का शिकार न हों। ऐसा नहीं है कि इस बारे में निगम अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को पता नहीं है। आरएसओ और रोटरी क्लब द्वारा खुले मेनहॉल में झंडे लगाने की खबर अखबारों में भी प्रकाशित की गई थी। लेकिन इसके बावजूद नगर निगम के अधिकारियों ने खुले मेनहॉल में ढक्कन लगाने की जरूरत महसूस नहीं की। जबकि आरएसओ और रोटरी क्लब द्वारा लगाए गए झंडों को कबाड़ी जरूर उठा ले गए हैं।

### लोगों की जान की परवाह नहीं


बाटा फ्लाइओवर के पास खुला मेनहॉल का ढक्कन।

**बड़खल** विधानसभा क्षेत्र में बनाया गया पैरिफेरल रोड निर्माण शुरू होने के साथ ही विवाद में आ गया था। जिसकी जांच प्रदेश सरकार द्वारा स्टेट विजिलेंस से कराई जा रही है। पिछले दिनों एनआइटी 86 विधानसभा क्षेत्र के विधायक नीरज शर्मा ने पैरिफेरल रोड घोटाले का मामला विधानसभा क्षेत्र में उठाया था। जिसके जवाब में सीएम मनोहरलाल ने कहा था कि इस मामले की जांच विजिलेंस से कराई जा रही है, जो जल्दी ही पूरी हो जाएगी। उसी दौरान बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने कहा था कि निगम अधिकारियों ने उनके कहने पर ही पैरिफेरल रोड को तारकौल की जगह आरएमसी की बनाई है। उनके कहने पर निगम अधिकारियों ने पैरिफेरल रोड का निर्माण तो आरएमसी से तुरंत कराना शुरू कर दिया। लेकिन उनके विधानसभा क्षेत्र में जगह-जगह खुले सीवर के मेनहॉल की तरफ निगम अधिकारी ध्यान देने की जरूरत ही महसूस नहीं कर रहे हैं। इससे साफ है कि निगम अधिकारियों को लोगों की जान की जरा भी परवाह नहीं है। उनकी रूचि सिर्फ अपने निजी स्वार्थ की तरफ रहती है।

### निगम मुख्यालय के पास मौत के कुएं

**नगर** निगम मुख्यालय से मात्र 100 मीटर की दूरी तरफ स्थित मेट्रो मोड़ के पास पिछले करीब 15 दिन से सीवर का मेनहॉल खुला पड़ा है। जिसमें से सीवर का गंदा पानी तो ओवरफ्लो होता ही है। साथ ही इसकी वजह से दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। क्यों मेट्रो मोड़ शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में शामिल है। लगातार शिकायत करने के बावजूद निगम अधिकारी यहां ढक्कन लगाने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। यहां से करीब 200 मीटर की दूरी पर वैष्णो देवी मंदिर के पास भी पिछले कई दिनों से ढक्कन टूट जाने से सीवर का मेनहॉल खुला पड़ा है। निगम की लापरवाही से मंगलवार सुबह एक स्कूटी चालक मेनहॉल की वजह से गिरकर घायल हो गया।

यहां से करीब एक किलोमीटर दूर बाटा रेलवे फ्लाईओवर के पास एक के बाद एक दो सीवर के मेनहॉल खुले पड़े हैं। निगम कर्मचारियों ने कई महीने पहले सीवर की सफाई के बाद यहां ढक्कन नहीं लगाया है। थाना सारन के पास सीवर के टूटे मेनहॉल से हादसे का खतरा बना रहता है। यह तो सिर्फ उदाहरण है, शहर में सभी जगह यहीं हालत है।

### कार्रवाई के अभाव में लापरवाही



**समाजसेवी** धर्मपाल कुकरेजा का कहना है कि निगम अधिकारियों की जिम्मेदारी तय न होने के कारण ही लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। आला अधिकारियों को मेनहॉल के ढक्कनों की सामाग्री की जांच करानी चाहिए। अधिकारियों की ड्यूटी फील्ड में लगाने की जरूरत है। हर वार्ड में समस्याओं की निगरानी और समाधान के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगानी चाहिए। कार्रवाई के अभाव में ही संबंधित अधिकारी व कर्मचारी लापरवाही कर रहे हैं।

# मैं हूं भारत नाटक के साथ सम्पन्न 75 दिवसीय इवेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


सेक्टर 12 टाउन पार्क में 75 दिवसीय मेंगा इवेंट के समापन अवसर पर नाटक मैं हूं भारत का मचन करते कलाकार।

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत फरीदाबाद में आयोजित किए गए 75 दिवसीय मेगा इवेंट का सोमवार रात को समापन हुआ। मैं हूं भारत नाटक के साथ इवेंट का समापन किया गया। नाटक में भारत के इतिहास व आजादी के अनेक पहलु दिखाया गया।

संभार्य फाउंडेशन से सर्वोदय फाउंडेशन व नगर निगम फरीदाबाद के साथ मिलकर फरीदाबाद में 75 दिवसीय मेगा इवेंट का आयोजन किया। आजादी का अमृत महोत्सव के तहत यह इवेंट दो जून को शुरू किया था और 15 अगस्त की रात को इसका समापन किया। इवेंट के दौरान हर शनिवार व रविवार नाटक व म्यूजिक नाइट आयोजित की गई। इस दौरान कई बॉलीवुड कलाकारों के नाटकों का भी मंचन किया गया। बाकी दिनों में शहर के अलग - अलग क्षेत्रों में जाकर लोगों को नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से अलग - अलग विषय पर जागरूक करने का काम किया। इवेंट के समापन अवसर पर 14 अगस्त को सेक्टर 12 स्थित टाउन पार्क में म्यूजिक नाइट आयोजित की गई, जिसमें देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। 15 अगस्त की शाम को नाटक मैं हूं भारत का मंचन किया गया। नाटक में देश के इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम व देश के लिए बलिदान देने वाले महापुरुषों का संघर्ष दिखया गया। सम्राट अशोक, पृथ्वीराज चौहान, महाराणा प्रताप, शिवाजी, लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के अलावा देश पर कुर्बान होने वाले अन्य वीरों की कहानी नाटक में दिखाई गई।

नाटक का लेखन अभिषेक देशवाल व निर्देशन आदित्य कृष्णमोहन ने किया। संभार्य फाउंडेशन के डायरेक्टर अभिषेक देशवाल ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत फरीदाबाद में देश का सबसे बड़ा इवेंट आयोजित किया है, जिसका समापन सोमवार रात को हुआ है। उन्होंने बताया कि इवेंट में जुनेजा फाउंडेशन, फरीदाबाद इंडस्ट्रीज असोसिएशन, एसीई कंपनी, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद हेरिटेज, रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद अर्थ, हरियाणा कला परिषद, एनजेडसीसी, कला व सांस्कृतिक विभाग का सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि इवेंट में हमने फरीदाबाद के लगभग 2 लाख लोगों को अपने साथ जोड़ा है।

# शिक्षित बेटी डॉ. आदिति वत्स ने किया ध्वजारोहण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


सेक्टर 12 में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर खुशी मनाते सेक्टर 55 राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चे, अध्यापक व अतिथिगण।

**राजकीय** मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 55 के प्रांगण में हर घर तिरंगा की मुहिम में स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह मनाया गया। सर्वप्रथम क्षेत्र की सबसे पढ़ी लिखी बेटी डॉ. अदिति वत्स ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सम्मान दिया। आजादी के पावन पर्व पर क्षेत्र के माननीय अतिथि गण और शिक्षक गण उपस्थित रहे। इनमें मुख्यत: रोटरी क्लब फरीदाबाद व आरडब्लूए सेक्टर 55 के सदस्य उपस्थित रहे।

छात्रों ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति से भरपूर व लोक गीतों पर नृत्य किया। ए मेरे वतन के लोगों, ए वतन - ए वतन आदि गीतों ने मन मोह लिया। कक्षा एक से कक्षा पांचवीं के छोटे बच्चों का कार्यक्रम अति सराहनीय रहा। पूरे स्कूल को तिरंगे झंडों और गुब्बारों से सजाया गया था। सारा वातावरण देशभक्ति के गीतों से गूंज रहा था। कार्यक्रम के बाद तालियों की गूंज ने प्रतिभागियों का मनोबल और उत्साह को बढ़ाया। इसी वक्त कार्यक्रम चल ही रहा था कि विद्यालय को एक खुशखबरी मिली के हमारे विद्यालय ने सेक्टर-12 स्थित जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इससे विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम के अंत में अतिथि गण और प्राचार्य सतेन्द्र सोरौत ने बच्चों के कार्यक्रम की प्रशंसा की। उसके बाद छात्रों को बताया कि राष्ट्रीय ध्वज किसी भी राष्ट्र के गौरव का प्रतीक चिह्न होता है। यह देश के इतिहास, संस्कृति, सोच और सम्मान को इंगित करता है।

विद्यालय में प्राचार्य सतेन्द्र सोरौत, कुलदीप सिंह, सिकंदर सिंह, विजेंद्र सिंह, ज्योति सोरौत, नंदकिशोर, वसीम अहमद, मनीष कुमार सुनीत कुमार, अरविंद अग्रवाल, मधु लता, दर्शन लता, रोटरी क्लब से हरियाणा प्रभारी विनय भाटिया, मनोज गुप्ता, सुनील मंगला, शाखा अध्यक्ष सुनील खंडूजा आदि मौजूद थे।

# जीवा के छात्रों को सिखाई चुनाव प्रणाली की प्रक्रिया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


जीवा पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शपथ लेते टीम लीडर्स और अध्यापक।

**सेक्टर-21बी** स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में देश की चुनावी प्रक्रिया को छात्रों को समझाने के लिए एक अनूठा प्रयोग किया गया। इसके लिए विद्यालय में भारतीय चुनाव प्रक्रिया के अनुरूप ही चुनाव प्रक्रिया को अपनाया गया। चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से संसद के गठन एवं भारतीय संसद के कार्य प्रणाली को समझाने एवं उनके प्रति निष्ठावान बनने की प्रेरणा दी गई। छात्रों को लोकतांत्रिक व्यवस्था से भी अवगत कराया गया।

छात्रों को समझाया गया कि छात्रों को समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों के लिए जागरूक होना चाहिए। इसके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात है कि छात्र अपने नेचर के अनुसार अपने कार्य चुन सकें। विद्यालय में हर साल चुनाव प्रक्रिया मल्टीपल इंटेलिजेंस /नेचर टीम के आधार पर ही की जाती है।

यह चुनावी प्रक्रिया भारतीय लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया के आधार पर कई चरणों में बांटी गई। प्रथम चरण में छात्रों के मल्टीपल नेचर के आधार पर नामांकन किया फिर कक्षा प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ और अंत में टीम लीडर्स का चुनाव हुआ। यही लीडर्स विद्यालय के विशेष कार्यक्रमों में अपना योगदान भी देंगे। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने विधिपूर्वक कार्य करने की शपथ भी ग्रहण की। छात्रों का चुनाव अलग-अलग टीमों के लिए किया गया जैसे प्रोटैक्टिव, ट्रैफिक- एस्कोर्ट, विजुअल और इंटरप्रिनोरियल, प्रोवाइडिंग। इन टीम लीडर्स को एसओई प्रोजेक्ट्स के आधार पर मनोनित किया गया।

# आजादी के अमृत महोत्सव का भव्य समारोह

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



दयाल बाग स्थित सूरजकुंड इंटर नेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेंट्रल इनफारमेशन कमिश्नर सुरेश चंद्र के साथ बच्चे और टीचर।

**दयालबाग** स्थित सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल में पूरे हर्ष और उल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस के अवसर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सुरेश चंद्र (सेंट्रल इनफॉरमेशन कमिश्नर) श्रीराम रूप मीना (संसद पार्लियामेंट न्यू दिल्ली) सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डीपी भड़ाना (सीनियर एडवोकेट, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया) मुख्य निदेशक सतेंद्र भड़ाना (सीनियर एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया), इंदिरा भड़ाना (जज, डिस्ट्रिक्ट कंजूमर कोर्ट पलवल) विनोद भड़ाना, प्रधानाचार्य शुभ्रता सिंह, उप प्रधानाचार्य नंदा शर्मा अकैडमी हेड कविता शर्मा आदि ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। छात्रों ने परेड द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी एवं राष्ट्रीय गान के साथ स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य शुभ्रता सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत शाल एवं पुष्प गुच्छ देकर किया। एकता में अनेकता के रंग से सराबोर कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ किया। स्वागत गान ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विभिन्न राज्यों के लोकनृत्य जिसमें आसाम का बीहू, हरियाणवी, राजस्थानी एवं पंजाबी आदि नृत्यो ने सभी का मन मोह लिया। सूरजकुंड इंटरनेशनल स्कूल के मुख्य निर्देशक सत्येंद्र भड़ाना ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम यहां महान राष्ट्रीय पर्व आजादी का अमृत महोत्सव का जश्न मनाने के लिए एकत्र हुए हैं। भारत के महान स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा कई वर्षों तक कड़े संघर्ष के बाद ब्रिटिश शासन से आजादी मिली इस दिन हम उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हैं जिन्होंने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपनी जान कुर्बान कर दी। उप प्रधानाचार्य नंदा शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथि गण का आभार व्यक्त किया।

# स्लेजहैमर में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

### कार्यक्रम में बच्चों ने कविता और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


स्लेजहैमर फाउंडेशन में तिरंगा फहराने के बाद अतिथि, आयोजक और अध्यापक।

**देशभर** में मनाए जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सेक्टर-9 स्थित स्लेजहैमर फाउंडेशन में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। मौके पर फाउंडेशन के चेयरपर्सन प्रदीप मोहंती और वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रतिमा मोहंती के अलावा मुख्यातिथि के रूप में मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल के प्रिंसीपल जितेन्द्र परमार मौजूद रहे। सेंट जोसफ स्कूल की टीचर रूचि एवं उनके पति संजय मेहंदीरत्ता, स्लेजहैमर फाउंडेशन स्कूल की टीचर चंद्रकांता, डेजी सतीजा, दीपा, सुशीला के अलावा बच्चे और उनके अभिभावक मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराकर किया गया। इस मौके पर फाउंडेशन के नन्हे बच्चों ने राष्ट्रगीत गाया। उसके बाद कार्यक्रम में बच्चों ने कविता और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए।

जानकारी के मुताबिक स्लेजहैमर फाउंडेशन के बच्चों के लिए इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस खास रहा। क्योंकि इस वर्ष आजादी के मौके पर उन्हें बेहतर तरीके से बढ़ने के संदेश मिले, तो हर संभव सहयोग का वायदा भी मिला। जिस पर फाउंडेशन के बच्चों समेत अभिभावक भी खुश नजर आए। स्लेजहैमर फाउंडेशन में जहां एक तरफ चेयरपर्सन प्रदीप मोहंती ने बच्चों और अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक किया, वहीं उन्होंने अभिभावकों और बच्चों को आसपास रहने वाले बच्चों को भी पढ़ाई के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने पढ़ाई के दौरान आ रही दिक्कतों को समाप्त करने का हर संभव वायदा किया। वहीं बच्चों को शपथ दिलवाई कि वे हमेशा अपनी पढ़ाई के प्रति रुचि दिखाएंगे। वहीं इस मौके पर मॉर्डन बीपी पब्लिक स्कूल के प्रिंसीपल ने फाउंडेशन के बच्चों को उपहार के रूप में किताबें, स्टेशनरी और स्कूल बैग उपलब्ध करवाए। ताकि बच्चे मन लगाकर आगे की पढ़ाई कर सकें। उन्होंने डॉ. प्रतिमा मोहंती और प्रदीप मोहंती के द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की और उन्हें आगे भी बच्चों के लिए पढ़ाई से सम्बंधित सामाग्री उपलब्ध करवाने का वायदा किया। वहीं इस मौके पर डॉ. प्रतिमा मोहंती ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर बच्चे के कार्यक्रम से सभी खुश नजर आए।

# सेक्टर-75 में मनाया स्वतंत्रता दिवस


**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**बीपीटीपी** स्थित सेक्टर-75के क्यू ब्लॉक में सतत फाउंडेशन ने आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया। मौके पर चीफ गेस्ट सविता रानी, विशिष्ट अतिथि एडवोकेट कुमुम सरदाना और प्रणव कन्या संघ की इंचार्ज साध्वी मुक्ति प्रणा मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

मौके पर सतत फाउंडेशन की चेयरपर्सन सीमा भारद्वाज के अलावा फाउंडेशन के सदस्य योगेश, चेतन, प्रवीण, पूनम, रेणु, सचिन, ममता, कमलेश, विनोद, रोहित, पूजा कविता समेत अन्य सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक सतत फाउंडेशन और सेक्टर-75 क्यू ब्लॉक के सहयोग से वहां आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया। मौके पर मुख्यातिथि इंस्पेक्टर सविता रानी ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी छोटे-बड़ों को कानून में आए बदलावों की जानकारी उपलब्ध कराई। बुजुर्गों के लिए बने कानून के प्रति सभी को जागरूक किया।

**लावारिश शव की शिनाख्त को सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 12.08.2022 को रात 11:00 बजे कुछ ऑटो सवार व्यक्ति बीकेएच फरीदाबाद में आए। ऑटो में दो घायल व्यक्ति थे। उन्हें इलाज को बीके अस्पताल में ले जाया गया। कुछ देर में ऑटो सवार घायलों नाम बताए बगैर छोड़कर चले गए। एक घायल की मौत हो गई है। जिसके शव को मोर्चरी में रखा गया है। किसी के इलाका में कोई गुमशुदी दर्ज हो तो पुलिस चौकी टाउन नं.3 में निम्न नंबरों पर सूचित करे। मृतक का रंग सांवला, कद 5.7 इंच, शरीर पर चोट के निशान हैं। **डीडी नं. 23, दिनांक 14.08.2022 को सीआरपीसी की धारा 174 के तहत थाना एसजीएम में दर्ज किया गया।**

**अनुसंधान अधिकारी- 9868984242, चौकी टाउन नं. 3 - 0129-2414145,**
**चौकी इंचार्ज टाउन नं.3 - 9582200160**

# कोरोना का प्रकोप : दो लोगों की मौत और 51 नए संक्रमित

कविता। फरीदाबाद

**देशभर** में कोरोना की चौथी लहर को लेकर लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। वहीं जिले में पहली, दूसरी और तीसरी लहर की तरह ही चौथी लहर के शुरू होते ही कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौतें होनी शुरू हो गई हैं। पांच दिन के भीतर दो कोरोना पॉजिटिव मरीजों की मौत हो गई। लेकिन विभाग ने एक की भी पुष्टि नहीं की है। जबकि दोनों को पॉजिटिव घोषित करते हुए अंतिम संस्कार कोविड-19 गाइडलाइन के मुताबिक किया गया। वहीं जिले में

## जिले में हुई दो लोगों की मौत, विभाग ने आंकड़ों में छिपाया

## कोरोना : पांच दिन में 470 पॉजिटिव, 449 हुए ठीक

पिछले पांच दिनों में यानी 11 से 15 अगस्त तक 470 नए संक्रमित मिले और ठीक होने वालों में 449 मरीजों की पुष्टि की गई। वहीं मंगलवार को 51 नए संक्रमित आने और 143 के ठीक होने की पुष्टि की गई।



**दो का अंतिम संस्कार :** जिला स्वास्थ्य विभाग ने पिछले काफी समय से एक भी मरीज की मौत की पुष्टि नहीं की है। अब तक कुल 741 मृतकों की संख्या दशाई जा रही है। लेकिन सूत्रों से पता चला कि जिले में पांच दिनों के भीतर दो पॉजिटिव मरीजों का अंतिम संस्कार कोविड-19 गाइडलाइन के अनुसार किया गया है। दोनो मृतकों को एक नामचीन अस्पताल व मेडिकल कॉलेज द्वारा पॉजिटिव घोषित किया गया था। जिसमें श्रमिक विहार सेक्टर-30 निवासी 59 वर्षीय व्यक्ति को कोविड व अन्य बीमारियों के कारण एक नामचीन अस्पताल में 15 अगस्त की सुबह 7.37 मिनट पर भर्ती किया गया था। जहां उसी दिन नौ बजकर 55 मिनट पर उनकी डेथ हो गई। जिसका अंतिम संस्कार निगम द्वारा कोविड-19 नियमानुसार किया गया। वहीं जौनपुर पलवल निवासी 44 वर्षीय व्यक्ति को ईएसआई मेडिकल कॉलेज में गत 10 अगस्त को डेथ हो गई। जिनका अंतिम संस्कार 11 अगस्त को कोविड-19 गाइडलाइन के अनुसार किया गया।

**ये है आंकड़े :** जिला स्वास्थ्य विभाग ने मंगलवार को कोरोना पॉजिटिव 51 नए संक्रमित मरीजों की पुष्टि की है। जिसमें राहत की बात यह रही कि जिले में 143 रोगियों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले में रिकवरी रेट 98.97 प्रतिशत पर है। वहीं जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 644 पर पहुंच गया है। जिसमें 620 एक्टिव केस होम आइसोलेशन में हैं। वहीं 24 मरीजों को अस्पतालों में भर्ती किया गया है। जिसमें तीन ऑक्सीजन पर और सात मरीज कोरोना समेत अन्य बीमारियों से ग्रस्त भर्ती है।

# शराबी पिता ने अपने 10 वर्षीय बेटे की रस्सी से गला घोंटकर की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**बल्लभगढ़** के सीकरी गांव में मंगलवार सुबह करीब चार बजे एक शराबी पिता ने शराब के नशे में धुत होकर अपने 10 वर्षीय बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। परिजनों की तरफ से सूचना मिलते ही दलबीर सिंह, एसीपी मुजेसर, थाना प्रबंधक सेक्टर 58, इंस्पेक्टर भारतेंद्र, सीआईए डीएलएफ, एफएसएल से डॉक्टर मनीषा की टीम मौके पर पहुंचे।

पुलिस के अधिकारियों ने घटनास्थल का गहराई से मुआयना कर साक्ष्य एकत्रित किए। मृतक बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल की मोरचरी में भेज दिया गया है। क्राइम ब्रांच की टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।



हितेश की फाइल फोटो।

## दादा की शिकायत पर हत्यारोपी पिता के खिलाफ थाना सेक्टर 58 में मुकदमा दर्ज आरोपी को जल्द किया जाएगा गिरफ्तार

पुलिस थाना सेक्टर 58 में आरोपी पिता के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करके उसकी तलाश की जा रही है। जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मृतक बच्चे के दादा बीर सिंह ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह पलवल जिले के मीसा गांव के निवासी है। उसका छोटा बेटा आरोपी निखिल सीकरी में नाई की दुकान करता है। वह अपने सीकरी के प्लॉट में अपना मकान बना रहा था। उसकी उम्र करीब 30 वर्ष है और उसके दो बेटे हैं। जिनकी उम्र क्रमश: 12 तथा 10 वर्ष है। आरोपी निखिल शराब पीने का आदी है और शराब के नशे में आए दिन वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ झगड़ा करता रहता था। रात को किसी बात को लेकर उसका घर पर झगड़ा हो गया। जिसके बाद उसने शराब के नशे में धुत होकर अपनी पत्नी और बड़े बेटे के साथ मारपीट की। उसने अपनी पत्नी को कमरे में बंद कर दिया और पहले बड़े बेटे के साथ इतनी मारपीट की कि वह बेहोश हो गया।

इसके बाद 10 वर्षीय बेटे को अपने साथ लेकर चला गया और उसे सीकरी गांव में शिवराम क्लीनिक के पीछे झाड़ियों में ले जाकर कबाड़े की रस्सी से उसका गला घोंट दिया। जिससे बच्चे की मृत्यु हो गई। वारदात को अंजाम देने के पश्चात आरोपी मौके से फरार हो गया। आरोपी के पिता की शिकायत पर थाने में मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश की जा रही है। जिसे जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। बच्चे के शव का पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

# रतन कान्वेंट स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन



रतन कान्वेंट स्कूल के कार्यक्रम में चेयरमैन यशवीर डागर के साथ बच्चे और टीचर।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**रतन** कान्वेंट स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विद्यालय के प्रांगण में आयोजित कायक्रम का प्रारंभ विद्यालय के चेयरमैन यशवीर सिंह डागर ने दीप प्रज्ज्वलित कर और ध्वजारोहण के साथ किया।

उन्होंने अपने भाषण में भारत के भावी पीढ़ी को देश की स्वतंत्रता प्राप्ति की कहानी बताते हुए कहा कि हमारा देश हर क्षेत्र में हमेशा से ही अग्रणी रहा है। चाहे वह चिकित्सा क्षेत्र हो या फिर शिक्षा, खेलकूद हो या राजनीति। हम भारतवासियों से ही सदैव विश्व ने सीख ली है। बस हमें अपनी प्रतिभा को पहचान कर सही दिशा में कार्यरत रहना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रदान की। इस आयोजन में कक्षा नर्सरी से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपने देश के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। उत्सव में विद्यालय की नर्सरी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक के सभी छात्र- छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया। सर्वप्रथम कक्षा के कक्षा छठी की छात्रा गौरंगी ने मेरा मुल्क मेरा देश मेरा ये चमन गीत गाकर सभी के हृदय में देश-भक्ति हिलोर जागा दी।

# हापुड़ कोर्ट में फरीदाबाद के कैदी की गोली मारकर हत्या

**फरीदाबाद।** हापुड़ कचहरी परिसर के सामने मंगलवार को दिन-दहाड़े बाइक सवार पांच हमलावरों ने पेशी पर न्यायालय ले जाए जा रहे हिस्ट्रीशीटर की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी। इस दौरान एक हेड कांस्टेबल भी पेट में गोली लगने से और एक पुलिसकर्मी को हाथ में छर्रा लगा है, जिससे दोनों घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फरार होते वक्त हमलावर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हमलावरों की तलाश में थाना पुलिस के साथ एसओजी की टीम को लगाया गया है।



हापुड़ कचहरी के बाहर फायरिंग के बाद का दृश्य।

मुकदमे में अनगपुर निवासी 36 वर्षीय लाखन का नाम भी सामने आया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। लाखन के खिलाफ हिस्ट्रीशीटर की कार्रवाई भी की गई थी। मंगलवार को हरियाणा पुलिस में उपनिरीक्षक विजय, हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, कांस्टेबल नरेंद्र, दीपक, संदीप और चालक राजू सरकारी गाड़ी से लाखन को पेशी पर हापुड़ ला रहे थे। तभी हमला हो गया और ईएसआई ओम प्रकाश के कूल्हे में गोली फंसी हुई है और कॉन्स्टेबल दीपक के हाथों की उंगलियों में छर्रे लगे हैं। यह दोनों भी देव नंदिनी हॉस्पिटल हापुर में एडमिट हैं। जबकि लाखन की मौके पर ही मौत हो गई थी।

हापुड़ के पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर का कहना है कि वारदात का पर्दाफाश करने के लिए, थाना पुलिस और एसओजी की टीम को लगाया गया है। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर हमलावरों की तलाश की जा रही है। फिलहाल मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए रखवा दिया है, वहीं घायल पुलिस कर्मियों का इलाज चालू है।

**हत्यारोपी था मृतक :** वर्ष 2019 में थाना धौलाना क्षेत्र के गांव नंगला उदयरामपुर निवासी विजय सिंह ने अपनी पुत्री आरती और ज्योति की शादी हरियाणा के फरीदाबाद क्षेत्र के गांव अनंगपुर निवासी देवेंद्र के पुत्र सचिन और सागर के साथ 24 नवंबर 2019 को की थी। शादी वाले दिन शाम दुल्हनों की विदाई की रस्म की जा रही थी। इस दौरान बाइक सवार तीन बदमाशों ने दूल्हे के सगे चाचा फरीदाबाद के गांव अनंगपुर निवासी 40 वर्षीय सुधीर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। फायरिंग के दौरान गांव प्रधान नंगला उदयरामपुर निवासी सुशील, विजयपाल, कार्तिक और रामवीर गोली लगने से घायल हो गए थे। इस हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए बदमाशों को जेल भेजा था। इस

## एटीएम बदलकर ठगने वाले दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने एटीएम बदलकर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों में अरसद तथा रामकुमार का नाम शामिल है जो पलवल जिले के घाघोट गांव के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपियों गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश करके पांच दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। पूछताछ में सामने आया कि कई वर्षों से एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और कई बार जेल जा चुके हैं। आरोपी ज्यादातर बुजुर्ग व्यक्तियों को निशाना बनाते थे जिन्हें एटीएम चलाने की समझ नहीं होती थी। आरोपी एटीएम मशीन से पैसे निकलवाने की मदद करने के नाम पर उनके एटीएम का पिन पूछकर चुपके से उन्हें उनके एटीएम कार्ड के जैसा ही दूसरा एटीएम कार्ड दे देते थे और उस व्यक्ति का एटीएम कार्ड अपने पास रख लेते थे और बाद में उनके एटीएम से पैसे निकलवाकर फरार हो जाते थे। आरोपी गुरुग्राम में भी कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं और वहां पर भी वांछित अपराधी है। आरोपी वर्ष 2019 के धोखाधड़ी के मुकदमें में फरार चल रहे थे जिन्हें अदालत की तरफ से पीओ घोषित किया जा चुका था।

# पैकेज्ड फूड के एक्सपोर्ट को मिलेगा बढ़ावा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अल्ट्रा-प्रोसेस्ड** पैकेज्ड फूड का इस्तेमाल अप्रत्याशित रूप से बढ़ता जा रहा है, इसलिए भारत में विज्ञान आधारित फ्रंट ऑफ पैक लेबलिंग (एफओपीएल) को प्राथमिकता दी जा रही है। उद्योग के मुख्य प्रतिनिधियों और फूड निर्माताओं ने बताया कि विश्व की सर्वश्रेष्ठ विधि एफओपीएल से पैकेज्ड फूड उत्पादों, खासकर जो फूड एमएसएमई यूनिटों द्वारा बनाया जाता है, उसे दुनिया के बाजारों में एक्सपोर्ट किए, जाने को काफी बढ़ावा मिलेगा।

भारत में अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड एवं बेवरेज के लिए वृद्धि की दर सर्वाधिक है। यह फूड सामग्री अल्ट्रा-प्रोसेस्ड होने के अलावा इसमें काफी ज्यादा मात्रा में एडेड शुगर, साल्ट एवं एडिटिव्स होते हैं। 2006 से 2019 के बीच यूरोमॉनिटर सेल्स डेटा के मुताबिक पैकेज्ड जंक फूड एवं सॉफ्ट ड्रिंक्स का रिटेल मूल्य भारत में 13 सालों में 42 गुना बढ़ गया। फूड प्रोसेसिंग उद्योग, जिसे भारत सरकार रोजगार निर्माण के लिए मुख्य सेक्टर मानती है, मौजूदा समय में 200 बिलियन डॉलर का है, जो बढ़कर 500 बिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। भारत के 32 प्रतिशत फूड बाजार में 'प्रोसेसिंग उद्योग' का वर्चस्व है, इसलिए स्वादिष्ट एवं लोकप्रिय देसी स्नैक और कन्फेक्शनरी बनाने वाला विशाल एमएसएमई सेक्टर इस वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आशिम सान्याल, सीओओ, कंज्यूमर वॉइस एवं सेंट्रल एडवाईजरी कमिटी, एफएसएसएआई के तत्कालीन सदस्य ने कहा, यह देखकर खुशी होती है कि फूड इंडस्ट्री, जो मुख्य अंशधारक है, वह इस लेबल को अपनाने के लिए तैयार है, जो देश के लिए सबसे अच्छा है। एमएसएमई सेक्टर को इस क्षमता को समझते हुए सरकार प्रोसेसिंग उद्योग के लिए फूड पार्क को बढ़ावा दे रही है और प्रोसेस्ड फूड के एक्सपोर्ट को बढ़ाने के लिए तत्पर है। 10,900 करोड़ रु. की वित्तीय परिव्यय लागत से बनी प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव स्कीम फॉर फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज (पीएलआईएसएफपीआई) भारत में विश्व स्तर की फूड मैनुफैक्चरिंग कंपनियों को प्रोत्साहित करती है और भारतीय फूड ब्रांड्स को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक्सपोर्ट करने में सहयोग करती है।

भारत में आहार से संबंधित बीमारियों जैसे डायबिटीज़, मोटापा आदि व्यस्कों में ही नहीं, अपितु बच्चों में भी चौंकानेवाली दर से बढ़ रहे हैं। इसके बाद भी भारतीय उपभोक्ता साल 2030 तक प्रोसेस्ड एवं ब्रांडेड फूड उत्पादों पर 6 ट्रिलियन डॉलर खर्च करेंगे। उपभोक्ताओं की आहार की पसंद एवं खरीद के निर्णय पर हावी होते अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड के साथ फूड उद्योग को यह समझ में आ रहा है कि फूड पैकेट पर आसानी से समझ आने वाली चेतावनी इस मामले में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। आज देश में जब आजादी का अमृत महोत्सव - स्वतंत्रता के 75 साल का उत्सव मनाया जा रहा है, तो खाने की सुरक्षा, पोषण और देश का स्वास्थ्य सबसे बड़ी चिंता का विषय बन गए हैं।

छह राज्यों, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब, असम, और पश्चिम बंगाल से फूड कंपनियों और औद्योगिक संगठनों की यह सभा उस समय आयोजित की गई है, जब देश में एपेक्स फूड रैगुलेटर, फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एफएसएसएआई) भारत के लिए बहुप्रतीक्षित एफओपीएल रैगुलेशन के बारे में विचार-विमर्श कर रहा है। जहां एफएसएसएआई ने 'हैल्थ स्टार्स रेटिंग' के लिए अपनी रुचि प्रदर्शित की है, वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि इससे ग्राहक भ्रमित होंगे, डॉक्टरों एवं वैज्ञानिक समुदायों का मानना है कि भारत को चेतावनी लेबल का इस्तेमाल करना चाहिए, जो पूरी दुनिया में इस्तेमाल होता है। इस लेबल से न केवल फूड आइटम खाने से होने वाली बीमारी का पता चलता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित होता है कि तेजी से बढ़ता हुआ फूड मार्केट एक सेहतमंद भविष्य के लिए तैयार है।

गुरजीत सिंह कंबोज, डायरेक्टर, पाम्को फूड प्राईवेट लिमिटेड, पंजाब ने कहा, हम अपनी बॉटम लाईन को इस तरह से बढ़ाना चाहते हैं ताकि ग्राहकों के स्वास्थ्य पर इसका कोई बुरा असर न हो। हमारे जैसे उद्योग ग्राहकों के लिए हितकर लेबल अपनाने के इच्छुक हैं, ताकि परिवार सेहतमंद विकल्प चुन सकें और हमारे उद्योग में फायदा व नौकरियां बढ़ें।

# शहबाज अहमद को मिला टीम इंडिया में स्थान

## शहबाज को वॉशिंगटन सुंदर की जगह टीम में किया गया है शामिल

कविता। फरीदाबाद

**कल** से शुरू हो रहे तीन वनडे मैचों की सीरिज में टीम इंडिया का हिस्सा इस बार मेवात निवासी शहबाज अहमद जिम्बाब्वे भी होंगे। वह आज यानी 17 अगस्त को टीम के पास कोलकता से पहुंचेंगे। शहबाज फरीदाबाद में तैनात चिकित्सक डॉ. फरहीन के बड़े भाई हैं। डॉ. फरहीन ने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करके बीके अस्पताल में तैनात चिकित्सकों से ट्रेनिंग ली है। चिकित्सक के भाई को टीम इंडिया में शामिल होने की सभी ने बधाई दी है।

जानकारी के मुताबिक हरियाणा के मेवात जिले के निवासी ऑलराउंडर शहबाज अहमद





जिम्बाब्वे के खिलाफ 18 अगस्त से शुरू हो रही तीन वनडे मैचों की सीरिज में टीम इंडिया का हिस्सा होंगे। उन्हें वॉशिंगटन सुंदर की जगह टीम में शामिल किया गया है। सुंदर इंजर्ड होने की वजह से इस सीरिज से बाहर हो चुके हैं।

**क्रिकेट का शौक :** शहबाज की बहन डॉ. फरहीन ने बताया कि वह हरियाणा के मेवात जिले के सिकराया गांव की रहने वाली है। उनके पिता अहमद जान हरियाणा में एसडीएम के रीडर हैं। जॉब और हम भाई-बहनों की पढ़ाई के लिए गांव छोड़कर वे हथीन में रहने लगे। फरहीन का कहना है कि अबू चाहते थे कि उनके भाई शाहबाज इंजीनियर बनें, लेकिन, भाई को क्रिकेट खेलना पसंद था। वह अपने दादा की तरह खेलना चाहते थे।

अबू ने भाई शाहबाज का 12वीं के बाद एडमिशन फरीदाबाद स्थित मानव रचना यूनिवर्सिटी में सिविल इंजीनियरिंग में कराया था। लेकिन यहां वह इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बजाय क्रिकेट खेलने के लिए चले जाते थे। यूनिवर्सिटी की ओर से अब्बू के पास मैसेज आने पर इसका खुलासा हुआ। उसने कहा कि यह उसकी 11 साल की मेहनत, फैंस की दुआओं और अल्लाह की मेहरबानी का नतीजा है। शहबाज इस समय कोलकाता में हैं। वह घरेलू क्रिकेट में बंगाल से खेलते हैं और इस समय टीम कैंप का हिस्सा हैं। सूत्रों की माने तो वह आज टीम से जुड़ सकते हैं। भारतीय टीम को जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज खेलनी है। पहला वनडे 18 अगस्त, दूसरा 20 और तीसरा 22 अगस्त को है।

# अमृत महोत्सव पर महिला महाविद्यालय में ध्वजारोहण

**फरीदाबाद।** राजकीय महिला महाविद्यालय सेक्टर 16 ए फरीदाबाद में 75 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। छात्राओं एवं स्टॉफ सदस्यों ने देशभक्ति गाने एवं कविताएं प्रस्तुत की।

आजादी के 75 वर्षों को पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। जिसके तहत छात्राओं एवं स्टॉफ सदस्यों ने अपने घर पर लहराते झंडो की भी तस्वीरें साझा की। प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया। उन्होंने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश व जनता को मिली आजादी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव के रंग में रंगा नजर आ रहा है, जो देश की खुशहाली एवं समृद्धी को व्यक्त करता है। आजादी के इन 75 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में उन्नति की है। जिसका श्रेय हमारे देश की जनता को जाता है, जिन्होंने पूर्ण देशभक्ति एवं सहयोग की भावना से अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में आम आदमी का योगदान भी देशभक्ति का दूसरा नाम है और कर्तव्य निष्ठा ही देशभक्ति है। उन्होंने सभी को बधाई संदेश के साथ अपनी जिम्मेवारियों का निर्वाह करने का भी संदेश दिया। कॉलेज मैंगजीन अंकुरिता का भी विमोचन किया। सरकार के हर घर तिरंगा अभियान को सार्थक बनाने की भी बात कही। रीतिका गुप्ता, अर्चना वर्मा, बलबीर सिंह, डॉ. दिनेश जून, सहित अन्य सभी स्टॉफ सदस्य मौजूद रहे।



# संक्षिप्त समाचार

## केएल महता में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**फरीदाबाद।** केएल महता दयानंद पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल नंबर 1, नेहरू ग्राउंड, फरीदाबाद में 75 वां स्वतंत्रता दिवस हार्दिक हर्षोल्लास से मनाया गया। संस्थान के अध्यक्ष आनंद महता ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत को नमन किया तथा उनके बलिदान के बारे में अवगत कराया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. गीता यादव ने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को आजादी का अमृत महोत्सव की शुभकामनाएं दी। स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताएं, भाषण, नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किये। जिन्हें सुनकर एवं देखकर सभी का मन देशभक्ति की भावना से भर गया। अंत में राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से किया।

## ध्वजारोहण कर आजादी के नायकों को किया याद

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद स्थित आरपीएस पाल्म्स सोसायटी में स्वतंत्रता दिवस पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एकॉर्ड अस्पताल के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता, कार्डियोलॉजी डिपार्टमेंट के चेयरमैन डॉ. ऋषि गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने उनका शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में आजादी के लिए प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों को याद किया गया। ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए। डॉ. रोहित गुप्ता ने कहा कि हमें स्वतंत्रता का मूल्य समझना चाहिए और राष्ट्र की उन्नति में योगदान देना चाहिए। डॉ. ऋषि गुप्ता ने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने बहुत कुर्बानिया दी हैं। मौके पर आरपीएस पाल्म्स की आरडब्ल्यूए अध्यक्ष इंद्रा कोटिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## मंदिर में फहराया तिरंगा

**फरीदाबाद।** पर्वतीया कॉलोनी स्थित मां भगवती मंदिर परिसर में जन कल्याण पंजाबी समिति ने आजादी के 75वें वर्ष उपरांत पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें तिरंगा झंडा फहराया। गणमान्य व्यक्तियों ने पुलिस अधिकारी राजकुमार और मोहित का स्वागत किया और आजाद हिन्दुस्तान के लिए अपने विचार रखे। यह सभा प्रधान प्रेम चंद्र चन्जोत्रा और उप प्रधान पूरन सिंह लाखोत्रा की देखरेख में हुई। सजन अमर सिंह, सुभाष लाहोरिया, सोमनाथ, कमल, रामवीर, राजेश, रघुवीर सिंह, सोमनाथ, कमल, किशोर और बच्चन कुमार शामिल रहे।

## वीरांगना महारानी अवंती बाई का जन्मदिवस मनाया



**फरीदाबाद।** प्रथम स्वाधीनता संग्राम की अग्रणी प्रणेता अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी का 191वां जन्मदिवस समारोह कार्यक्रम लोधी राजपूत जनकल्याण समिति फरीदाबाद ने अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी चौक एनआईटी फरीदाबाद में आयोजित किया। जिसमें मुख्यातिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह, विशिष्ट अतिथि निर्वतमान पार्षद मनोज नासवा, मनवीर भड़ाना, जेडीयू के राष्ट्रीय युवा सचिव सचिन तंवर, समिति संस्थापक महासचिव लाखनसिंह लोधी, अध्यक्ष रूपसिंह लोधी, हिन्दुवादी नेता भुवनेश्वर हिन्दुस्तानी, महेश लोहिया,मनोज बालयान, ने दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूदेव सिंह आर्य ने की। अतिथियों का अध्यक्ष रूप सिंह लोधी ने बुके देकर व स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत किया। लाखन सिंह लोधी ने वीरांगना की जीवनी पर प्रकाश डाला। लोधी राजपूत जनकल्याण समिति रजि फरीदाबाद ने महारानी अवंतीबाई चौक पर पौधारोपण किया गया साथ ही समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत और वीरांगना के जन्मदिवस के पावन पर्व पर मिष्ठान वितरण किया। धर्मपाल सिंह लोधी, राजकुमार खरवार, होती लाल लोधी, दिनेश राघव मण्डल महामंत्री डबुआ, शंकर लाल लोधी, नंदकिशोर, ओमप्रकाश, पुष्कर भारद्वाज, मनीष चौधरी, सुलेखा त्यागी, जगदीश कुमार, ओम प्रकाश लोधी, गीता शर्मा, उदयवीर सिंह, अशोक कुमार वर्मा, ओमपाल सिंह, संजीव कुशवाहा, मनोज नागर, सुरेश पाठक, भूप सिंह लोधी, दीपक यादव, मोहित नागर, भाई लाल लोधी, राजू, रामनरेश लोधी, श्रीमती लता कुमारी, राजेश कुमार लोधी, सुभाष गुप्ता, ओमकार सिंह, विजयपाल लोधी, महेन्द्र सिंह लोधी, बाबूलाल, चन्द्रकिशोर सैनी, मुकेश त्यागी, मनोज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## ऑल इंडिया पंजाबी सेवा समिति ने किया कार्यक्रम



**फरीदाबाद।** आजादी के 75 साल पूरे होने की खुशी में आल इंडिया पंजाबी सेवा समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधान परमजीत सिंह, चेयरमैन आईपी सिंह और सभी साथियों ने मिलकर सबका सम्मान किया। मौके पर विधायक सीमा त्रिखा, मनोज नासवा, मोहन सिंह भाटिया, गुलशन भाटिया, फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संदीप सेठी, समाजसेवी परविन्दर राजपाल, प्रदीप खत्री, कैलाश गुगलानी, गुलशन बग्गा, धर्मवीर भड़ाना, तेजवंत सिंह, इन्द्रजीत सिंह, स. गुरप्रसाद सिंह, स. प्रीतपाल सिंह आहलूवालिया, स. जसविंदर सिंह, राधेश्याम भाटिया, स. बलजीत सिंह, स. किरपाल सिंह, स. जितेन्द्र सिंह, योगेश भाटिया, जनक भाटिया, स. कवलजीत सिंह, स. सन्नी छाबड़ा, जितेन्द्र सिंह खालसा, नरेंद्र भाटिया, गुलशन भाटिया, भारत अरोड़ा, अशोक अरोड़ा, अजय कपूर, राकेश भाटिया, गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## चेतना वेलफेयर सोसायटी ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**फरीदाबाद।** चेतना वेलफेयर सोसायटी द्वारा संजय कालोनी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि आरके अरोड़ा ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एस.कुमार नागपाल ने की। सभी अतिथियों ने राष्ट्रगान गाया। विशेष रूप से उद्योगपति सतीश कौशिक, शिक्षाविद् अमित जैन, हिन्दुवादी नेता भुवनेश्वर हिन्दुस्तानी, युवा नेता सचिन तंवर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में चेतना वेलफेयर सोसायटी के छात्र-छात्राओं ने देश भक्ति के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बच्चों की प्रशंसा की। ब्यूटी पार्लर, कटिंग, टेलरिंग, कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके बच्चों को प्रमाण पत्र दिए। मौके पर समाजसेवी दाऊ सिंह, महेन्द्र सिंह, तिलकराज बहल, कैलाश पंत, विष्णु शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भूतपूर्व सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन

**फरीदाबाद।** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर समाजसेवी दीपक डागर ने आज अपने कैली कार्यालय पर भूतपूर्व सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर राजेश शयोकंद व डॉक्टर शिलाभगत डीप्टी सीएमओ को पौधा भेंटकर समाजसेवी दीपक डागर व उनकी टीम ने स्वागत कर अभिनंदन किया।

पायनियर
हरियाणा, बुधवार, 17 अगस्त, 2022



# राष्ट्र को सर्वप्रथम मानकर आगे बढ़े युवा पीढ़ी : बोधराज सीकरी

## हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष ने चार स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम में की शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं प्रसिद्ध समाजसेवी बोधराज सीकरी ने सोमवार को चार स्थानों पर स्वतंत्रता दिवस समारोह में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने देश के हर नागरिक को राष्ट्र सर्वप्रथम का पाठ पढ़ाते हुए देश सेवा के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार की योजनाओं को भी सांझा किया।

पहला कार्यक्रम पालम विहार स्थित डीपीएसजी स्कूल, दूसरा स्वास्थ्य विभाग कार्यालय, तीसरा भाजपा कार्यालय में प्रांत अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के साथ और चौथा कार्यक्रम आयरिया मॉल में था। इन सभी स्थानों पर उन्होंने लोगों को एकजुट रहने का संदेश दिया। डीपीएसजी स्कूल प्रांगण में ध्वजारोहण के बाद अपने संबोधन में श्री सीकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई मुहिम हर घर तिरंगा में साथ देकर हम सबने पीएम को विश्वास दिलाया है कि देश उनके हर कदम पर साथ है। श्री सीकरी ने अपने भाषण में राष्ट्र ध्वज के तीनों रंगों का महत्व एवं देश की विभाजन विभीषिका को सबके सामने रखा। बोधराज सीकरी ने हर नागरिक का आह्वान किया कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ हमें अपने जीवन में कार्य करना है। कार्यक्रम में कर्नल गुरसतिंद्र सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्य विद्या श्रीधर समेत सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। बोधराज सीकरी और कर्नल गुरसतिंदर सिंह ने छात्रों की प्रस्तुति की सराहना की।


गुरुग्राम के सेक्टर-31 स्थित पॉलीक्लीनिक में ध्वजारोहण करते बोधराज सीकरी।

सीएमओ डा. विरेंद्र यादव, डिप्टी सीएमओ डॉ. अनुज गर्ग की ओर से सेक्टर-31 पॉलीक्लिनिक में भी बोधराज सीकरी तिरंगा फहराने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश में कोरोना महामारी को खत्म करने में हमारे कोरोना वॉरियर हेल्थ वर्कर्स की अग्रणी भूमिका रही है। उन्होंने सिविल सर्जन डा. विरेंद्र यादव के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि उनका प्रबंधन काबिले तारीफ है। भाजपा प्रदेश कार्यालय गुरूकमल में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ द्वारा फहराए गए राष्ट्रीय ध्वज कार्यक्रम में बोधराज की उपस्थिति रही। आईरिया मॉल में बोधराज सीकरी ने तिरंगा फहराया। मॉल के एमडी हरविंदर होरा ने संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति जागरुक करने के लिए बोधराज सीकरी का आभार प्रकट किया। सभी कार्यक्रमों का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# आशा गगन गोयल ने दिया बेटियों का सम्मान बढ़ाने का संदेश

**गुरुग्राम।** सेक्टर-45 स्थित कन्हई के राजकीय उच्च विद्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में गांव की बेटी मानसी ने बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराया। समारोह में समाजसेवी आशा गोयल, गगन गोयल व पूर्व पार्षद सरोज यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने भी राष्ट्रीय को सेल्यूट करते हुए देश की खुशहाली की कामना की।

गांव की बेटी मानसी ने तिरंगा फहराने के बाद अपने संबोधन में कहा कि बेटियों के लिए यह मान-सम्मान बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा कि बेटियां आज समाज में नाम ऊंचा कर रही हैं। हर क्षेत्र में बेटियां आगे बढ़ रही हैं। गगन गोयल ने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। हम सभी को इस आजादी के अमृत महोत्सव पर यह शपथ लेनी है कि हम बेटियों को बोझ समझने की बजाय, उन्हें मान-सम्मान देकर आगे लाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटियों के सम्मान के लिए देश में सकारात्मक माहौल बनाया है। हरियाणा से ही उन्होंने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की थी। समारोह में समाजसेवी आशा गोयल ने कहा कि यह बात हम सब जानते हैं कि बेटियों के बिना घर-परिवार, समाज अधूरा है। इसलिए बेटियों को उनका सम्मान दें। आजादी सिर्फ ध्वजारोहण एक रीत निभाने का काम ना हो, बल्कि ऐसे अवसर पर हम समाज में कम से कम एक अच्छे बदलाव की शुरुआत करें। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य पुष्पलता डबास, सतीश यादव पूर्व सरपंच, अनस्टॉपेबल फाउंडेशन की संस्थापक रोबाना, आटो यूनियन के प्रधान महावीर सिंह, मॉडल संस्कृति कन्या प्राथमिक विद्यालय से प्रधानाचार्य संतोष, मॉडल संस्कृति बाल प्राथमिक उच्च विद्यालय से प्रधानाचार्य विम्मी चड्ढा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


गुरुग्राम के कन्हई स्कूल में तिरंगा फहराते आशा गगन गोयल।

# संक्षिप्त समाचार

## निजी क्लीनिक संचालक पर युवती से छेड़छाड़ का आरोप

**सोहना।** भोंडसी थाना क्षेत्र में निजी क्लीनिक के संचालक पर दवा लेने गई युवती ने डॉक्टर पर छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने डॉक्टर की शिकायत पर पीड़िता के परिजनों पर क्लीनिक में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। भोंडसी थाना क्षेत्र में डॉक्टर द्वारा युवती के साथ दवा देने लाई युवती से छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। युवती सोमवार को एक क्लीनिक पर दोपहर बाद तीन बजे दवा लेने गई थी। युवती ने घर आने पर अपने परिजनों को डॉक्टर द्वारा की गई छेड़छाड़ की शिकायत की। आरोप है कि जब पीड़ित का पिता क्लीनिक पर डॉक्टर से शिकायत करने पहुंचा तो उसके साथ भी हाथापाई की गई। जबकि डॉक्टर ने युवती के आरोप को झूठा बताते हुए तीन-चार लोगों पर क्लीनिक में घुसकर उसके साथ लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाया है। भोंडसी पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से शिकायत मिलने पर मामले दर्ज कर लिए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## घाटी क्षेत्र में पतंग के मांझे से बच्ची समेत तीन लोग घायल

**सोहना।** तावडू मार्ग की घाटी में पतंग के मांझा से दो पहिया सवार नौ वर्षीय बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए। बाइक सवार पिता बच्ची को लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचा। जहां से डॉक्टरों ने बच्ची को गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। सोमवार को 15 अगस्त के अवसर पर पहाड़ी क्षेत्र में पतंग उड़ाने वाले युवकों द्वारा बरती गई लापरवाही से बाइक व स्कूटी सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक नौ वर्षीय बच्ची समेत महिला और युवक शामिल हैं। घायल बच्ची को उसका पिता कलीम नागरिक अस्पताल में उपचार के लिए लेकर पहुंचा। जबकि दो अन्य महिला व युवक तावडू के लिए चले गए। जिन्हें तावडू जाना था। भोंडसी निवासी क्लीम ने बताया कि वह तावडू से सोहना आ रहा था। घाटी के बीच में युवक पतंग उड़ा रहे थे। बच्ची को उसने अपने आगे बैठाया हुआ था। घाटी से उतरते समय अचानक से उसकी बेटी अफसाना जोर से चिल्लाई। उसने तुरन्त बाइक रोककर देखा अफसाना की नाक के ऊपर से खून निकल रहा था। अफसाना के माथे के ऊपर से मांझा अटका हुआ था। लेकिन पतंग उड़ा रहे युवक उन्हें देख मौके से भाग गए।

## हैली शब्द से मुक्ति देने पर पटौदी वासियों ने जताया आभार



**गुरुग्राम।** आजादी के 75 वर्ष बाद गुलामी के प्रतीक हैली शब्द से मुक्ति मिलने पर विधायक सत्यप्रकाश जरावता तथा पटौदी क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। पटौदी विधानसभा क्षेत्र के लोग आज सीएम का आभार व्यक्त करने मंगलवार को यहां के लोक निर्माण विश्राम गृह पहुंचे और उन्होंने मुख्यमंत्री का पगड़ी पहनाकर उनका अभिनंदन किया। हरियाणा सरकार ने पटौदी नगर पालिका तथा हेलीमंडी नगर पालिका (राजस्व संपदा जाटौली) तथा आसपास के 10 गांवों को मिलाकर नगर परिषद, पटौदी-मंडी बनाने की घोषणा की है। इसका नामकरण पटौदी मंडी नगर परिषद् कर दिया है। इस पर पटौदी क्षेत्रवासियों ने अपने विधायक सत्यप्रकाश जरावता के साथ मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि हैली शब्द से आखिरकार हमें मुक्ति मिली है। लोगों का कहना था कि हेली एक अंग्रेज गवर्नर था। इस संबंध में शहरी स्थानीय निकाय द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना के अनुसार गांव नरहेड़ा, जनौला, रामपुर, छावन, मिल्कपुर, मिर्जापुर, मुबारकपुर, देवलावास, हेड़ाहेडी तथा खानपुर इस नए नगर परिषद, पटौदी-मंडी का हिस्सा होंगे। लोगों का कहना था कि हेली एक अंग्रेज गवर्नर था। उसके नाम से नगर का नाम उचित नहीं है।

# दक्षिण हरियाणा ने देश को दिए हैं अनेक सैनिक : सुधीर सिंगला


नूंह में स्वतंत्रता दिवस समारोह में विधायक सुधीर सिंगला को मौके पर ही ली गई तस्वीर भेंट करता एक कार्यकर्ता।

## नूंह में विधायक सुधीर सिंगला ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

## युवाओं, बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों, सैनिकों से प्रेरणा लेने को किया प्रेरित

**नूंह/गुरुग्राम।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत नूंह में स्वतंत्रता दिवस समारोह में गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी भी ली। उन्होंने शहीदों के परिवारजनों को सम्मानित करके उनका आशीर्वाद लिया। समारोह में विधायक सुधीर सिंगला की पत्नी समाजसेवी सुनीता सिंगला भी मौजूद रहीं।

अपने संबोधन में विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि देश आजादी के 75 साल पूरे कर चुका है। इस दौर में देश ने बहुत सारे उतार-चढ़ाव देखे हैं। देश की एकता और अखंडता के लिए हम सबने मिलकर काम किया है। किसी न किसी रूप में देश के हर नागरिक की भूमिका देश को आगे बढ़ाने में रहती है। उन्होंने विशेषकर युवाओं से आग्रह किया कि वे देश और समाज को आगे बढ़ाने में अपनी योग्यता का इस्तेमाल करें। इसके लिए खुद को तैयार करें। हमारे लिए राष्ट्र प्रथम होना चाहिए। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए विधायक सुधीर सिंगला कहा कि उनकी कुर्बानी की बदौलत आज हम आजादी का जश्न मना रहे हैं। वे नि:स्वार्थ लड़े और अपनी जान तक दे दी। तब जाकर हमें आजादी मिल पाई। ऐसे जांबाजों को हमारा शत-शत नमन। श्री सिंगला ने देश के सैनिकों के शौर्य को नमन किया। उन्होंने कहा कि सीमाओं पर डटे रहकर सैनिक देश को सुरक्षित करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने समारोह में मौजूद लोगों से आग्रह किया कि शहीदों, सैनिकों, परिवारजनों का सदा सम्मान करें। ये हमारे आदरणीय हैं।

हरियाणा का जिक्र करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश ने खूब तरक्की की है और अभी भी तरक्की की राह पर है। हरियाणा में समान विकास का पहिया घुमाया है। बिजली, पानी, सड़कें, सीवरेज, रोजगार की दिशा में उन्होंने ऐतिहासिक काम किए हैं, ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। समारोह में गुरुग्राम से पार्षद मनीष वजीराबाद, पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, मंगतराम बागड़ी, सुनील मेंबर, सुभाष यादव, कर्मवीर यादव, विष्णु मंगला, विपिन गुप्ता, आशीष गुप्ता, रामवीर सिंह, रामानंद, टीकाराम नंबरदार, विनोद यादव, सूरजमल यादव, रोशन लाल, राम निवास यादव, रघुवीर सिंह, जतिन यादव, अशोक यादव व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## बस की टक्कर से कंपनी कर्मचारी की मौत

**सोहना।** भोंडसी के मारुति कुंज मार्ग पर तेज रफ्तार बस के कुचलने से कंपनी कर्मचारी की मौत हो गई। मृतक अपने दोस्त के साथ बाइक से कंपनी जा रहा था।

मंगलवार सुबह सवा पांच बजे भोंडसी की मारुति कुंज मार्ग पर बस ने बाइक पर पीछे बैठे खेमचंद निवासी श्यामकुंज भोंडसी व मूल निवासी जिला भरतपुर राजस्थान को कुचल दिया। बाइक चालक ललिता प्रसाद उर्फ पप्पू कच्चे में जा गिरा। खेमचंद को गुरुग्राम के निजी अस्पताल में दाखिल कराया। जहा डॉक्टरों ने खेमचंद को मृत घोषित कर दिया। खेमचंद और उसका दोस्त ललिता प्रसाद उर्फपप्पू खेड़की दौला में स्थित कंपनी में एक साथ बाइक पर ड्यूटी जा रहे थे। भोंडसी पुलिस ने ललिता प्रसाद उर्फ पप्पू की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# साइन बोर्ड गिरने से बिजली आपूर्ति ठप

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**गुरुग्राम-सोहना** एलीवेटेड मार्ग के साथ बने एक निजी शिक्षण संस्थान की छत पर लगा साइन बोर्ड हल्की हवा के साथ उखड़ कर सड़क पर गिर गया। साइन बोर्ड गिरने से जहां बिजली निगम को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है वहीं इलाके की बिजली आपूर्ति पूर्ण रूप से बंद हो गई है।

मंगलवार सुबह गुरुग्राम-सोहना एलिवेटेट मार्ग के साथ बनी केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के द्वारा अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए करीब 40 फुट ऊंचा और करीब 30 फुट चौड़ा प्रचार बोर्ड लगाया हुआ था। ताकि एलिवेटेड से गुजरने वाले नागरिक साइन बोर्ड को आसानी से पढ़ सकें।

मंगलवार को हवा के एक झोके से साइन बोर्ड मार्ग के साथ जा रही हाईटेंशन लाइन के ऊपर आ गिरा। जिससे बिजली लाइन के पांच पोल के बीच लगे तार और केबल टूट गई। जिससे पांच फीडर खेड़ला, रामनगर, मोहम्मदपुर गूर्जर, बृज टावर और केआर मंगलम यूनिवर्सिटी के बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

साइन बोर्ड बिजली लाइन के ऊपर गिरने से 300 मीटर की नंगी तार, 200 मीटर लंबी केबल टूट जाने से निगम को 7 से 8 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। खेड़ला, रामनगर और मोहम्मदपुर गूर्जर गांव के 3000 से 3500 घरों में अंधेरा छा गया।

एसडीओ राहुल यादव ने बताया कि घटना स्थल का मुआयना कर लिया है। यूनिवर्सिटी के खिलाफ लापरवाही बरतने का मामला दर्ज कराने की कवायद शुरू कर दी है। ठप बिजली आपूर्ति को 10 से 12 घंटे में चालू कर दिया जाएगा।


मंगलवार को सोहना में एलिवेटेड मार्ग के साथ केआर मंगलम यूनिवर्सिटी का साइन बोर्ड सड़क पर गिरा हुआ।

# सरपंच ने सिकंदरपुर बढ़ा में फहराया तिरंगा



गुरुग्राम के गांव सिकंदरपुर बढ़ा में ध्वजारोहण करके राष्ट्र गान गाते अतिथि, बच्चे, शिक्षक व ग्रामीण।

## बच्चों को महापुरुषों, स्वतंत्रता सेनानियों, सैनिकों का सदा सम्मान करने को किया प्रेरित

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारत** के 76वें स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मनाते हुए सोमवार को सरपंच सुंदर लाल यादव ने गांव सिकंदरपुर बढ़ा में तिरंगा फहराया। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज को सेल्यूट करके तिरंगे का सदा सम्मान बढ़ाने की बात कही। इस अवसर पर ग्रामीण, बच्चे और शिक्षक मौजूद रहे।

ध्वजारोहण के लिए पेरफट्टी कंपनी के सहयोग से सिकंदरपुर बढ़ा के सरकारी स्कूल में आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। समारोह में सरपंच सुंदर लाल द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ राष्ट्र गान हुआ। समारोह में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक भी प्रस्तुत किए गए। इसके बाद अपने संबोधन में सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि तीन रंग का यह ध्वज हमारे देश की एकता, अखंडता, अमन चैन और हरियाली का प्रतीक है। इस राष्ट्रीय ध्वज के तले हम सब सुरक्षित हैं। हमें यह ध्वज सदा आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। गतिशील रहने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि जिस आजादी को हम सब इतनी उमंग और उत्साह से मनाते हैं, उसे हासिल करने के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है। आजादी के आंदोलन में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का एक ही मिशन रहा, जान देकर भी आजादी लेंगे। लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाई। तब हमने आजादी पाई। आजादी के बाद देश की रक्षा के लिए सेनाओं में भर्ती होने वाले जवानों ने पूरी शिद्दत से अपनी ड्यूटी निभाई है। उन्होंने कहा कि सेना में सबसे अधिक जवान हरियाणा खासकर दक्षिण हरियाणा से हैं। यहां लगभग हर घर से कम से कम एक व्यक्ति सेना में है। आज तक जितने भी युद्ध हुए हैं, हमारे सैनिकों ने अपनी जांबाजी से दुश्मन को करारा जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही वीरों को नमन करने के लिए यह दिन है। जो भी देश के लिए अच्छा काम करता है, उसे ऐसे मौकों पर याद किया जाना चाहिए। सरपंच सुंदर लाल ने कहा कि हमारे भीतर देश के लिए सच्ची भक्ति होनी चाहिए।

# फिल्म एकेडमी ने तिरंगा यात्रा निकालकर मनाया अमृत महोत्सव

**गुरुग्राम।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के तहत रविवार को एचकेआई फिल्म एकेडमी की ओर से शहर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा कादीपुर एन्कलेव स्थित एकेआई फिल्म एकेडमी से शुरू हुई और लघु सचिवालय पहुंचे। यात्रा में बाइक पर सवार एकेडमी के छात्रों ने वंदे मातरम और भारत माता के जयकारे लगाए। रास्ते भर माहौल देशभक्ति का रहा।

यह तिरंगा यात्रा एकेडमी के निदेशक रमेश चहल और एचकेआई के पदाधिकारी अभिमन्यु सिसाय के मार्गदर्शन में निकाली गई। तिरंगा यात्रा से पूर्व सभी छात्रों ने अपनी बाइक, स्कूटी पर सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज लगाया। सभी को लाइन में लगाकर यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। युवाओं में जोश खूब रहा। भारत माता के जयकारे और वंदे मातरम रास्ते भर गूंजता रहा। एकेडमी परिसर से शुरू हुई यह यात्रा लघु सचिवालय तक हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करती रही। अनुशासनात्मक तरीके से छात्रों ने यह रैली निकालकर आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न मनाया।

एकेडमी के निदेशक रमेश चहल और डिप्टी सीईओ अभिमन्यु सिसाय ने कहा कि सामाजिक तौर पर चाहे हम किसी भी धर्म, जाति से संबंध रखते हों, लेकिन हमारे दिल में सबसे पहले राष्ट्रीयता, भारतीयता होनी चाहिए। हमें अपने देश पर गर्व होना चाहिए। सदा अमन, चैन, एकता और भाईचारे का संदेश हमारे यहां दिया गया है।


गुरुग्राम में तिरंगा बाइक रैली निकालते एचकेआई फिल्म एकेडमी के छात्र।

अनेकता में एकता और पौराणिकता में नवीनता के बीच भी हम एक ध्वज के नीचे खुद को सुरक्षित मानते हैं। कृषि प्रधान देश होते हुए हमने आज ज्ञान और विज्ञान के क्षेत्र में खुद को स्थापित कर लिया है।

उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं ने हर क्षेत्र में खुद को साबित किया है। खेलों में हमने दुनिया में नाम कमाया है। बेटों के साथ हमारी बेटियां भी मजबूती के साथ दुनिया में भारत का तिरंगा ऊंचाई पर ले जा रही हैं। उन्होंने एकेडमी में प्रशिक्षण लेने वाले छात्रों को यह भी संदेश दिया कि जिस भी क्षेत्र में काम करो, उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ दो। सफलता पाने के लिए जीतोड़ मेहनत करनी पड़ती है। इसका कोई शॉर्टकट नहीं है। उन्होंने सभी को आजादी के अमृत महोत्सव की बधाई दी।

# शहीद राजसिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल के विकास पर खर्च होंगे दो करोड़ रुपये

## दमदमा झील को 70 करोड़ की योजना से लबालब किया जाएगा : राव इन्द्रजीत

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**केन्द्रीय** मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि दमदमा झील में पानी की कमी दूर करने के लिए 70 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। जीएमडी के माध्यम से दमदमा झील में नहरी पानी लाकर लबालब किया जाएगा। घामडौज टोल के लिए संघर्ष कर रही कमेटी की मेहतन को बेकार नहीं जाने दिया जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह मंगलवार को दमदमा में राजकीय शहीद राजसिंह खटाना सीनियर सैकेंडरी स्कूल के सम्मान समारोह में पहुंचे थे। इस अवसर पर प्रदेश शिक्षा मंत्री कंवरपाल गूर्जर भी थे। सोहना के पूर्व विधायक तेजपाल आदि क्षेत्रीय नेता भी सम्मान समारोह में पहुंचे। प्रदेश शिक्षा मंत्री कंवरपाल गूर्जर ने राजकीय शहीद राजसिंह सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शिक्षकों के पदों को भरे जाने, चार दीवारी, रास्ता, शौचालय, स्वच्छ पेयजल सुविधा सहित अन्य मागों को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए दो करोड़ रुपये की राशि देने का वायदा किया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अभी तक 138 राजकीय स्कूलों को मॉडल बनाया गया है।

अब प्रदेश सरकार 500 स्कूलों को मॉडल की बनाने जा रही है। प्रदेश में 20 किलामीटर के दायरे में एक कॉलेज की नीति की कवायद शुरु की गई है। प्रदेश की भाजपा सरकार ने 641 सीनियर सैकेंडरी स्कूल बनाए हैं।


दमदमा में सम्मान समारोह को संबोधित करते केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह।

## गुरुग्राम से दमदमा चलेंगी जीएमडी की बसें

**शहीदों** के गांव दमदमा में केंद्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने ग्रामीणों की मांग पर गुरुग्राम से वायां दमदमा के बीच चार जीएमडी की बसें चलाने की मांग को हरीझंडी प्रदान कर दी है। सोहना विकास एवं खेल प्रोत्साहन समिति को 11 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा भी की। खेलों के क्षेत्र में हाल ही में दमदमा, अभयपुर और बालूदा के युवाओं द्वारा नौकायान में गोल्ड मेडल जीतकर लाने पर खुशी जाते हुए एशियाड और कॉमनवैल्थ खेलों में भी युवाओं के जाने की उम्मीद जताई है। राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि दमदमा झील को पानी से भरा जाएगा। जिसके लिए 70 करोड़ की योजना तैयार की गई है। यह कार्य जीएमडी के माध्यम से जल्द ही पूरा किया जाएगा।

## हाई कोर्ट में चेयरपर्सन अंजू देवी विवाद में आज होगी सुनवाई

**सोहना।** हाई कोर्ट में बुधवार को नगर परिषद की नवनिर्वाचित चेयरपर्सन अंजू देवी के शैक्षिणिक प्रमाण-पत्र पर लगाए आरोप पर सुनवाई होगी। गुरुग्राम एडीसी और चेयरपर्सन द्वारा आरोप के तहत जवाब दिए जाएंगे। आज हाई कोर्ट में स्थानीय निवासी ललित द्वारा नगर परिषद के चेयरपर्सन के शैक्षिणिक प्रमाण पत्र पर लगाए गए आरोप पर आज सुनवाई होगी। आठ जुलाई को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने अंजू देवी के शैक्षिणिक प्रमाण पत्र 17 अगस्त तक दस्तावेज जमा कराने को कहा था। चेयरपर्सन के पति लेखराज ने ललिता के आरोपों को लगत बताते हुए राजस्थान में साजिश के तहत झूठा मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है। लेखराज ने दावे के साथ कहा कि बहुत ही जल्द इस साजिश का पर्दाफाश होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अंजू देवी के खिलाफ कौन-कौन साजिश रच रहे हैं। उनके नामों का भी खुलासा होगा।

# सिटीमॉल के 300 कम्युनिटी लीडर्स ने तिरंगा यात्रा निकाल कर मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**आजादी** के अमृत महोत्सव और भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के तहत सिटीमॉल कम्युनिटी लीडर्स ने तिंरगा यात्रा निकाली। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे अनिल राणा,पार्षद ने तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया और खुद कम्युनिटी लीडर्स के साथ तिरंगा यात्रा निकालकर आजादी के अमृत महोत्सव का जश्न मनाया। शहर के रामलीला मैदान से लेकर राजेंदर क्लब तक सिटीमॉल कम्युनिटी लीडर्स ने तिरंगा यात्रा निकाली। इस तिरंगा यात्रा में सिटीमॉल कम्युनिटी लीडर्स के अलावा शहर के और भी कई लोग शामिल थे। तिरंगा यात्रा के दौरान लोगों में देश के प्रतिउत्साह था। रैली में शामिल सभी लोगों ने आज़ादी के अमृत महोत्सव पर यह संकल्प लिया की वो देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाएंगे।

सिटीमॉल की तिरंगा यात्रा में बोलते हुए अनिल राणाजी ने कहा, इस 75 स्वतंत्रता दिवस पे जब पूरा देश आत्म-निर्भर बनने की तरफ मजबूत कदम बढ़ा रहा है मुझे खुशी है कि सिटीमॉल भारत के निम्न और मध्यम वर्गीय लोगों के लिए सहारा बना है। हम सबको अपने देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लेना चाहिए। राकेश शर्मा, जो आठ महीने पहले सिटीमॉल के कम्युनिटी लीडर बने, उन्होंने कहा, जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, तब हम सब देश में और चीजों से आजादी का संकल्प भी ले रहे हैं - आजादी गरीबी से, आजादी विदेशी निर्भरता से, आजादी बेरोजगारी से मुझे खुशी है कि सिटीमॉल की सहायता से मैंने अपना कारोबार चालू किया और मेरे परिवार और मेरे ग्राहकों के परिवार की खुशियां और सुविधा का माध्यम बना। गाजियाबाद के अलावा सिटी मॉल ने अन्य शहरों में भी जैसे प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, मथुरा, रोहतक में भी तिरंगा यात्रा निकाली। सिटीमॉल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य था कि लोग एकत्रित होकर आजादी के 75 साल का जश्न मनाएं और भारत को आत्मनिर्भर बनाने की शपथ लें।

सिटीमॉल वर्तमान में 25 शहरों में 25,000 सूक्ष्म उद्यमियों की सहायता कर रहा है जिसमे 40 प्रतिशत महिला, विशेष रूप से विकलांग, और सेवानिवृत्त व्यक्ति हैं। सिटीमॉल का उद्देश्य भारत के निम्न तबके के लोगों को उद्यमी बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का है।



# स्वीडन की कंपनी करेगी 3500 करोड़ रुपये का निवेश, प्रोजेक्ट शुरू

## स्वीडन के इंग्का सेंटर्स के उत्तर भारत में पहले आइकिया मिक्सड यूज कॉमर्शियल प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य शुरू

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया कार्य शुरू, विस्तृत जानकारी भी ली



**गुरुग्राम के सेक्टर-47 में इंग्का सेंटर्स के उत्तर भारत के पहले मिक्सड यूज कॉमर्शियल प्रोजेक्ट के निर्माण के शुभारंभ अवसर पर मॉडल देखते मुख्यमंत्री मनोहर लाल।**

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने मंगलवार को गुरुग्राम में स्वीडन के इंग्का सेंटर्स के उत्तर भारत में पहले आइकिया मिक्सड यूज कॉमर्शियल प्रोजेक्ट का भूमि पूजन कर इसके निर्माण का शुभारंभ किया। लगभग 3500 करोड़ रुपये के निवेश से बनने वाले मिश्रित उपयोग वाले इस आइकिया प्रोजेक्ट का निर्माण गुरुग्राम के सेक्टर-47 में होगा। स्वीडन के भारत में राजदूत क्लास मोलिन भी इस मौके पर उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा को कर्म की भूमि, संभावनाओं और समृद्धि की भूमि बताते हुए यहां पर इंग्का सेंटर्स और आइकिया प्रोजेक्ट का हरियाणा में आने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट उत्तर भारत तथा इस क्षेत्र के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक विश्व स्तरीय रिटेल एवं लेजर गणतव्य होगा। इससे निवेश के साथ-साथ रोजगार और व्यापार के अवसरों में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में ईज ऑफ डूईंग बिजनेस को संभव बनाने के लिए कई प्रभावी कदम उठा चुकी है और यह प्रोजेक्ट इस क्षेत्र के लिए हमारी विकास योजनाओं का एक और प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि आज विश्व में नई तकनीक और डिजिटल इंटरफेस एक ऐसी दुनिया का निर्माण कर रहे हैं जो नए अवसरों और चुनौतियों दोनों को खोल रही है। नई प्रक्रियाएं और नए उत्पाद आर्थिक विकास के नए रास्ते खोल रहे हैं। लोग और मानवीय मूल्य हमेशा विकास और प्रगति के केंद्र में होते हैं इसलिए हमें भी आपसी जुड़ाव की सोच के साथ काम करने की जरूरत है जिसके लोगों और अर्थव्यवस्था पर दूरगामी परिणाम होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रकार की आपसी सहभागिता का प्रभाव विश्व में दिखाई देगा। जो देश या प्रदेश इन परिस्थितियों का लाभ उठाएगा वहीं प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक उत्पादन, डिजाइन और मेन्युफैक्चरिंग में मूलभूत परिवर्तन हो रहे हैं। डिजिटल प्लेटफार्म, ऑटोमेशन और डाटा फ्लो ने दुनिया में भौगोलिक दूरियों के महत्व को घटा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते औद्योगिक परिवेश में इन्नोवेशन तथा पारम्परिक उत्पादन हमारे युवा के लिए रोजगार का बड़ा स्त्रोत रहेंगे। दूसरी तरफ हमारी मानव संशाधन को भी अपने स्किल को बढ़ाकर जीवन में बदलाव लाने की जरूरत है। इसीलिए कौशल विकास और शिक्षा की नीतियों में तेजी से बदलाव लाना होगा। इसके लिए विद्यालय और विश्व विद्यालय का पाठ्यक्रम इस प्रकार से डिजाईन किए जाए कि वह युवाओं का भविष्य बनाने मे कारगार हो।

यहां बताया गया कि इस प्रोजेक्ट में इंग्का सेंटर्स 400 मिलियन पाउंड यानी 3500 करोड़ रुपये निवेश करेगा। यहां पर बेहतरीन रिटेल, वर्क स्पेस और सामुदायिक कार्यक्रमों के लिए स्पेस होंगे। प्रोजेक्ट से लगभग 2500 नौकरियों का सृजन होने की उम्मीद है। इस अवसर पर स्वीडन के भारत में राजदूत क्लास मोलिन, आइकिया इंडिया की सीईओ सुसाने पुलवेरर, इंग्का सेंटर्स से जेन क्रिस्टेन सन तथा उनके टीम के सदस्य, एचएसआईआईडीसी से पवन चौधरी तथा जिला प्रशासन के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# जमीन के लिए बड़े भाई ने की छोटे भाई की हत्या

## आरोपी भाई पत्नी की हत्या मामले में कुछ दिन पहले ही आया था सजा काट कर

## चार नामजद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी पुलिस



**मृतक मुनफीद का फाइल फोटो।**

**पायनियर समाचार सेवा। तावडू।**

**उपमंडल** के गांव गुरनावट में एक दिल दहलाने देने वाली घटना सामने आई है जहां जमीन के विवाद में बड़े भाई ने अन्य के साथ मिलकर अपने ही छोटे भाई पर चाकू से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने चार नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

पीड़ित महिला असमा निवासी गांव गुरनावट सदर थाना तावडू ने बताया कि उसका जेठ जमशेद अपनी पत्नी की हत्या के आरोप में हाल ही में सजा काट कर आया है और वह आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। आरोपी पीड़ित दंपति से जमीन बांटने को लेकर रंजिश रखते हैं। पीड़ित महिला का आरोप है कि 14 अगस्त की रात करीब 8:30 बजे दंपति अपने बच्चों के साथ घर पर सो रहे थे। उसी दौरान आरोपी जमशेद अन्य आरोपियों के साथ लाठी, डंडे, छुरी व चाकू से लैस होकर घर पर आया और दंपति पर जानलेवा हमला कर दिया। महिला का आरोप है कि आरोपी जमशेद ने छुरी से उसके पति मुनफीद के शरीर पर कई वार किए। जिसकी वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जब उसने अपने पति को बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उस पर भी हमला कर दिया। पीड़ित महिला का आरोप है कि वारदात के दौरान अन्य आरोपियों ने भी लाठी, डंडे से हमला कर चौटें पहुंचाई। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जहां मेरे पति मुनफीद को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीड़ित महिला के बयान पर आरोपी जमेशद, अरसद, रूददार व साहून निवासी गांव गुरनावट सदर थाना तावडू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी पक्ष के राहुल का कहना है कि हत्या में आरोपी जमशेद ही अकेला शामिल था। जबकि अन्य आरोपियों का हत्या से कोई लेना-देना नहीं। जिन्हें रंजिश के तहत झूठे मुकदमे में फंसाया गया है।

# गोरक्षकों से मारपीट व लूट मामले में 30 पर केस, पांच नामजद

## थाना क्षेत्र के गांव रवा स्थित निर्माणाधीन दिल्ली-मुंबई सड़क की घटना



**पायनियर समाचार सेवा। मेवात**

**सोमवार** सुबह यहां की निर्माणाधीन दिल्ली-मुंबई की सड़क पर गोरक्षा दल के सदस्यों के साथ मारपीट व लूट और उन्हें जान से मारने की कोशिश करने का मामला प्रकाश में आया है। मारपीट के दौरान दो गोरक्षकों को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पांच पर नामजद जबकि 20 से 25 अन्य अज्ञात लोगों पर केस दर्ज किया है। केस दर्ज करने के उपरांत पुलिस ने मामले से जुड़े आरोपितों की धरपकड़ तेज कर दी है।

शिव कॉलोनी जींद निवासी विकास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वो गोरक्षा का कार्य करता है। 15 अगस्त को सुबह साढ़े सात बजे वो अपने साथी राजबीर, आशुतोष, बादल और सनोज के साथ मरोडा स्थित गोशाला जा रहे थे। गांव रवा पहुंचे तो हाइवे पर दो मोटरसाइकिल सवार लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। जब उन्होंने कारण पूछा तो इतने में ही पीछे से आए 20 से 25 लोगों ने ट्रैक्टर लगाकर उनका रास्ता रोक दिया और उन्हें लाठी-डंडों, लोहे की राड से पीटा। पीड़ित ने बताया कि दोषियों ने मारपीट के दौरान देशी कट्टा के बल पर उनकी जेब में रखे 1200 रुपये और लाइसेंसी बंदूक छीन ली। पीड़ित ने बताया कि दोषियों ने इस वारदात को सोची समझी साजिश के तहत अंजाम दिया है।

दोषियों के हमले में घायल हुए गोरक्षकों को अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने इस संबंध में जफरु, शहजान, इरफान, जुबेर, शौकत अली सहित 20-25 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। घटना के संदर्भ में गोरक्षा दल के सदस्यों ने डीएसपी व थाना प्रबंधक से मुलाकात की और दोषियों पर उचित कार्रवाई के साथ ही उनकी त्वरित गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने गोरक्षा दल के सदस्यों को उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# 75 साल का गौरवमयी इतिहास मना रहा है देश





**पायनियर समाचार सेवा। नूंह**

## अनाज मंडी फिरोजपुर-झिरका में सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**आजादी** अमृत महोत्सव की श्रृंखला में सोमवार को स्वतंत्रता दिवस समारोह जिला भर में गरिमामयी ढंग से मनाया। जिले के फिरोजपुर-झिरका उपमंडल में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने परेड का निरीक्षण करते हुए मार्च पास्ट की सलामी ली। साथ ही युद्ध वीरांगनाओं व स्वतंत्रता सेनानियों के वंशजों का सम्मान किया। इससे पूर्व मुख्यातिथि डॉ. बनवारी लाल फिरोजपुर-झिरका में स्थित शहीदी मीनार पर पहुंचे और वीर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में अपने शुभ संदेश में सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि आज हर भारतवासी के लिए हर्षोल्लास का दिन है। हर गली, हर मोहल्ले में तिरंगा है, हर घर-हर दफ्तर में तिरंगा है, हर वाहन, हर हाथ में तिरंगा है। पूरा देश तिरंगे के रंगों में सराबोर है, देश भक्ति के रंग में रंगते हुए आज हम 75 साल की गौरवशाली यात्रा का राष्ट्रीय उत्सव आजादी अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। हम सभी की एकजुटता व देश सेवा की संकल्पना का ही फल है कि आज 75 बरस बाद वैश्विक मंच पर भारत हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि पहले या दूसरे विश्व युद्ध की बात हो, 1965 या 1971 का भारत-पाक युद्ध हो, 1962 में चीन के साथ हुए रेजांगला युद्ध की दास्तां हो या फिर कारगिल के 'ऑप्रेशन विजय' का विषय, हरियाणा के जवानों ने सदैव अपने खून से इतिहास लिखा है। आज भी हमारी सेना में हर दसवां जवान हरियाणा से है।

डॉ. बनवारी लाल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को दो लाख रुपये देने की घोषणा की। उत्कृष्ठ कार्य करने वाले कर्मचारियों व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशंसा पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व सहकारिता मंत्री ने स्वतंत्रता सेनानी व उनके परिजनों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में मार्च पास्ट की टुकडियों में हरियाणा पुलिस की टुकड़ी ने पीएसआई संजीव कुमार, पीएसआई संजीत, हरियाणा पुलिस महिला की एलएसआई मन्जू, होम गार्ड की टुकड़ी ने एसआई बीरसिंह, एनसीसी राकवमा विद्यालय फिरोजपुर-झिरका की कमांडर रिंकी, राजकीय वरिष्ठ विद्यालय बाल फिरोजपुर-झिरका एनएसएस के कमांडर मोहिन खान, हरियाणा सी.सै. स्कूल फिरोजपुर-झिरका की कमांडर हेमजा, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल फिरोजपुर-झिरका के कमांडर रिहान खान, दयानन्द सी.सै. स्कूल फिरोजपुर-झिरका के कमांडर विष्णु सैनी, कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय की कमांडर सानिया, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल फिरोजपुर-झिरका के कमांडर विजय सिंह, बैंड में दयानन्द सी.सै. स्कूल फिरोजपुर-झिरका के कमांडर लोकेश के नेतृत्व में मार्च पास्ट का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# शहबाज अहमद का भारतीय टीम में चयन होने से समर्थकों में भारी खुशी

**पायनियर समाचार सेवा। नूंह**

## शिकरावा गांव की गलियों से खेल कर भारतीय क्रिकेट टीम तक का किया सफर

**शिकरावा** गांव की गलियों से क्रिकेट का सफर शुरू करने वाले आरसीबी टीम के हरफनमौला खिलाड़ी रह चुके शहबाज अहमद का चयन भारतीय क्रिकेट टीम में हुआ है। जैसे ही शहबाज अहमद के चयन की खबर हरियाणा के सबसे पिछड़े नूंह जिला के लोगों को लगी तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। लोगों ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया तो सोशल मीडिया पर शहबाज अहमद के चयन की धूम देखने को मिलने लगी।

शिकरावा गांव के शहबाज अहमद के चयन से उनके परिजन ही नहीं बल्कि इलाके के लाखों लोग खुशी से झूम रहे हैं। बस अब तो उस दिन का इंतजार है जब यह मेवात का लाडला प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होगा। जिंबाब्वे दौरे के लिए चयन की गई टीम में खिलाड़ी वाशिंगटन सुंदर के चोटिल होने के बाद हरफनमौला शहबाज अहमद को टीम का हिस्सा बनाया है। अब उसे अच्छा प्रदर्शन कर अपने आप को साबित करना है ताकि यह युवा लंबे समय तक भारतीय टीम का हिस्सा बन सके। मेवात जिले के लोगों ने चयनकर्ताओं का दिल से आभार व्यक्त किया है। शहबाज अहमद जिंबाब्वे के लिए रवाना हो चुके हैं। शहबाज अहमद ने पिछले कई आईपीएल सीजन में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। जिसकी बदौलत उसका भारतीय टीम में खेलने का सपना साकार होता दिख रहा है।

शहबाज अहमद का 11 दिसंबर 1994 को शिकरावा गांव में अहमद जान के घर हुआ है। शहबाज अहमद के दादा मोहम्मद हाजी इशहाक भी क्रिकेट के बहुत बड़े फैन हैं। वे अध्यापक होते हुए भी क्रिकेट मैच की कमेंट्री सुनना नहीं भूलते थे। दादा के इस लगाव के बाद शहबाज अहमद के चाचा एवं कोच मोहम्मद फारूक अध्यापक ने इलाके में क्रिकेट खेल कर खूब नाम कमाया। उन्हीं के पद चिन्हों पर पले बढ़े शहबाज अहमद तो उससे भी कई कदम आगे निकल गए। शहबाज अहमद दो भाई बहन हैं। उनकी छोटी बहन डॉक्टर फरहीन बीएमएस कर चुकी हैं।

परिजनों ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि तीन-चार साल की उम्र में ही शहबाज अहमद को क्रिकेट के बारे में ज्ञान था। उनके नाना पूर्व बीडीपीओ नूर मोहम्मद सिंगलहेड़ी से भी उन्हें क्रिकेट के गुरु मिले। शहबाज अहमद तीसरी कक्षा में पढ़ते थे तभी वह क्रिकेट के बारे में वह माहिर हो चुके थे। पिता और चाचा उनको गेंदबाजी करते थे, उस समय भी वे चाचा- पिता पर भारी पड़ते थे और कई घंटे आउट नहीं होते थे। इसके बाद शहबाज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा, न केवल विजय हजारे ट्रॉफी तथा मुश्ताक अली ट्रॉफी में उनके प्रदर्शन की तारीफ चारों तरफ होने लगीं।

बल्कि पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली एवं कलाई के जादूगर मशहूर क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण की नजर उभरते हुए सितारे पर पड़ी तो शहबाज अहमद को वर्ष 2017 में बंगाल क्रिकेट टीम अंडर 23 वर्ष का सदस्य चुना गया। अहमद ने एक के बाद एक बेहतरीन क्रिकेट खेली। वर्ष 2018 में उन्हें बंगाल की तरफ से रणजी मैच खेलने का अवसर मिला। अहमद ने ताबड़तोड़ सेंचुरी मारी। आखिरकार एक के बाद एक कामयाबी हासिल कर रहे, इस सितारे पर भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद की उस समय नजर पड़ी। जब बंगाल की टीम का मुकाबला तमिलनाडु से हो रहा था। मैच खत्म होने के बाद भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने इस नौजवान क्रिकेटर शहबाज अहमद को अपने पास बुलाया और कहा कि बेटे भारतीय टीम में आपके लिए आपके प्रदर्शन ने सारे दरवाजे खोल दिए हैं।



**भारतीय क्रिकेट टीम में चयन होने के बाद खुशी में मिठाई खिलाते परिजन।**

### वर्ष 2020 में हुआ था आईपीएल में चयन

**वर्ष** 2020 में शहवाज अहमद का चयन आरसीबी की टीम में आईपीएल के लिए हुआ। शहबाज के परिजनों माता - पिता को यकीन था कि अब उनका बेटा एक दिन भारतीय टीम में शामिल होगा और देश और मेवात का नाम दुनिया भर में रोशन करेगा। शहबाज अहमद की कामयाबी से बेहद उत्साहित हैं, उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है तो एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाकर खुशी का इजहार किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन गोवंश और मांस बरामद, दो आरोपी भी दबोचे



**मेवात।** पिनगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत रिठट गांव से पुलिस व गो रक्षा दल के सदस्यों की संयुक्त रेड में तीन गोवंश व तकरीबन 50 किलो गोमांस के अलावा दो बाइक पुलिस ने बरामद की हैं। इतना ही नहीं छापेमारी में इनामुल हक और फरमान नाम के दो आरोपियों को दबोचने में भी सफलता मिली है। पिनगवां पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पिनगवां थाना प्रभारी सतबीर सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पुलिस व गोरक्षा दल के सदस्यों ने मिलकर रिठट गांव में छापेमारी की थी। सुबह करीब चार-पांच बजे की गई छापेमारी में जफरू के मकान से तीन गोवंश और करीब 50 किलो गोमांस बरामद करने के साथ दो बाइक भी पुलिस ने कब्जे में ली हैं। उन्होंने बताया कि इनामुल हक तथा फरमान नाम के व्यक्ति को दबोच लिया है, बाकि तीन आरोपी भागने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि आरोपियों को अदालत में पेश करने की तैयारी की जा रही है। एसएचओ ने बताया कि क्षेत्र में गोहत्या रोकने के लिए समय-समय पर लोगों से बैठक कर बातचीत की जाती है। क्षेत्र में गोहत्या को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### गोरक्षा दल के लोगों पर हमला करने का आरोप

**नूंह।** फिरोजपुर थाना क्षेत्र के गांव बघोला में देर रात गोरक्षा दल से जुड़े लोगों पर एक घर में घुसकर दंपति व उसके बच्चों के साथ मारपीट कर फायरिंग करने के आरोप लग रहे हैं। घटना में एक 13 साल की बच्ची गोली का छर्रा लगने से घायल हो गई। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर गोरक्षा दल के लोगों पर मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उधर दो दिन से हो रही घटनाओं को लेकर क्षेत्र के लोगों में रोष व्याप्त है। मंगलवार को कई गांवों के ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद के नेतृत्व में स्थानीय पुलिस के अधिकारियों से मुलाकात की और आरोपितों पर कार्रवाई की मांग की। गांव बघोला निवासी फकरू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने निर्माणाधीन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के नजदीक एक दुकान खोली हुई है। इसी दुकान के अंदर वो अपने परिवार के साथ रहता है। देर रात करीब तीन बजे सात से आठ गाड़ियों में अज्ञात लोग आए और आते ही उनकी दुकान पर रखी कांच की बोतलों को उनके ऊपर फेंकना शुरू कर दिया। इस दौरान जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपितों ने फायर कर दिया। फायरिंग के दौरान उनकी एक बेटी घायल हो गई। थाना प्रबंधक राधेश्याम ने बताया कि पीड़ित की शिकायत मिल गई है। क्षेत्र में तथाकथित गोरक्षा दल से जुड़े लोगों की इस तरह की कार्रवाई से कभी भी हालत बिगड़ सकते हैं। बघोला गांव की घटना के चंद घंटे बाद भी गोरक्षा दल से जुड़े लोग नूंह जिले के गांवों में ही घूम रहे हैं। पुलिस का खुफिया विभाग भी हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।

### पिछड़ा वर्ग आयोग मंडलों में करेगा जन सुनवाई

**नूंह।** 19 अगस्त को सुबह 11 बजे फरीदाबाद मंडल में शामिल नूंह, पलवल और फरीदाबाद जिलों के लोगों से पिछड़ा वर्ग आयोग हरियाणा जन सुनवाई करेगा। यह सुनवाई फरीदाबाद के हरियाणा शहरी विकास प्राधिकारिण के कनवेशन सेंटर सेक्टर 12 में की जाएगी। इसी दिन दोपहर बाद तीन बजे गुरुग्राम में सुनवाई की जाएगी। ठीक इसी तरह से 20 अगस्त को सुबह 10 बजे रोहतक और शाम को तीन बजे हिसार में सुनवाई होगी। 21 अगस्त को सुबह 10 बजे करनाल और दोपहर बाद तीन बजे अम्बाला सिटी में जनसुनवाई की जाएगी। हरियाणा सरकार पंचायती राज संस्थाओं - जिला परिषद्, ब्लाक समिति व ग्राम पंचायतों में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देना चाहती है। सरकार ने पिछड़ा वर्ग को आठ प्रतिशत आरक्षण का फैसला भी ले लिया था, लेकिन पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की रोक के चलते इसे वापस लेना पड़ा। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश भी आठ पिछड़ा वर्ग को आरक्षण के मामले में आए हुए हैं। उसी के चलते सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस (रि.) दर्शन सिंह की अध्यक्षता वाला यह आयोग अब जिलों में जनसुनवाई शुरू करेगा। 19 से 21 अगस्त तक की सुनवाई का शेड्यूल जारी हो गया है। हरियाणा पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सचिव की ओर से इस संबंध में संबंधित जिलों के डीसी को हिदायतें जारी की गई है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

**तावडू।** मंगलवार को तावडू शहर के पटेल नगर में किराए पर रह रहे एक 38 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में घर पर ही मौत हो गई। पीड़ित के परिजनों ने पुलिस को शिकायत देकर जांच की मांग की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। शिकरावा निवासी लक्खी ने बताया कि उसका सबसे बड़ा राजू पिछले लगभग छह महीने से तावडू में अपने बच्चों सहित एक किराए के मकान में रहता था। पीड़ित के मुताबिक तावडू में रहने के बाद से ही राजू मानसिक तनाव में रहता था। मंगलवार को उसके पौत्र सूरज ने उन्हें सूचना दी कि पिता ने फांसी लगा ली है और उनकी मौत हो गई। जिसके बाद वह मौके पर पहुंचे तो उन्हें राजू के गले में निशान मिले। पीड़ित ने शहर थाना पुलिस को शिकायत देकर इस मामले में उचित जांच की मांग की है। शिकायत के मुताबिक पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उत्कृष्ट कार्यों के लिए नफीस अहमद को किया सम्मानित



**सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर नफीस अहमद को सम्मानित करते विधायक सुधीर सिंगला।**

**नूंह।** आजादी का अमृत महोत्सव जश्न ए आजादी के 75वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान झंडे की रस्म अदा की गई। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने शिरकत की। इस दौरान नफीस अहमद एलए मेवात मॉडल स्कूल नूंह को उत्कृष्ट कार्यों के लिये समारोह के मुख्य अतिथि सुधीर सिंगला विधायक गुरुग्राम ने सम्मानित किया। इस दौरान नफीस अहमद ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ वह सामाजिक क्षेत्र में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। जिसकी बदौलत आज उनको यह सम्मान मिला है। इससे उनका और हौसला बढ़ा है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि अपने-अपने क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें। ताकि एकता और भाईचारे को बढ़ावा मिल सके।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## वैश्विक आतंकी

### चीन द्वारा बचाव

**भारत** और अमेरिका जैशे मुहम्मद के उप-प्रमुख व वांछित आतंकी अब्दुल रऊफ़ अजहर को 'वैश्विक आतंकी' घोषित करना चाहते हैं। चीन ने पाकिस्तान में रहने वाले लश्करे तैयबा-एलईटी के उप-प्रमुख अब्दुल रहमान मक्की को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित होने से बचाने के एक महीने बाद चीन ने ऐसा ही काम किया है। उसने जैशे मुहम्मद-जेईएम के उप-प्रमुख अब्दुल रऊफ़ अज़हर को 'वैश्विक आतंकी' घोषित करने के भारत व अमेरिका द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तावित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद प्रस्ताव पर वीटो कर दिया। वह एक और हत्यारे जिहादी व जेईएम के संस्थापिक मौलाना मसूद अजहर का छोटा भाई है। इस पर स्वाभाविक रूप से भारत ने चीन की खिंचाई करते हुए आतंक के खिलाफ युद्ध में उसकी 'दोमुंही बातों' व 'दुहरे मानकों' की ओर संकेत किया है। वास्तव में चीन का यह दोमुंहापन लंबे समय से जारी है। पिछले एक दशक में द पायनियर ने खबरें दी हैं कि उसने आधा दर्जन बार खूंखार जिहादियों का बचाव किया है। अकेले मसूद अजहर की ही उसने चार बार सहायता की है। चीन ने अपने कृत्य का बचाव करने के लिए परंपरागत लच्छेदार भाषा का इस्तेमाल किया है। संरा. में चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने एक खबरिया एजेंसी को बताया कि उसे 'मामले का अध्ययन करने के लिए थोड़ा और समय चाहिए।' चीन राजनयिक शब्दावली व तकनीकी बिंदुओं के पीछे छिप कर आतंकियों का बचाव कर रहा है। यह एक प्रकार से आतंकियों को समर्थन देने वाले पाकिस्तान की तात्कालिक सहायता है जिससे अनेक उद्देश्य पूरे होते हैं। लेकिन इससे धीरे-धीरे सबसे बड़े 'दुष्ट देश' के रूप में चीन की असलियत उजागर होती है जो नियमित रूप से छोटे दुष्ट देशों-पाकिस्तान व उत्तर कोरिया की सहायता करता है। वास्तव में, अमेरिकन इतिहासकार व नीति विश्लेषक माइकेल ए. लीडीन के शब्दों में चीन पहले ही एक परिपक्व 'फासीवादी' राज्य के रूप में सामने आ चुका था। यह संभवत: चीन का सर्वाधिक उपयुक्त विश्लेषण है।



अमेरिकी विद्वान का तर्क है कि चीन में मार्क्सवाद फासीवाद में बदल गया। लीडीन ने लिखा था कि परंपरागत संस्कृति को नापसंद करने वाले परंपरागत कम्युनिस्ट तानाशाहों से उलट माओ ने इसे बंजर मार्क्सवाद-लेनिनवाद के स्थान पर रख दिया। महान नेता के सर्वाधिक माओवादी वारिस शी जिनपिंग ने सर्वाधिक जोश के सथ चीन के लंबे इतिहास की गरिमा को गले लगाया। हालांकि, चीन का फासीवाद कभी ढका-छिपा नहीं था, लेकिन पिछले कुछ साल से दुनिया देख रही है कि एक फासीवादी राज्य कितनी बड़ी विभीषिका का कारण बन सकता है। खतरा खासकर उसके नाभिकीय हथियारों व हाइपरसोनिक मिसाइलों से लैस होने पर और गंभीर हो जाता है। सभी जानते हैं कि आज चीन अमेरिका तथा कुछ सीमा तक रूस को छोड़ कर दुनिया का सर्वाधिक शक्तिशाली देश है। साथ ही इस तथ्य से भी सभी परिचित हैं कि वह लगातार भारी समस्यायें पैदा करता रहता है। दुनिया भर में पूरी बेशर्मी से व जानबूझ कर कोरोनावायरस फैलाने के बाद उसने जून, 2020 में गलवान में भारतीय सैनिकों पर क्रूर हमला बोला। इसके साथ ही वह ताइवान को डरा कर पड़ोस के अन्य देशों का उत्पीड़न करना चाहता है। उसने कुख्यात 'बेल्ट एंड रोड' पहल से दुनिया भर के गरीब देशों को कर्ज के जाल में फंसा लिया है और वह जिहादी आतंकियों का बचाव करते हुए भी अपने देश में धार्मिक व नस्ली अल्पसंख्यकों का नरसंहार कर रहा है। इस प्रकार दुनिया में ऐसा कोई अपराध या पाप नहीं है जो चीनी कम्युनिस्ट पार्टी न कर सकती हो। यदि उन्होंने पहले ही ऐसे कदम न उठाए हों तो भारत और अन्य लोकतंत्रों को उससे अपनी रक्षा की व्यवस्था करनी चाहिए। उनको चीन से जिम्मेदारी भरे व्यवहार की उम्मीदें या अवधारणायें छोड़ देनी चाहिए। उनको इस आधार पर अपनी नीतियां व रणनीतियां बनानी चाहिए कि चीन सुधरने वाला नहीं है।

# बाजार शक्तियों को तय करने दें कीमतें

कृषि बाजार की शक्तियां कृषि उत्पादों के दाम तय करने में बेहतर भूमिका निभा सकती हैं, इसलिए मूल्य भुगतान में डीपीपीएस व्यवस्था लागू होनी चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद्र ने 6 जुलाई 2022 को 'कृषि बाजारों में सुधार' पर एक सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने डिफिसिएन्सी प्राइस पेमेंट सिस्टम-डीपीपीएस की पैरवी की जो वर्तमान समय में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी पर किसानों से फसलें खरीदने का विकल्प होगा। सवाल है कि एमएसपी आधारित व्यवस्था की क्या समस्या है? और डीपीपीएस इससे उबरने में कैसे सहायता कर सकती है? वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई जैसी सरकार की एजेंसियां गेंहूं, चावल-धान व मोटे अनाज जैसे कृषि उत्पाद किसानों से एमएसपी पर खरीदती हैं और उनको उचित मूल्य की दूकानों के नेटवर्क से 1,2,3 रुपये प्रति किलो की सस्ती कीमतों पर वितरित करती हैं, जिसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली-पीडीएस कहा जाता है। इसका उद्देश्य भारत के गरीबों की आवयकतायें पूरी करना है। 1,2,3 रुपये कीमत से अधिक एमएसपी तथा हैंडलिंग, भंडारण व वितरण खर्च-एचएसडी का सब्सिडी के रूप में भुगतान किया जाता है। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग-सीएसीपी की संस्तुतियों के आधार पर सरकार ने खरीफ और रबी फसलों की 22-23 फसलों के एमएसपी तय किए हैं। लेकिन एफसीआई व अन्य राज्य एजेंसियों द्वारा खरीद मुख्यत: केवल चावल व गेंहूं तक सीमित है। दालों व तिलहन जैसी अन्य महत्वपूर्ण फसलों की खरीद नेशनल एग्रीकल्चरल कोआपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन आफ इंडिया लिमिटेड-नैफेड द्वारा की जाती है।

इस व्यवस्था का उद्देश्य 800 मिलियन से अधिक लोगों को 'खाद्य सुरक्षा' सुनिश्चित करने के लिए 'सस्ती' कीमतों पर अनाज उपलब्ध कराना है। यह संसद द्वारा 2013 में बनाए गए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून-एनएफएसए के अनुपालन में होता है जो इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। किसानों को उसकी फसलों की आकर्षक कीमतें देना इस मुख्य लक्ष्य की पूर्ति में सहायक है। 1960 के दशक में एक कार्यकारी आदेश से लागू एमएसपी व्यवस्था किसानों को पंजाब, हरियाणा व पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 'हरित क्रांति' के माध्यम से धान व गेंहूं का अधिक उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए थी। हालांकि, उन दिनों इसके पीछे इरादा खाद्यान्नों की कमी को संबोधित करना था, पर आज देश अतिरिक्त खाद्यान्न पैदा करने लगा है। इस मूलभूत परिवर्तन के बावजूद सरकार एक बड़े अंतर के साथ एमएसपी व्यवस्था लगातार चला रही है। जहां पहले राज्य की एजेंसियां केवल पीडीएस तथा 'रणनीतिक बफर' की आवश्यक मात्रा के अनुरूप खरीद करती थी, पर आज इनमें कोई संबंध नहीं रह गया है। आज सरकार एक खुली खरीद नीति चला रही है जहां एजेंसियां लगातार बढ़ती एमएसपी पर यथासंभव अधिकाधिक मात्रा में अनाज खरीदती हैं। सत्तारूढ़ अवस्थापना इस मामले में एक प्रकार से चुनावों द्वारा संचालित है। अगला कार्यकाल पाने के लिए सरकारों का मूल्यांकन इस आधार पर होता है कि उन्होंने एमएसपी में कितनी वृद्धि की तथा किसानों से कितनी खरीद की गई। यह अभियान एक मिशनरी भावना से संचालित होता है और इस बात की चिन्ता नहीं की जाती है कि खरीदे गए अनाज की आवश्यकता है या नहीं। इस व्यवस्था ने अनेक समस्यायें पैदा की हैं। अक्सर अनाज की खरीद एजेंसियों की भंडारण क्षमता से अधिक होती है, उनकी अक्षमताओं व अधिक खर्च के कारण भारी बरबादी होती है, बड़े पैमाने पर अनाज का दुरुपयोग व अन्य कामों में उपयोग होता है, सब्सिडी में असाधारण रूप से वृद्धि होती है तथा भारत द्वारा डब्लूटीओ को दी गई प्रतिबद्धता के उल्लंघन का खतरा पैदा होता है। यह स्थिति तब है जब केवल 6 प्रतिशत किसानों को एमएसपी का लाभ मिल पाता है, एमएसपी केवल कुछ ही फसलों पर लागू होता है तथा एजेंसियां उत्पादित गेंहू व चावल का लगभग 30 प्रतिशत ही खरीदती हैं। सभी 22-23 फसलों व अतिरिक्त उत्पाद बेचने के इच्छुक 'सभी' किसानों पर योजना लागू करने के लिए शोर-शराबा मचाया जा रहा है। यदि ये मांगें मान ली जाएं तथा किसानों के साल भर चले आंदोलन की मांग मानते हुए इसकी 'कानूनी गारंटी' दे दी जाए तो यह निश्चित रूप से आर्थिक विभीषिका तथा केन्द्र सरकार के वित्तीय दीवालिया होने का कारण बनेगा।

डीपीपीएस योजना के अंतर्गत सरकार को केवल चयनित फसलों के लिए मंडी में बिक्री व एमएसपी के बीच अंतर का मुआवजा देना होगा। यह वर्तमान व्यवस्था से उलट है जहां राज्य एजेंसियां वास्तव में एमएसपी पर किसानों का उत्पाद खरीदती हैं। प्रस्तावित व्यवस्था में इसकी आवश्यकता नहीं होगी। मध्य प्रदेश ने पहले चयनित फसलों पर डीपीपीएस का प्रयोग किया है, वहीं हरियाणा कुछ वस्तुओं के लिए इसे लागू करने की तैयारी कर रहा है। रमेश चंद्र चाहते हैं कि केन्द्र सरकार इस योजना को अखिल भारतीय स्तर पर लागू करने के लिए विचार करे। यदि सरकार केवल पीडीएस की आवश्यकता के अनुसार कृषि उत्पादों की खरीद करे तो डीपीपीएस की उस सीमा तक कोई प्रासांगिकता नहीं होगी। यह केवल उस मात्रा का स्थान लेगी जो एजेंसियां वर्तमान समय में पीडीएस की आवश्यकता से अधिक खरीदती हैं अथवा इनमें दालों व तिलहन जैसी चीजें शामिल हो सकती हैं जिनकी खरीद नैफेड किसानों की सहायता के लिए करता है। डिफीसियेंसी मूल्य व्यवस्था के अंतर्गत इस खरीद को स्थानापन्न करने से सरकार का वह पैसा बचेगा जो वह वर्तमान समय में हैंडलिंग व कैरीइंग कास्ट-एचएंडसीसी पर खर्च करती है। इसके साथ ही वह उस नुकसान से भी बचेगी जो वह एमएसपी से कम कीमत पर खेली बाजार बिक्री योजना-ओएमएसएस में अनाज बेच कर उठाती है। उदाहरण के लिए, यदि एक किलो गेंहू का एमएसपी 20 रुपये तथा एचएंडसीसी 10 रुपये हो और एजेंसी उसे 15 रुपये में बेचे तो नई योजना से 15 रुपये की बचत होगी। सिद्धान्त रूप से डिफीसियेंसी मूल्य भुगतान के पक्ष में निर्णय करने पर सरकार को इसे सभी किसानों तक विस्तारित करना होगा तथा सभी फसलों को इसमें शामिल करना होगा, जबकि वर्तमान व्यवस्था में एमएसपी समर्थन 'केवल उन लोगों तक सीमित है जिनसे वह खरीदती है'। लेकिन डीपीपीएस के अंतर्गत कवरेज के काफी विस्तार के कारण न खरीदने के कारण होने वाली बचत अधिक खर्च से निरर्थक हो जाएगी। इसका परिणाम यह होगा कि प्रस्तावित योजना के अंतर्गत भी सब्सिडी बढ़ने को रोकना संभव नहीं होगा। वर्तमान योजना योजना के अंतर्गत एमएसपी की गणना खेती पर खर्च की औसत अखिल भारतीय लागत के आधार पर की जाती है। यदि यह गणना किसानों के व्यक्तिगत स्तर पर खर्च के आधार पर की जाए तो यह विभिन्न स्थानों पर निर्भर करेगी। ऐसा होने पर उन किसानों को लाभ होगा जिनका वास्तविक खर्च औसत से कम होता है, हालांकि इसका उल्टा भी हो सकता है। यदि डीपीपीएस के अंतर्गत एमएसपी की गणना स्थानीय मंडी से तुलना कर की जाए तो भी विकृति बनी रहेगी। इसके लिए स्थानीय स्तर पर एमएसपी की गणना कर उसकी तुलना स्थानीय मंडी से करनी होगी। यह डेटा संग्रह, विश्लेषण व क्रियान्वयन के लिए भारी चुनौती पेश करेगी। इस प्रकार चाहे एमएसपी की व्यवस्था हो अथवा प्रस्तावित डीपीपीएस, दोनों में सब्सिडी का बोझ बढ़ता रहेगा और यह डब्लूटीओ को दी गई प्रतिबद्धता के उल्लंघन का कारण बन सकता है।

ऐसे में आगे बढ़ने का क्या रास्ता है? राज्य की ओर से ऐसी सहायक व्यवस्था बनाना असंभव है जो सभी किसानों व सभी फसलों की देखभाल कर सके। यह काम पूरी तरह बाजार शक्तियों पर छोड़ दिया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ऐसी परिस्थिति पैदा करनी चाहिए जिसमें सभी किसानों के सामने अपनी फसल बेचने के अनेक विकल्प हों तथा उनको अच्छी कीमत मिल सके। इसके लिए तीन केन्द्रीय कृषि कानूनों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता हो सकती है। आवश्यकता होने पर सरकार गरीब किसानों को प्रत्यक्ष आय सहायता दे सकती है। वर्तमान समय में पीएम किसान सम्मान निधि में सभी किसान शामिल हैं, इसे बढ़ी धनराशि के साथ गरीब किसानों तक सीमित किया जा सकता है। यह व्यवस्था उन विकृतियों से मुक्त होगी जो एमपीएस-डीपीपीएस को प्रभावित करती हैं। इससे डब्लूटीओ में भी भारत से सवाल नहीं पूछा जाएगा। खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार पीडीएस तथा 'रणनीतिक बफर' की आवश्यकता के लिए बाजार से खरीद सकती है। आदर्श रूप से वह लाभार्थी को सीधे भी सब्सिडी दे सकती है जिससे वह अपनी आवश्यकता बाजार से पूरी कर सकता है। उदाहरणार्थ, एक किलो गेंहूं के लिए वह 28 रुपये लाभार्थी के खाते में भेज सकती है जिससे वह 2 रुपये अपनी जेब से खर्च कर 30 रुपये की पूरी कीमत पर अनाज खरीद सकता है।

# जवाहिरी का सफाया महत्वपूर्ण घटना

**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



अफगानिस्तान में अयमान अल जवाहिरी की उपस्थिति दोहा में 29 फरवरी, 2020 को हस्ताक्षरित अमेरिका-तालिबान समझौते तथा स्वयं तालिबान द्वारा दिए आश्वासनों का घोर उल्लंघन था। उसे 31 जुलाई, 2022 को काबुल में एक अमेरिकी ड्रोन ने दो एजीएम 114आर9एक्स हेलफायर मिसाइलें दाग कर मार डाला। समझौते के भाग दो की पहली धारा के अनुसार तालिबान 'अपने किसी सदस्यों तथा अलकायदा समेत अन्य व्यक्तियों व समूहों को अफगानिस्तान की धरती का प्रयोग संयुक्त राज्य अमेरिका या उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने के लिए करने की अनुमति नहीं देंगे।' दूसरी धारा में कहा गया है कि तालिबान 'उन लोगों को स्पष्ट संदेश देंगे कि संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वालों का अफगानिस्तान में कोई स्थान नहीं है। वे अपने सदस्यों को निर्देश देंगे कि संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाले ऐसे समूहों या व्यक्तियों के साथ सहयोग न करें।' तीसरी धारा में कहा गया था कि 'तालिबान अफगानिस्तान में ऐसे समूह या व्यक्ति पर रोक लगाएंगे जो संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरे में डालेगा तथा उसे भर्ती, प्रशिक्षण व पैसा एकत्र करने से रोकेंगे और इस समझौते की प्रतिबद्धता के अनुरूप उसे अतिथि नहीं बनाएंगे।'

धारा 4 के अनुसार तालिबान ने प्रतिबद्धता प्रकट की थी कि वे 'अफगानिस्तान में शरण लेने या रहने की इच्छा करने वालों के साथ अंतरराष्ट्रीय आप्रवासी कानून और इस समझौते की प्रतिबद्धताओं के अनुसार व्यवहार करेंगे ताकि ऐसे व्यक्ति संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा न पैदा कर सकें।'

धारा 5 के अनुसार उन्होंने प्रतिबद्धता प्रकट की थी कि वे 'संयुक्त राज्य अमेरिका व उसके सहयोगियों की सुरक्षा को खतरा पैदा करने वालों को वीसा, पासपोर्ट या यात्रा परमिट या अन्य विधिक दस्तावेज नहीं प्रदान करेंगे।' जहां तक आश्वासनों का सवाल है, 17 अगस्त, 2021 को काबुल में अपनी पहली आधिकारिक प्रेस कान्फ्रेंस में तालिबान प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने कहा था कि तालिबान अन्य देशों के साथ शांतिपूर्ण संबंध चाहते हैं और किसी भी समूह को अफगान क्षेत्र का प्रयोग अन्य देशों पर हमलों के लिए नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने अमेरिका समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय को आश्वस्त किया था कि 'किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा। हम कोई भीतरी या बाहरी दुश्मन नहीं चाहते हैं।'



अल जवाहिरी उसी समय से अलकायदा के नेता थे जब अमेरिकी नैवी सील की टीम ने मई, 2011 में ओसामा बिन लादेन को मारा था। उन्होंने अमेरिका पर 9-11 आतंकी हमले के साथ अनेक अन्य हमलों की योजना बनाने में प्रमुख भूमिका अदा की थी। उन्होंने कई बार मुसलमानों से अमेरिकनों की हत्या का आह्वान किया था। ऐसे में कोई संदेह नहीं कि अल जवाहिरी किसके पक्ष में थे। आश्चर्य नहीं कि अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन ने एक बयान में कहा था कि अल जवाहिरी की काबुल में उपस्थिति 'दोहा समझौते तथा दुनिया को बार-बार दिए आश्वासनों का घोर उल्लंघन था कि तालिबान अफगानिस्तान की धरती का प्रयोग उन आतंकियों को नहीं करने देंगे जो अन्य देशों की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं।' यह बात समझी जा सकती है कि वैश्विक मान्यता के लिए अत्यधिक प्रयासरत तथा विदेशों में जब्त धन व सहायता प्राप्त करने की इच्छा रखने वाले तालिबानों ने स्वयं को इस मामले से अलग रखने के प्रयास किए हैं। ड्रोन हमले की निन्दा करते हुए उन्होंने 4 अगस्त, 2022 को जारी बयान में अल जवाहिरी के आने व काबुल में रहने की जानकारी से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने 'खुफिया एजेंसियों से पूरे मामले की जांच करने के साथ ही घटना के विभिन्न आयामों की एक समग्र व गंभीर जांच के निर्देश दिए हैं।' उन्होंने यह आश्वासन भी दिया है कि 'अफगानिस्तान की धरती से अमेरिका समेत किसी देश को कोई खतरा नहीं है।'

इसके साथ ही उनका कहना है कि इस्लामी अमीरात दोहा समझौते का क्रियान्वयन तथा उसके उल्लंघनों की समाप्ति चाहता है। लेकिन उनका यह बयान एक प्रकार से हास्यास्पद लगता है। यदि अमेरिका अल जवाहिरी का पता लगा कर उसे मार सकता है तो यह संभव नहीं कि तालिबानों के उसके काबुल में आने व वहां ठहरने का पता न हो। मई, 2022 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शन्स मानीटरिंग टीम-एस्मेट की 13वीं रिपोर्ट के अनुसार, अलकायदा व तालिबान के बीच नजदीकी संबंध बने हुए हैं। यह अफगानिस्तान व क्षेत्र में अलकायदा की उपस्थिति से रेखांकित होता है। अलकायदा के प्रमुख नेता तथा उनसे जुड़े समूहों, जैसे भारतीय उप-महाद्वीप के अलकायदा-एक्यूआईएस की उपस्थिति वहां बनी हुई है। पता चला है कि अल जवाहिरी एक घर में रह रहा था जो सिराजुद्दीन हक्कानी के एक वरिष्ठ सहायक का था। वह तालिबान का उप नेता, तालिबान सरकार में आंतरिक मामलों का मंत्री तथा हक्कानी आतंकी नेटवर्क का प्रमुख था जिसके हमेशा अलकायदा से नजदीकी संपर्क रहे हैं। एस्मेट की 13वीं रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि तालिबान जैशे मुहम्मद व लश्करे तैयबा को भी शरण देते रहे हैं। यह तर्क गले नहीं उतरने वाला है कि उनको अफगानिस्तान में रहने की अनुमति थी, पर उन पर कठोर निगरानी की जा रही थी। एस्मेट की रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान के प्रतिद्वंद्वी इस्लामिक स्टेट इन खुरासान प्राविंस-आईएसकेपी या अलकायदा 'विश्वास किया जाता है कि कम से कम 2023 तक अंतरराष्ट्रीय हमले करने में सक्षम नहीं होंगे, भले ही उनका इरादा चाहे जो हो अथवा तालिबान उन पर नियंत्रण करने में सक्षम हों या नहीं।' इसलिए यह तर्क उचित नहीं लगता कि तालिबान ने उनको कमजोर कर दिया है। कहा जाता है कि ये समूह अफगानिस्तान में तालिबान गुटों के समर्थन के कारण बने हुए हैं। इससे यह सवाल भी उठता है कि क्या आंशिक समर्थन उनको बड़े पैमाने पर आतंकी हमले करने में सक्षम नहीं बनाता है ताकि वैश्विक स्तर पर शरीया की स्थापना की जा सके? वर्तमान स्थितियों को देखते हुए इसका जवाब 'हां' है। दुनिया को आगामी एक-दो साल में आतंकी हमलों की नई लहर का सामना करना पड़ सकता है।

## आप की बात

### स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

**भारत** माता को गुलामी की जंजीरों से आज़ाद हुए आज 75 वर्ष हो गए हैं। आज भारत अपना 75वां स्वतंत्रता दिवस माना रहा है। अब इस सुनहरे पल के चलते भारत इस तारीख को और खास बनाने में जुटा हुआ है, एक ओर जहां आज़ादी का अमृत महोत्सव के चलते विकास कार्य किए जा रहा है वही दूसरी ओर मुहीम जैसे हर घर तिरंगा के जरिए लोगों को आजादी का महत्व समझाया जा रहा है। आमजन भी इस दिन को और यादगार बनाने की कोशिश कर रहा है जो उसके प्रयासों से झलकता भी है। आज़ादी मिलने तक का सफर भारत के लिए काफ़ी चौनौतीपूर्ण रहा; यह लोग समझें इसलिए सरकार हर तरीके से भारतीय वीरों और वीरांगनाओं के कामों से लोगो को रूबरू करवा रही है। आज हर भारतीय गौरवान्वित महसूस कर रहा है। लेकिन एक सच्चे भारतीय के रूप में अगर हमें उभरना है तो इस दिन को साक्षी मानकर हमें भारत को स्वच्छ और सेहतमंद बनाने की ओर कार्य करने होंगे। अगले 75 वर्षों में विकसित भारत के रूप में उभरने का यही रास्ता है। खै़र हर भारतीय के लिए आज खास दिन है; सभी भारतीयों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

– **निखिल रस्तोगी**, बरेली

### स्वागतयोग्य कदम

**पंजाब** सरकार द्वारा एक विधायक एक पेंशन संबंधित विधेयक को मंजूरी प्रदान की हैं जो कि वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों में लिया गया स्वागत योग्य कदम है देश में पंजाब एकमात्र राज्य हो गया है जहां यह महत्वपूर्ण एवं दूरगामी परिणाम वाली व्यवस्था लागू की गई है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने इस पर प्रसन्नता जाहिर की है और कहा की पंजाब की जनता का 80 करोड रुपए बचेगा जिसको जनता के हित में खर्च किया जाएगा। देखा जाए तो किसी राज्य के द्वारा उठाया गया एक ऐतिहासिक, साहसिक एवं अभूतपूर्व कदम है जिसके माध्यम से राजनेताओं को यह संदेश दिया गया है कि राज्य को अनावश्यक खर्चे से बचना होगा । देश के सभी राज्यों में जन प्रतिनिधियों को जितनी बार विधायक और सांसद बनते हैं उसी अनुपात में पेंशन दी जाती है जिस पर केंद्र एवम राज्य सरकार को अरबों रुपए खर्च करना पड़ता ह जिस पर अब विरोध खड़ा हो गया है और संभवत सुप्रीम कोर्ट में भी यह मामला लंबित हैं। देश में ऐसे उदाहरण हैं कि एक विधायक अथवा सांसद पांच रुपया 5 लाख की मासिक पेंशन का हकदार है। वर्तमान आर्थिक चुनौतियों को देखते हुए इस तरह का प्रावधान सभी राज्यों को करना होगा।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** नई दिल्ली

### जातीयता का दंश

**राजस्थान** में कक्षा 3 के छात्र द्वारा हेडमास्टर की मटकी का पानी पीने पर इतनी बेरहमी से पिटाई की कि दलित छात्र की 23 दिन बाद जान चली गई। ऐसी कई खबरें आए दिन आती रहती है। जो आजादी के 75 वर्ष बाद, अमृत महोत्सव में बदनुमा दाग लगाती है। एक तरफ हम हमारी अनेकता में एकता पर गुमान करते हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी अगड़े पिछड़े, हरिजन, दलित के दलदल से बाहर निकल नहीं पा रहे है। आखिर इस प्रकार के भेदभाव वाले प्रकरण कब तक देश की एकता में पलीता लगाते रहेंगे। होना तो यह चाहिए कि हम सबको मिलकर %जो देश हमें सब कुछ देता है%, उस देश का सामूहिक प्रयास से कंधे से कंधा मिलाकर विकास निर्माण करें । मगर जातिवाद का ऊंचा नीचा भेदभाव अभी भी अमृत काल में विष की तरह भरा हुआ है । अब तो इस प्रकार की भेदभाव व कटुता वाली दूरियां खत्म होनी ही चाहिए । तभी हमारा यह अमृत काल स्वर्ण काल में बदल पाएगा, वर्ना ऐसी घटिया व बीमार मानसिकता अमृत महोत्सव जैसे गौरवान्वित करने वाले क्षणों की सार्थकता पर प्रश्न चिन्ह लगाते रहेंगे!

– **हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**pioneerhry@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हम** प्रयास कर रहे हैं। हम अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन का सर्वोत्तम प्रयास करेंगे।

– **नीतीश कुमार**
बिहार के मुख्यमंत्री

**मैं** शहबाज गिल के खिलाफ हिंसा की निन्दा करता हूं। किसके आदेश से उनके खिलाफ मुकदमा चलाया जा रहा है।

– **इमरान खान**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री





**लालू**-नीतीश के नए गठबंधन पर लालू से-'सांप आपके घर में घुस गया है।'

– **गिरिराज सिंह**
भाजपा नेता

# हर घर फहरते तिरंगे ने दिया शहीदों के बलिदान का संदेश : चौटाला

## बिजली मंत्री ने पिहोवा में जिलास्तरीय कार्यक्रम में किया राष्ट्रीय ध्वजारोहण

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** के बिजली और जेल मंत्री रणजीत सिंह चौटाला ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। यह हमें देश के लिए जीने और मर-मिटने की प्रेरणा देता है। इसी तिरंगे की खातिर अनेक देशभक्तों ने हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौंछावर कर दिए।

इसी तिरंगे की खातिर देश की सरहदों पर डटे जवान अपनी जान से खेल जाते हैं, परन्तु इसकी शान को जरा भी आंच नहीं आने देते। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 13 से 15 अगस्त तक देशभर में हर घर में तिरंगा की अनूठी मुहिम चलाई है। हर घर की मुंडेर पर फहराता तिरंगा हर देशवासियों को हमारे शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के अनुपम बलिदानों का स्मरण करवाता है। बिजली मंत्री रणजीत चौटाला सोमवार को पिहोवा अनाज मंडी के प्रांगण में जिला प्रशासन की तरफ से आयोजित जिलास्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यातिथि बिजली मंत्री रणजीत चौटाला, उपायुक्त मुकुल कुमार, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरियां, एसडीएम सोनू राम, खेल मंत्री संदीप सिंह के पिता गुरचरण सिंह, नगर पालिका चेयरमैन आशीष चक्रपाणी ने शहीदी स्मारक पर पुष्पचक्र भेंटकर शहीदों को श्रृद्धाजंलि दी। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने पिहोवा अनाज मंडी के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर ध्वजारोहण किया और परेड का निरीक्षण किया।

मंच का संचालन डीआईपीआरओ डॉ. नरेन्द्र सिंह ने किया।


बिजली मंत्री को तस्वीर भेंट करते डीआईपीआरओ डीसी मुकुल कुमार, डीआईपीआरओ डॉ. नरेंद्र व अन्य प्रशासनिक अधिकारी।

### जन सम्पर्क विभाग की ओर से भेंट की तस्वीर

मुख्य अतिथि बिजली मंत्री रणजीत चौटाला को जिला सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग की तरफ से उपायुक्त मुकुल कुमार, डीआईपीआरओ डॉ. नरेन्द्र सिंह, संजीव कुमार, विक्रम सैनी, रजवंत कौर, मोहित कुमार ने स्वतंत्रता दिवस के ध्वजारोहण व कार्यक्रम की अन्य तस्वीर भेंट की है।

### स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के परिजनों तथा आपातकाल की त्रासदी झेलने वालों को सम्मानित किया, जिनमें स्वतंत्रता सैनानियों की वीरांगना सुरजीत कौर, शांति देवी, सुरजीत कौर, शहीदों की वीरांगना सुनीता, सतपाल कौर, सुरजीत कौर, सुरिंद्र कौर, सिमरनजीत कौर, शहीद की माता सुरक्षा देवी, आपातकाल के पीड़ित की पत्नी दलबीर कौर का नाम शामिल है।


कुलपति प्रो. समर सिंह व अन्य तिरंगा यात्रा निकालते हुए।

# महाराणा प्रताप बागवानी विवि में मनाया आजादी का पर्व

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल

**महाराणा** प्रताप बागवानी विवि करनाल में आजादी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। एमएचयू कुलपति प्रो. समर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि तिरंगा झंडा फहराया। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने भाग लिया।

कुलपति प्रो समर सिंह ने बताया कि आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे है, ये हमारे वीर शहीदों की बदौलत है, जिन्होंने अपना जीवन आजादी की लड़ाई में न्यौंछावर कर दिया। स्वतंत्रता दिवस पर हम अपने वीरों का याद कर रहे है। उन्होंने कहा कि तिरंगा ही आन है, तिरंगा ही शान ओर तिरंगा ही हम हिंदुस्तानियों की पहचान है। कुलपति ने कहा कि देश की आन से हमारी आन बढ़ती है ओर देश की शान हमारी शान बढ़ती है, अगर स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ जानना है तो पिंजड़े में बंद पंछियों से पूछो। उन्होंने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि राष्ट्रध्वज की गरिमा को बनाएं रखने की हम सब की जिम्मेदारी बनती हैं।

हम सभी को मिलजुल कर देश की उन्नाति में अपना अहम योगदान देना चाहिए। वहीं विभाजन विभिषिका स्मृति दिवस पर बागवानी महाविद्यालय में प्रदर्शनी लगाई गई। विवि कर्मचारियों, अधिकारियों ने तिरंगा यात्रा निकाली।

विवि के सभी क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्रों पर तिरंगा झंडा फहराया गया ओर सलामी दी गई। मौके पर कुलसचिव डॉ. अजय सिंह, अनुसंधान निदेशक डॉ. आरके गोयल, डॉ. राजकुमार, डॉ. सोनिया, डॉ. बिमला, ईओ सुरेश सैनी, एक्सईएन अनूज गुप्ता, डॉ. विजय अरोड़ा, डॉ. अजय कुमार, राहुल कलकल सहित विवि स्टाफ मौजूद रहा।

## संक्षिप्त-समाचार

### लायंस क्लब ने संदीप गर्ग की अगुवाई में निकाली तिरंगा यात्रा


मुख्य मार्ग पर तिरंगा यात्रा निकालते समाजसेवी संदीप गर्ग, लायंस क्लब के सदस्य व युवा।

**कुरुक्षेत्र।** लाडवा के लायंस क्लब द्वारा स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग की अगुवाई में सैकड़ों युवाओं ने मोटरसाइकिल पर तिरंगा यात्रा निकाली। जो कि शहर के सत्यम एन्कलेव से शुरू हुई और मुख्य मार्गो से होती हुई गांव मथाना के एचसी मैमोरियल पब्लिक स्कूल में समाप्त हुई। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हम एक आजाद देश में खुले आसमान के नीचे रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें उन सैनिकों को भी सलाम करना चाहिए। जिनके कारण आज हम खुली हवा में सांस ले रहे है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय नागरिक घर व संस्थान पर तिरंगा झंडा लगा रहा है और भारतीय होने का गर्व महसूस कर रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार को शहर के सत्यम एन्कलेव से शुरू हुई और मुख्य मार्गो से होती हुई गांव मथाना के एचसी मैमोरियल पब्लिक स्कूल तक सैकड़ो युवाओं ने मोटरसाईकिल तिरंगा यात्रा निकाली। मौके पर लांयस क्लब के प्रधान गुरमीत शेरा, विशाल गर्ग, पारस गर्ग, अश्वनी जैन, महेश गर्ग, अनुज गर्ग, पंकज बंसल, विजय ढींगड़ा, डॉ. सचिन ढींगड़ा, हितेश धीमान, सागर, रविन्द्र राजू, अश्वनी कुमार, मानिक, मेहताब सिंह, सतीश कुमार, शेर सिंह, सुरेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद थे।

### स्वास्थ्य चेकअप को मोबाइल मेडिकल वैन की समर्पित


गांव मथाना के एचसी मैमोरियल स्कूल में लोगों के स्वास्थ्य के लिए मेडिकल समर्पित करते समाजसेवी संदीप गर्ग।

**कुरुक्षेत्र।** स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा 15 अगस्त के अवसर पर लाडवा हल्के के लोगों को मोबाइल मेडिकल वैन समर्पित की गई। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि उन्होंने लाडवा हल्के की जनता से वायदा किया था कि 15 अगस्त को वह लाडवा हल्के की जनता को एक मेडिकल वैन समर्पित करेंगे। इसमें लोगों के मात्र 50 रुपये के हिसाब से अनेक प्रकार के टेस्ट बीमारियों के किये जाएंगे। जो लैब में एक हजार से लेकर चार हजार रुपये तक में किए जाते हैं। जिसका शुभारंभ गांव मथाना के एचसी मैमोरियल स्कूल से स्कूल में पढ़ने वाली छोटी सी छात्रा द्वारा रिबन काटकर किया गया। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के की जनता के लिए अनेक प्रकार के कार्य करते रहेंगे ताकि लोगों का भला होता रहे। उन्होंने कहा कि वह सदैव लाडवा हल्के की जनता की सेवा करने के लिए तत्पर है। इससे पूर्व उन्होंने स्कूल परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया व बच्चों द्वारा अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गए। वहीं पुरस्कार वितरण समारोह में दौरान उन्होंने विजेता बच्चों को और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर स्कूल चेयरमैन संजीव गौड़, प्राचार्या अपूर्वा, मंजू शर्मा, सुनील, दीपक, बलविन्द्र कौर, निताशा शर्मा, अश्वनी जैन, महेश गर्ग, अनुज गर्ग, पंकज बंसल, विजय ढींगड़ा, हितेश धीमान, सागर, रविन्द्र राजू, अश्वनी कुमार, मेहताब सिंह, सतीश कुमार, शेर सिंह, सुरेन्द्र गुप्ता आदि मौजूद थे।

### नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस



नवयुग स्कूल में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

**कुरुक्षेत्र।** नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में विद्यालय स्तर पर कई गतिविधियां करवाई गईं। 15 अगस्त के कार्यक्रम का आरंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य ने राष्ट्रीय ध्वज फहरा कर किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंच का संचालन अध्यापिका स्नेह और मधु ने किया। सबसे पहले कक्षा नवम तथा एकादश की छात्राओं ने देश भक्ति से परिपूर्ण समूह गान पेश किया। इसके बाद कक्षा तृतीय से पंचम के विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीतों पर नृत्य पेश किया और सबका मन मोह लिया। अध्यापिका कविता ने इस मौके पर अपने विचार रखे और बच्चों को आज के दिन का महत्व बताया। प्रधानाचार्य बीडी गाबा ने भी बच्चों को संबोधित किया। उन्होंने इस दिन को मनाने के महत्व को बताया और सभी बच्चों को अपने देश के प्रति ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ रहने को कहा। बच्चों को समझाते हुए उन्होंने बताया की यह वर्ष हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि इस वर्ष हमने अपनी स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं, इसकी स्वतंत्रता को बनाए रखना और देश को आगे बढ़ाने का कार्य आज की पीढ़ी पर ही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापिका स्वाति, आशा, मंजीत, पूनम, रिहाना ,मोनिका का विशेष योगदान रहा।

# नुक्कड़ नाटक से दिया देशप्रेम का संदेश


ध्वजारोहण करते प्राचार्य कंवल सचदेवा व अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**राजकीय** बहुतकनीकी संस्थान उमरी में स्वतंत्रता दिवस के मुख्य अवसर पर ध्वजारोहण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसमें संस्थान के प्राचार्य अभियंता कंवल सचदेवा द्वारा संस्थान के प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया और कार्यक्रम में संस्थान की छात्रा धारण शर्मा, इशिता, वीनू, जैसिका आदि छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग प्रस्तुति दी गई, जैसे देशभक्ति के गीत और नुक्कड़ नाटक आदि। मंच का संचालन संस्थान के वरिष्ठ प्राध्यापक हरविंदर सिंह सैनी द्वारा किया गया।

संस्थान के प्राचार्य अभियंता कंवल सचदेवा द्वारा बताया गया कि संस्थान के पूरे स्टाफ ने इस कार्यक्रम में पूरा सहयोग किया।

इस अवसर पर बहुतकनीकी संस्थान, उमरी के प्राध्यापक दीपक रोहिला, कृष्ण दहिया, डॉ. सुरिन्द्र कुमार, अजय मलिक और रमनदीप सिंह स्वतंत्रता दिवस के इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## गुरु गोविंद नाथ स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**कुरुक्षेत्र।** आजादी का 76वां उत्सव गुरु गोविंद नाथ स्कूल में बच्चों ने बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। स्कूल के संस्थापक विजय मेहता ने बच्चों को आजादी में शहीद हुए जवानों की याद भी दिलाई।

उन्होंने कहा कि उनकी शहादत हमेशा जिंदा रहेगी। इस दौरान सूबेदार रविंद्र कौशिक और गुरमेल सिंह ने बच्चों को राष्ट्रीय ध्वज के बारे में बहुत सारी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार आजादी संग्राम में कई जवानों ने अपनी शहादत देते हुए हमारे भारतवर्ष को एक स्वर्णिम रूप दिया। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के प्रधान सोहन लाल ने बच्चों के हर्षोल्लास को देखते हुए उनके लिए 5100 रुपये की धनराशि इनाम स्वरुप स्कूल को समर्पित की। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक प्रोग्राम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी।

# उदयन केयर आईटी सेंटर ने सेक्टर-7 में निकाली तिरंगा जागरूकता रैली

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र


तिरंगा यात्रा में शामिल छात्राएं व अन्य।

**उदयन** केयर आईटी सेंटर कुरुक्षेत्र में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 75वे स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि आयकर अधिकारी डॉ. रंजू वधवा, प्रोफेसर सुनीता सरोहा अंग्रेजी विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, उदयन केयर संस्था कुरुक्षेत्र की संयोजिका डॉ. सुषमा शर्मा रही।

साथ ही सुनीता शर्मा सोशल वर्कर भी मौजूद रही। सर्वप्रथम डॉ. सुषमा शर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉ. सुषमा शर्मा ने छात्राओं व शालिनियों को संबोधित कर बताया कि तिरंगे को लहराना एवं उसका सम्मान करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि वे अपने आस-पड़ोस में लोगों को जागरूक करें कि तिरंगे को सम्मान पूर्वक उतारकर उसे अपने घरों में अगले राष्ट्रीय पर्व के लिए संभाल कर रखें, ताकि उसे बार-बार खरीदने की आवश्यकता न पड़े। उन्होंने बताया कि हमारी पहचान हमारे देश से है और हमारी संस्कृति एवं रीति-रिवाजों को विदेशों में भी जाना और माना गया है। बहुत सारे लोग विदेशों से भारत आकर अपनी धार्मिक यात्रा को आरंभ करते हैं। मुख्य अतिथि डॉ. रंजू वधवा ने बताया कि यह स्वतंत्रता हमें ऐसे ही नहीं मिली है, इसके लिए वीर सपूतों ने अपनी जान न्यौंछावर की है। डॉ. रंजू वधवा व प्रोफेसर सुनीता सरोहा ने तिरंगा जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाई व तिरंगा लहरा कर शुभारंभ किया। तिरंगा रैली सेक्टर-7 में निकाली गई।

छात्राओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। इस अवसर पर छात्राओं ने देश के प्रति स्लोगन लिखे। कमलप्रीत निहारिका ने देशभक्ति गीत पर अपनी नृत्य की प्रस्तुति दी।

# सांसद नायब सिंह सैनी ने ली परेड की सलामी

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र


स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

**स्वतंत्रता** दिवस के अवसर पर स्थानीय नई अनाज मंडी में कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि पूरे देश में आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।

कहा कि ये दिन हमारे देश की आजादी में बलिदान देने वालों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि मातृभूमि के वीर सपूतों के बलिदानों से 1947 में आज ही के दिन भारत के नवीन इतिहास की रचना हुई थी, जिसका गायन युगों-युगों तक होता रहेगा। राष्ट्र के सामाजिक एवं राजनीतिक उत्थान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल सहित अन्य राष्ट्र भक्तों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि हमें स्वतंत्र राष्ट्र का दर्जा केवल इच्छा मात्र से प्राप्त नहीं हुआ है बल्कि उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों के हठ बल से प्राप्त हुआ है, जिन्होंने हमारी स्वतंत्रता के लिए केवल अपने भौतिक सुखों को नहीं छोड़ा अपितु अपना सर्वस भी इस भूमि के सम्मान पर न्यौंछावर कर दिए।

उन्होंने कहा कि हरियाणा के वीरों ने आजादी के बाद भी देश की सीमाओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मंच का संचालन एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने किया। इस मौक पर एडीसी अखिल पिलानी, एसडीएम अदिति, डीएसपी डॉ. शीतल सिंह धारीवाल, बीजेपी के जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, नगर परिषद की निर्वतमान अध्यक्षा उमा सुधा, पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य श्याम लाल जांगडा, डीआरओ राजबीर धीमान, एआईपीआरओ बलराम शर्मा, नप सचिव केएल बठला, डिप्टी डीईओ संतोष शर्मा, सीएम विंडो एमिनेट पर्सन प्रदीप झाम्ब, देवी दयाल शर्मा, सुरेश सैनी कुक्कू, भरपूर सिंह सैनी, रविन्द्र सांगवान, रामपाल पाली, गुरनाम मंगौली, हरमेश सैनी, धीरज वालिया सहित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



## खादी ग्रामोद्योग भवन में फहराया तिरंगा

**कुरुक्षेत्र।** आजादी के 75वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष में हर घर तिरंगा ग्रामोद्योग समिति धुराला द्वारा खादी ग्रामोद्योग भवन राजेंद्र नगर, कुटिया वाली गली कुरुक्षेत्र में कार्यक्रम किया गया। इस दौरान प्रधान सुरेंद्र कुमार पसरीचा, बाली राम सचिव और परमिंदर सिंह बाठ, प्रमोद अरोड़ा, वेद पाल, निखिल अरोड़ा, सोनिया, मनजीत सिंह, बलविंदर सिंह और गणमान्य नागरिकों द्वारा तिरंगा फहराया गया। सभी उपस्थित लोगों को लड्डू बांटकर स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी गई। इस मौके वंदे मातरम और भारत माता के जयघोषों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।



# देशभक्ति की भावना पैदा करने वाले भाषण प्रस्तुत कर लूटी वाहवाही

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**आदर्श** सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जाटान के बच्चों में देशभक्ति की भावना भरने के लिए 76वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रबंधक निदेशक सोहन लाल सैनी ने की। उन्होंने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान स्कूल के बच्चों की ओर से राष्ट्रीय गीत गाया गया तथा परेड करके राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई। विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। देश भक्ति गीत, लघु नाटक, नृत्य तथा देशभक्ति की भावना पैदा करने वाले भाषण प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी गई। सोहन लाल सैनी ने बच्चों को बताया कि स्वतंत्रता दिवस हम सभी को देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों द्वारा की गई कुर्बानियों को याद करवाता है।

हम सभी को अपने महान राष्ट्र की सेवा और रक्षा करने के लिए प्रेरित करता है। इस मौके पर स्कूल के छात्र-छात्राएं, विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों, देश के वीर जवानों तथा भारत माता की भूमिका में नजर आए। प्रधानाचार्य रोबिन कुमार ने सभी बच्चों को अपने महान राष्ट्र की सेवा और रक्षा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यह आजादी हमें बहुत से संघर्षों के बाद मिली है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थी देश भक्ति के रंग में रंगे नजर आए।

## पाठशाला में मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

**कुरुक्षेत्र।** वात्सल्य वाटिका प्राथमिक पाठशाला में आजादी का अमृत महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अतिथि मदन मोहन छाबड़ा सचिव कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, विशिष्ट अतिथि के रूप में विजय नरुला केडीबी सदस्य व कुलदीप जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रहें। मुख्य वक्ता मनीष सिंधवानी प्रधान यूथ यूनिटी नेस्ट संस्था रहें। संचालन आचार्या शिवानी शर्मा ने किया। आजादी के अमृत महोत्सव पर बच्चों ने बहुत सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अद्भुत प्रस्तुति दी। स्वामी हरिओम दास परिव्राजक ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

प्रेरणा

पायनियर हरियाणा



विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

अगर तुम नाखुश हो तो करोड़ों रुपए बेकार हैं,
अगर खुश हो तो गरीबी भी मजेदार है,
अच्छाई बुराई तो इस संसार में कुछ भी नहीं,
अच्छा-बुरा तो बस तुम्हारा विचार है।

# प्लेयरजपॉट ने भारतीय सुपरस्टार रश्मिका मंदाना को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत** का प्रमुख फैंटेसी स्पोर्ट्स और कैजुअल गेम्स प्लेटफॉर्म, प्लेयरजपॉट, 7 साल का हो गया है। गेमर्स को सात रोमांचक वर्षों से खुश करने के इस माइलस्टोन को सेलीब्रेट करते हुए, ब्रांड ने खूबसूरत एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है।

प्लेयरजपॉट ने भारत में लूडो, कैरम, स्नेक्स लैडर्स-लूडो, फ्रूट स्लाइस, शीप फाइट, पोकर और कॉल ब्रेक जैसे 15 से अधिक गेम्स के साथ गेमर्स को अपने साथ जोड़ा है। खुद ही एक ऑनलाइन गेमर रश्मिका इस लिस्ट को और ऊपर ले जाएंगी। वे पारंपरिक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मस पर प्लेयरजपॉट के इस पूरे रोमांचक अभियान का चेहरा होंगी। पुष्पा द राइज की एक्टर गेम्स के उनके विस्तारित कैटलॉग को प्रोमोट करते हुए प्लेयरजपॉट की पॉजिशनिंग को भी बढ़ावा देंगी। रश्मिका को अपने साथ जोड़ने की घोषणा करते हुए प्लेयरजपॉट के सीईओ सुनील यादव ने कहा, देश भर में गेमर्स का मनोरंजन करते हुए, प्लेयरजपॉट इन सात वर्षों में लगातार बढ़ता गया है। दिन-ब-दिन, हम गेमर्स को बेहतर सेवा देने के लिए नई इनसाइट्स प्राप्त करते हैं। ब्रांड एंबेसडर के रूप में शानदार रश्मिका मंदाना को अपने साथ जोड़ने की घोषणा करने के लिए हमारी सातवीं वर्षगांठ, परफेक्ट है। हमें यकीन है कि अपने एनर्जेटिक और जीवंत व्यक्तित्व के साथ रश्मिका, प्लेयरजपॉट को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगी। रश्मिका की उपस्थिति उस इंट्रेस्ट को और बढ़ावा देगी और प्लेयरजपॉट को पूरे भारत में टॉप मार्केट्स तक पहुंचने में मदद करेगी। प्लेयरजपॉट के साथ अपने जुड़ाव को लेकर उत्साहित, रश्मिका मंदाना ने कहा, सिर्फ सांप-सीढ़ी के गेम को लेकर मेरे परिवार के सदस्य कितने एक्साइटेड हुआ करते थे, इसी फीलिंग को मैं और आगे ले जाना चाहती हूं।

ऐसे खेलों के लिए प्यार समय की कसौटी पर खरा उतरता है। और प्लेयरजपॉट ने एक्टिव मोबाइल प्लेयर्स के लिए बोर्ड गेम्स फीवर को रीक्रिएट करके उस प्यार को रीडिफाइन किया है। कोई भी लॉग इन कर सकता है और गेमर्स के साथ कभी भी, कहीं भी, एक्साइटिंग कैजुअल गेम्स के स्कोर पर प्रतिस्पर्धा कर सकता है। मैं प्लेयरजपॉट को सभी के लिए वन स्टॉप गेमिंग डेस्टिनेशन बनने के मिशन का हिस्सा बनने को लेकर एक्साइटेड हूं। अपने गेम्स के साथ, यह प्लेटफॉर्म यूजर्स के लिए एक्साइटमेंट, फन और डेटा की पूरी सुरक्षा देता है। और इस तरह साइबर फ्रॉड से प्रभावी ढंग से निपटता है।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड** (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है।''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 की''धारा 13(2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/सह-ऋणीयों/ गारण्टर बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनों के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तो प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3 (5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋण खाता संख्या / ऋणी/सहऋणी/ बन्धकर्ता/गारन्टर का नाम | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
| --- | --- | --- |
| (खाता सं.) L9001061121126671 **राजेन्द्र क्लोथ हाऊस (ऋणी)**, कृष्ण कुमार (सह-ऋणी), विनोद कुमार (सह-ऋणी), ओम वती (सह-ऋणी) | 06 अगस्त 2022 ₹ 161783/- रु. एक लाख इकसठ हजार सात सौ तेरासी मात्र दिनांक 05 अगस्त 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत धनगर, फतेहबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 222.22 वर्ग गज** |
| (खाता सं.) L9001060718064317 **राजेन्द्र क्लोथ हाऊस (ऋणी)**, विनोद कुमार (सह-ऋणी), ओम वती (सह-ऋणी) जमानतदार : कृष्ण कुमार | 06 अगस्त 2022 ₹ 968512/- रु. नौ लाख अडसठ हजार पॉंच सौ बारह मात्र दिनांक 05 अगस्त 2022 तक | सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत धनगर, फतेहबाद, हरियाणा **क्षेत्रफल 222.22 वर्ग गज** |

**स्थान : हरियाणा** **दिनांक: 16-08-2022** **प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# फीस बढ़ोतरी के विरोध में कॉलेज की छात्राओं ने किया प्रदर्शन

### छात्राओं ने मिशन चौक पर फूंका प्रिंसीपल व कॉलेज प्रशासन का पुतला

### प्रदर्शन में फीस बृद्धि के फैसले को वापस लेने की मांग की

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


फीस बढ़ोतरी के विरोध में रोष प्रदर्शन करतीं टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की छात्राएं।

फीस बढ़ोतरी को लेकर टीकाराम गर्ल्स कॉलेज की लड़कियों ने कॉलेज से लेकर रोहतक रोड होते हुए मिशन चौक तक रोष प्रदर्शन किया। मिशन चौक पर पहुंचकर और कालेज प्रिंसिपल मोनिका वर्मा और कॉलेज प्रशासन का पुतला दहन किया। इस दौरान छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुर्दाबाद के नारे लगाए। टीकाराम कन्या महाविद्यालय सोनीपत में छात्राओं ने फीस बढ़ोत्तरी के विरोध में प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की।

छात्राओं ने मिशन चौक पर पुतला फूंका और फीस कम करने की मांग को लेकर नारेबाजी की। छात्राओं ने महाविद्यालय की प्रिंसिपल और कालेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्रा सरिता, मोनिका आदि छात्राओं का कहना है कि कॉलेज प्रबंधन ने कोर्स के बीच में फीस डबल कर दी है और वो इतनी फीस भरने में सक्षम नहीं हैं। कई छात्राओं ने परिवार की आर्थिक समस्या बताते हुए कॉलेज के इस कदम की कड़ी निंदा की।

छात्राओं ने कहा कि फीस में 81 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी की गई है। रोष प्रदर्शन रही छात्राओं ने कहा कि उनके परिजन इतनी ज्यादा फीस नहीं दे सकते। मजबूरन उन्हें बीच में पढ़ाई छोड़नी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि जब तक फीस वापस नहीं होगी उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान काफी संख्या में छात्राओं ने मिशन चौक पर जमकर नारेबाजी करते हुए कालेज प्रशासन द्वारा बढ़ाई गई फीस को वापस लेने की मांग की।

उन्होंने कहा कि बढ़ी हुई वापस लेने की मांग को लेकर कॉलेज प्रिंसीपल व जिला प्रशासन से गुहार लगा चुकी है, लेकिन अब तक कालेज द्वारा बढ़ाई गई फीस वापस नहीं ली गई है, उन्होंने कहा कि कॉलेज ने यूजीसी के नियमों के खिलाफ फीस में बढ़ोतरी की है। प्रदर्शन कर रहीं छात्राओं ने कहा कि कॉलेज प्रिंसीपल मोनिका वर्मा अडियल रवैया अपनाएं हुए हैं, इसके विरोध में छात्राओं ने कालेज प्रशासन का पुतला दहन किया है। नाराज छात्राओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक बढ़ी हुई फीस वापस नहीं होगी उनका आंदोलन लगातार जारी रहेगा। छात्राओं के प्रदर्शन देख मौके पर तमाम भीड़ एकत्रित हो गई।

# राष्ट्रीय ध्वज हमारी आन, बान और शान : कृष्ण लाल तनेजा

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**76 वां** स्वतंत्रता दिवस श्री राधा कृष्ण गौशाला अर्जुन गेट में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर घनशयाम दास भाटिया ने किया ध्वजारोहण। उसके साथ राष्ट्रीय गायन के साथ देश की आज़ादी में शहीद हुए शहीदों को दी श्रद्धांजलि।

गौशाला के प्रधान कृष्ण लाल तनेजा ने कहा कि हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आन, बान और शान है। यह हमें देश के लिए जीने और देश के लिए मर-मिटने की प्रेरणा देता है इस आज़ादी को पाने के लिए देशभक्तों ने हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए, इसी तिरंगे की खातिर देश की सरहदों पर डटे जवान अपनी जान से खेल जाते हैं, परंतु इसकी शान को जरा भी आंच नहीं आने देते। मौके पर हरमीत सिंह हैप्पी, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, संचालक कैलाश गुप्ता, चेयरमैन महेश भाटिया संरक्षक अजित सिंह चावला, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश अघि, पार्षद मेघा भंडारी, कुलदीप मक्कड़, राजिंदर राजपाल,


तिरंगा फहराते प्रधान कृष्ण लाल तनेजा।

बी आर मादान, राकेश मदान, विपिन शर्मा, वनीत भाटिया,जे आर कालड़ा, लाजपत राय, शयाम बत्रा, हरमिंदर सिंह, राकेश नागपाल, हुकुम मुंजाल, परवीन गुप्ता, गोपी चंद आर्य, विनोद खेतरपाल, रजनीश चोपड़ा, राजिंदर मदान, हंस राज मुंजाल, जग्गंनाथ बत्रा, वीरेंदर कक्कड़, अमित खुराना, संजय बत्रा, अनिल गांधी , बलदेव गिरधर, पवन गिरधर, दीपक नारंग, विकास प्रभाकर, नीरज उप्पल, योगेश भुगड़ा, नवीन गांधी, नरेंदर कत्याल, योगेश भारती, राज बजाज, इन्दर चौधरी, नवीन शर्मा मैनेजर संकल्प भंडारी, रवि चौधरी, राजू मदान, अश्वनी स्वामी, राजीव, जसबीर जांगड़ा, फलविन्दर सिंह, पवन तनेजा, विजय तनेजा, जुंग बहादुर कोचर, सतीश कुमार, टिंकू वीर, कृष्ण बेदी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### देश की अखंडता और एकता को बनाए रखने की शपथ ली


तिरंगा झंडा के साथ विद्यार्थी।

**करनाल।** दयाल सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर- सात के प्रागंण में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या शालिनी नारंग ने की। प्रधानाचार्या ने ध्वजारोहण किया तथा अपने विचारों से विद्यालय के विद्यार्थियों, अध्यापकों, अध्यापिकाओं, पीटीए मेम्बर्स तथा कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की मुबारकबाद देते हुए कहा कि हमें इस अवसर पर यह प्रण लेना चाहिए कि हम कभी भी जीवन की कठिन परिस्थितियों में विचलित नहीं होंगे और अपने कर्तव्य पथ का त्याग नहीं करेंगे। सभी विद्यार्थियों ने देश की अखंडता और एकता को बनाए रखने की शपथ ली। विद्यालय के प्रांगण में अध्यापक -अध्यापिकाओं द्वारा देश भक्ति गीत और कविता गाई और सुनाई गयी। इस दौरान सारा विद्यालय देश भक्ति से सराबोर था। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या शालिनी नारंग ने छात्र-छात्राओं को जीवन में उपलब्धियाँ हासिल करने के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय की मुख्य अध्यापिका श्रीमती मधु ग्रोवर ने भी अध्यापक, अध्यापिकाओं और बच्चो को उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दी।

### स्कूल में आजादी के अमृत महोत्सव का हुआ आगाज



**सोनीपत।** स्वतंत्रता दिवस के इस पावन 'अमृत महोत्सव पर्व' को विद्यालय में भी बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। विद्यालय की साज सजावट अत्यंत आकर्षक थी। सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण में तिरंगा फहराया गया और शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई। बच्चों ने देशभक्ति के गीतों और नृत्यों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों ने 'यह देश हमारी जान है', 'मिले सुर मेरा तुम्हारा' और 'हम राही हैं, हम साथी हैं' आदि गीतों पर संगीत व नृत्य के द्वारा समा बांध दिया। अध्यापिकाओं ने सभी छात्रों को देशप्रेम व राष्ट्र के प्रति सदैव नतमस्तक रहने के लिए प्रेरित किया। लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल के बच्चों ने भी अपने मधुर गीत के द्वारा सभी का मन मोह लिया। सप्ताह भर से चल रहें आजादी के अमृत महोत्सव पर बच्चों द्वारा विभिन्न क्रियात्मक क्रियाओं का समापन भी 15 अगस्त के दिन ही हुआ। इस महोत्सव के अंतर्गत बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बच्चों ने अपने देश के गौरव को बढ़ाते हुए अनेक भाषण दिए, तिरंगे झंडे व बिल्ले बनाए। स्थानीय पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर एक रैली निकाली, जिसमें बच्चों ने देशभक्ति गीत गाए, नारे लगाए और नगरवासियों को अपने-अपने घर में तिरंगा झंडा लगाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को देश प्रेम के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने सभी बच्चों व नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने देशप्रेम से संबंधित संदेश दिया। स्वतंत्रता दिवस के 'आजादी के अमृत महोत्सव पर स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में सुसज्जित नन्हे-मुनेन बच्चों का जोश व उत्साह देखते ही बनता था। बच्चों द्वारा राष्ट्रहित के लिए प्रतिज्ञा ली गई। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम गर्ग, सेक्रेटरी विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दीं। अंत में राष्ट्रगान के द्वारा कार्यक्रम का समापन हुआ।

### राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है तिरंगा : प्रो. शीशपाल

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशु राम कॉलेज में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने कहा कि तिरंगा हमारे त्याग, बलिदान, सम्मान, देशभक्ति, शान्ति और राष्ट्र की एकता के उत्सव का प्रतीक है। केसरिया रंग हमारे अन्दर की शक्ति और साहस का प्रतिनिधित्व करता है। वो शक्ति जो मानवता का कल्याण करे। सफेद रंग ईमानदारी, पवित्रता और शान्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। हरा रंग समृद्धि और विकास का संकेत देता है। 24 तीलियां समय की गति का प्रतीक हैं। इस प्रकार हमारा राष्ट्रीय ध्वज मानवीय जीवन के विराट रूप को निर्देशित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों और कॉलेज स्टाफ को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस को मनाने का उद्देश्य ही यह होता है कि हम अपने शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करें। इस अवसर पर पौधारोपण समिति के संयोजक डॉ. सुरेश कुमार के साथ प्राचार्य प्रो. शीशपाल, डॉ. हीरा लाल, डॉ. सुभाष चन्द्र, प्रो. कर्मजीत सिंह एवं डॉ. नीरज वशिष्ठ ने एकमुखी रूद्राक्ष का पौधारोपण किया।

# स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**संत** नामदेव रोहिल्ला टांक क्षत्रिय सभा द्वारा जवाहर नगर स्थित धर्मशाला में आजादी का अमृत महोत्सव की श्रंखला में देश के 76वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया। सभा के प्रधान संतलाल के नेतृत्व में सभा के पदाधिकारियों द्वारा ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को रोहिल्ला समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने संबोधित किया। इस मौके पर प्रधान संतलाल रोहिल्ला, सतनारायण रोहिल्ला, बलबीर रोहिल्ला, नरेश रोहिल्ला, धर्मराज रोहिल्ला, प्रमोद रोहिल्ला ने कहा कि आज जो हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं वह स्वतंत्रता सेनानियों और शहीद जवानों के त्याग और बलिदान का प्रतिफल है। स्वतंत्रता दिवस की शुभ वेला पर आजादी के वीरों को नमन करते हुए कहा कि देशवासियों के लिए आज का दिन बेहद खास है।

भारत इस दिन आजादी के 75 साल पूरे कर रहा है। भारत ने कुछ चुनौतियों का अद्भुत तरीके से सामना किया और विश्व में अपनी प्राचीन प्रतिष्ठा स्थापित की है। इसमें कोई दोराय नहीं है आज भारत की बात गौर से सुनने को दुनिया मजबूत हुई है। इसलिए हम सबको संकल्प लेना चाहिए कि मैं व्यक्तिगत रूप से देश व समाजहित के कार्य में प्रयासरत रहुंगा। उन्होंने कहा कि आज हम आजादी की 75वीं वर्षगांठ बना रहे हैं, यह आजादी हमें यू ही नहीं मिली, बल्कि इसके लिए न जाने कितने देशभक्त फांसी के फंदे पर चढ़ गए। उन देशभक्तों की बदोलत की आज



हम खुली हवा में सांस ले रहे है। ऐसे देशभक्तों को हम नमन करते है। उन्होंने कहा कि आओ हम सब आजादी के इस महापर्व पर यह संकल्प ले कि एक दुसरे के सुख दुख में साथ मिलकर चलेगे।

उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस, रामप्रसाद बिस्मिल, शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद जैसे हजारों बलिदानियों को देश हमेशा याद करता रहेगा। स्वतंत्रता दिवस हमारे देश की एकता, सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। मातृभूमि पर बलिदान होने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति आज राष्ट्र अपनी कृतज्ञता प्रकट कर रहा है। इस गौरवमयी दिवस पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण करना हमारे लिए बेहद गर्व का विषय है। इस दौरान प्रधान संतलाल रोहिल्ला, महासचिव सतनारायण रोहिल्ला, कोषाध्यक्ष धर्मराज रोहिल्ला, उपप्रधान नरेश रोहिल्ला, बलबीर रोहिल्ला, महेन्द्र रोहिल्ला, मंगलसैन रोहिल्ला, श्यामफूल रोहिल्ला, तिलकराज रोहिल्ला, प्रमोद रोहिल्ला, वजीर रोहिल्ला, एडवोकेट जगदीश रोहिल्ला, दिनेश रोहिल्ला, भारत, राजेन्द्र रोहिल्ला, छज्जूराम टांक, दयानन्द रोहिल्ला, रामकुमार रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

# परिचालक कल्याण संघ बनेगा सबसे मजबूत संगठन : प्रधान विरेंद्र

### जल्द शुरू किया जाएगा सदस्यता अभियान

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**परिचालक** कल्याण संघ सोनीपत डिपो की कार्यकारिणी की बैठक मंदिर परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता चैयरमेन शिवचरण व डिपो प्रधान विरेंद्र ने संयुक्त रूप से की तथा मंच का संचालन डिपो सचिव मास्टर विरेंद्र ने किया।

बैठक में सर्वसम्मति से कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमें डिपो का मांग-पत्र व सदस्यता अभियान आदि पर सहमति हुई। परिचालक राकेश राठी, सुखबीर, सुधीर, रमेश कटवाल, कृष्ण सुआ, राकेश रिवाडा ने परिचालक कल्याण संघ में आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण की तथा संघ को मजबूत करने की सहमति जताई। इस अवसर पर सचिव विरेंद्र ने सभी उपस्थित


बैठक में सदस्यों का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए।

परिचालकों की सहमति से मांग-पत्र बनाया। जिसमें डिपो की महत्वपूर्ण मांगों का समावेश किया साथ ही सदस्यता अभियान के लिए भी सहयोग देने पर सहमति हुई।

उन्होंने कहा कि जल्दी ही डिपो कार्यकारिणी को मजबूत किया जाएगा, ताकि परिचालक की मांगों को मजबूती से रखकर उन्हें पूरा करवाया जा सके। डिपो प्रधान विरेंद्र ने परिचालक कल्याण संघ में आए नए परिचालकों का फूल-मालाओं से स्वागत कर विधिवत सदस्यता ग्रहण करवाई। जिसमें परिचालक दलबीर गहलावत को उपाध्यक्ष, राकेश राठी को सह संगठन सचिव, कृष्ण को सलाहकार के पद पर नियुक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी साथियों के संघ में जूड़ने से परिचालक कल्याण संघ की डिपो कार्यकारिणी मजबूत होगी। भविष्य में और भी परिचालक साथियों को जोड़ने का काम किया जाएगा। डिपो की सभी समस्याओं को अधिकारियों के माध्यम से दूर किया जाएगा। इस अवसर पर डिपो उपप्रधान दिलबाग, सहसचिव कप्तान, संगठन सचिव अमित आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

# मेयर ने दर्जन भर कार्यक्रमों में किया ध्वजारोहण

### ये स्वतंत्रता हम सब पर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का कर्ज : मदान

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**सोमवार** को स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर मेयर निखिल मदान ने दर्जन भर से अधिक कार्यक्रमों में शिरकत कर निगम वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी। नगर निगम कार्यालय प्रांगण में मेयर निखिल मदान द्वारा ध्वजारोहण किया गया, इस दौरान निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह सहित नगर निगम के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

मेयर निखिल मदान ने कहा कि निगम कार्यालय में प्रथम बार ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुआ हैं, जो बड़े ही हर्ष और गर्व का विषय हैं। साथ ही आज हम सबको देश के सभी स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों को भी याद करना चाहिए। जिन्होंने


स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते मेयर निखिल मदान।

ब्रिटिश हुकूमत की अनेकों यातनाये सहने के बाद अपना बलिदान दिया। इस अवसर पर मेयर निखिल मदान द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी निगम कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया।

इसके उपरांत मेयर निखिल मदान ने जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में निकाली जा रही आजादी गौरव यात्रा में भाग लिया और सुभाष चौक से शहीद स्मारक तक पदयात्रा कर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया।

मेयर निखिल मदान ने सेक्टर 15 आरडब्ल्यूए द्वारा सेक्टर 15 कम्युनिटी पार्क, स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 12 कम्युनिटी सेंटर, राठधना में एक निजी स्कूल और अन्य निजी स्कूल में भी ध्वजारोहण कर लोगों को स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनायें दीं। मेयर निखिल मदान ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया और बच्चों का हौंसला बढ़ाया। मेयर निखिल मदान ने स्वतंत्रता दिवस पर अग्रसेन भवन में अखिल भारतीय युवा संगठन द्वारा लगाए गए रक्तदान शिविर में पहुंच कर सभी रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया।

# चोरी को अंजाम देने वाले चार आरोपी पुलिस ने दबोचे

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**जिला** पुलिस करनाल की सीआईए वन टीम व पुलिस चौकी सेक्टर-06 की टीम द्वारा थाना कुंजपुरा व पुलिस चौकी सेक्टर-06 के एरिया से चोरी की अलग-अलग वारदातों को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पहले मामले में मुख्य सिपाही राकेश सीआईए वन की अध्यक्षता में टीम द्वारा दो आरोपियों अजय उर्फ अज्जु वासी गांव घीड जिला करनाल, सन्नी वासी खेडा छपरा हाल किराएदार घीड जिला करनाल को विश्वसनीय सूचना पर घीड से गिरफ्तार किया गया। जांच में खुलासा हुआ था कि आरोपियों ने जुलाई को रात के समय शिकायतकर्ता शामलाल वासी गांव घीड जिला करनाल के घर व किरयाने की दुकान में से करीब दस हजार की नगदी, सोने चांदी के जेवरात व चार मोबाइल फोन चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

इस संबंध में थाना इन्द्री में विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। पूछताछ में आरोपियों द्वारा अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। आरोपियों ने बताया कि उन्हे कावड लेने जाना था और उनके पास रूप्ये नहीं थे। आरोपी शिकायतकर्ता को जानते थे और उन्हे पता था कि इसके घर व दुकान नगदी व अन्य सामान मिल सकता है। जिसके बाद आरोपियों ने शराब के नशे में चोरी की उपरोक्त चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के कब्जे से चोरी के आभूषण बरामद हुए हैं।

# रिपॉस ने एक अनूठे एनर्जी फिनटेक प्लेटफॉर्म को किया लॉन्च

### डेटम टेक टूल के जरिए ऊर्जा वितरण के क्षेत्र में क्रांति लाने का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**रिपॉस** को भारत में जन-जन तक विभिन्न तरह की ऊर्जा पहुंचाने के मामले में एक अग्रणी कंपनी के तौर पर देखा जाता है। कंपनी के 2000 से अधिक साझेदार हैं और कंपनी देश के 220 से भी अधिक शहरों में कार्यरत है। फनिटेक के तहत रिपॉस ने रिपॉस पे को लॉन्च कर दिया है जो एक अनूठा एनर्जी क्रेडिट फनिटेक प्लेटफॉर्म है। इससे ऊर्जा के वितरण के क्षेत्र में एक क्रांति आ जाएगी।

उल्लेखनीय है इस टेक टूल को मुम्बई में पिछले महीने लॉन्च किया गया था। इस विशेष मौके पर केंद्रीय एमएसएमई मंत्री नारायण राणे ने अपनी विशेष मौजूदगी दर्ज कराई। रिपॉस ने अपने नवीनतम टेक्नोलॉजी टूल डेटम को हाल ही में चंडीगढ़ में लॉन्च किया। इस सिटी लॉन्च के मौके पर ट्रांसपोर्टर, ओईएम अफसर और बैंकर भी मौजूद थे। गौरतलब है कि रिपॉस आपूर्ति और मांग की खाई



को कम करने की दिशा में कार्यरत है और डेटम के माध्यम से डिजल से शुरू करते हुए उपभोक्ताओं के दरवाजे तक ईंधन पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। रिपॉस पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल ऊर्जा की वितरण प्रणाली के निर्माण के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है जो इस लॉन्च से पूरी तरह से स्पष्ट हो जाता है। रिपॉस आधुनिक टेक्नोलॉजी की मदद से सभी तरह की ऊर्जा को एंड कंज्यूमर के दरवाज़े तक पहुंचाने संबंधी ठोस व्यवस्था कर राष्ट्रीय निर्माण में अपना योगदान देने के लिए तैयार है। रिपॉस के संस्थापक और सीईओ चेतन वालुंज कहते हैं, चंडीगढ़ जैसे शहर में रिपॉस पे को लॉन्च करने का मुख्य मकसद छोटे शहरों में बैंकिंग और अन्य वित्तीय संस्थानों की सेवाओं से वंचित लोगों तक अत्याधुनिक वित्तीय उत्पादों को पहुंचाना है। रिपॉस पे के जरिए हम निवेशकों को हाई-कैप मार्केट में एंट्री दिलाने में पूरा सहयोग करेंगे और साथ ही पर्यावरणीय संरक्षण के लिहाज़ से ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देंगे। जहां एक ओर मोबाइल ऊर्जा वितरण में तेजरफ्त तरीके से बढ़ोत्तरी दर्ज की जा रही है, वहीं इस सेक्टर में अधिकत्तर निवेशकों के लिए निवेश के किफायती अवसर नदारद हैं। नवीकरणीय ऊर्जा संबंधी ढांचागत सुविधाएं काफी महंगी हैं और इसका प्रबंधन करना भी इतना आसान नहीं है। एक एग्रेगेटर कंपनी के तौर पर हम निवेश के आकार को नीचे लाकर इस समस्या को हल करने के लिए प्रयत्नशील हैं।

### पुलिस ने छीनाझपटी करने वाले फरार तीन आरोपी पकड़े

**करनाल।** जिला पुलिस करनाल की डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा थाना इन्द्री के एरिया से मारपीट करके छीनाझपटी की वारदात को अंजाम देने वाले फरार तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

एएसआई देवेन्द्र सिंह डिटेक्टिव स्टाफ की अध्यक्षता में टीम द्वारा चार अगस्त को इस मामले में पहले दो आरोपियों विशाल व कपिल वासियान वार्ड 11 गुढा थाना इन्द्री जिला करनाल को गिरफ्तार किया गया था।

आरोपियों के कब्जे से चौदह सौ रुपये की नगदी बरामद की गई थी। पूछताछ में आरोपियों द्वारा नशा पूर्ति के लिए अपने तीसरे साथी विक्की उर्फ विक्रम के साथ मिलकर छीनाझपटी की वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया था।

टीम द्वारा कल दिनांक 15 अगस्त को तीसरे आरोपी विक्की उर्फ विक्रम वासी वार्ड नम्बर पांच इन्द्री जिला करनाल को गिरफ्तार किया गया है।

# आजादी के वीर शहीदों को हमेशा रखें याद : विधायक

### जींद विधायक ने पुलिस लाइन में किया ध्वजारोहण

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**जींद** विधायक कृष्ण लाल मिढ़ा ने पुलिस लाइन में देश की आन-बान-शान के प्रतीक तिरंगे को फहराते हुए दिया जिला सहित देश एवं प्रदेशवासियों को 75वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज हर भारतवासी के लिए हर्षोल्लास का दिन है। हर घर पर लहरा रहा तिरंगा पूरे देश को देशभक्ति के रंग में रंग रहा है।

उन्होंने कहा कि हरियाणावासियों ने भी अपने घरों पर राष्ट्र ध्वज फहराकर भारत माता की शान को वैसे ही बढ़ाया है, जैसे सरहदों पर अधिक से अधिक जवानों को भेजकर देशभक्ति का परिचय देते आए हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का यह पावन पर्व अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाने के


स्वतंत्रता दिवस पर महिला को शॉल देकर सम्मानित करते विधायक कृष्ण लाल मिढ़ा।

साथ-साथ आत्म-विश्लेषण करने का भी दिन है। यह दिन हमें यह सोचने का अवसर प्रदान करता है कि 75 वर्ष के इस कालखंड में हमने क्या हासिल किया है। नि:संदेह आजादी के बाद राष्ट्र ने उल्लेखनीय प्रगति की है।

कई क्षेत्रों में पूरा विश्व हमारा लोहा मानता है। उन्होंने देश के शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि गुलामी की बेडियों से आजादी दिलाने के लिए अपना सर्वस्व कुर्बान करने वाले शहीदों को सदैव स्मरण रखें। विधायक कृष्ण लाल मिढ़ा ने सर्वप्रथम शहीद स्मारक पर जाकर पुष्पचक्र अर्पित करते हुए शहीदों को श्रद्धांजलि दी। तदोपरांत वे पुलिस लाइन में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने शुभ संदेश देते हुए कहा कि आज हर भारतवासी के लिए हर्षोल्लास का दिन है।

हर गली, हर मोहल्ले में तिरंगा है, हर घर-हर दफ्तर में तिरंगा है, हर वाहन, हर हाथ में तिरंगा है। पूरा देश तिरंगे के रंगों में रंगा है, देशभक्ति के रंग में रंगा है। रंगा भी क्यों न हो आज हमने स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं। मिढ़ा ने सभी प्रदेशवासियों को बारम्बार बधाई देते हुए कहा कि मैं इस पावन अवसर पर स्वतंत्रता की बलिवेदी पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी ज्ञात- अज्ञात शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि देता हूं।

साथ ही, उन वीर सैनिकों को भी सलाम करता हूं, जिन्होंने आजादी के बाद देश की एकता व अखण्डता की खातिर अपने प्राण न्यौंछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि सन 1857 की क्रांति सबसे पहले अम्बाला छावनी से शुरू हुई थी। यहां से उठी चिंगारी ने न केवल प्रथम स्वतंत्रता संग्राम का रूप धारण कर ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन का अंत किया, बल्कि आगे चलकर ऐसा जन-आन्दोलन खड़ा कर दिया, जिसके बलबूते पर हम सन 1947 में अंग्रेजी हुकूमत को उखाड़ फेंकने में सफल रहे। सन 1857 की क्रांति के दौरान प्रदेश का हर गांव क्रांति का केन्द्र बन गया था।

# कर्नाटक सरकार के मंत्री की ऑडियो ने मचाई खलबली

## सीएम बोम्मई ने कहा कि सबकुछ ठीक है और कोई परेशानी नहीं

### अगले साल कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं

एजेंसी। बेंगलुरू



**कर्नाटक** सरकार के एक मंत्री की टिप्पणी मीडिया में लीक होने के बाद वहां सनसनी फैल गई है। इसने कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को भी काफी असहज कर दिया है। सीएम बोम्मई ने मंगलवार को स्वीकार भी कर लिया है कि यह टिप्पणी ऑथेंटिक है, लेकिन इसे गलत संदर्भ में लिया गया है। गौरतलब है कि कर्नाटक के कानून मंत्री जेसी मधुस्वामी एक ऑडियो क्लिप में कहते हुए सुनाई पड़ रहे हैं कि हम सरकार चला नहीं रहे हैं, हम बस इसे मैनेज कर रहे हैं।

यह टिप्पणी उस वक्त वायरल हुई है जब 62 वर्षीय बोम्मई को कार्यकाल पूरा होने से पहले ही मुख्यमंत्री पद से हटाने की चर्चा चल रही है। बता दें कि अगले साल कर्नाटक में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस बीच ऐसी खबरें सामने आई हैं कि भाजपा बोम्मई के कामकाज से खुश नहीं है। ऐसे में वह चुनाव से पहले किसी नए चेहरे को मौका देना चाहेगी कि चुनावी नतीजों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। हालांकि दो दिन पहले ही एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि बोम्मई के रहते हुए ही पार्टी यहां एक बार फिर सरकार बनाएगी। गौरतलब है कि 2021 में बीएस येदियुरप्पा के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद बोम्मई को उनकी जगह शपथ दिलाई गई थी।

इधर बोम्मई सरकार में मंत्री एसटी सोमशेखर ने कहा कि अगर उन्हें लगता है कि हम मैनेज कर रहे हैं तो उन्हें तुरंत कर्नाटक के कानून मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। सोमशेखर ने कहा कि वह सरकार का हिस्सा हैं। वह हर कैबिनेट मीटिंग और इसमें होने वाले फैसलों में भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रीपद पर रहते हुए इस तरह बयान देना काफी गैरजिम्मेदराना है।

बता दें कि हालिया महीनों में मुख्यमंत्री बोम्मई की आलोचना होती रही है कि उनका राज्य पर से नियंत्रण खत्म हो चुका है। कर्नाटक में लगातार सांप्रदायिक घटनाए हो रही हैं। पिछले महीने यहां पर एक भाजपा कार्यकर्ता की हत्या भी हो गई थी। वहीं जब दोषियों पर कार्रवाई के लिए सीएम बोम्मई की आलोचना हुई तो उन्होंने प्रदेश में सांप्रदायिक घटनाओं को रोकने के लिए योगी मॉडल लाने की बात कही थी।

#### मुख्यमंत्री ने किया मंत्री का बचाव

**वहीं** येदियुरप्पा का भी कहना है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी पूरी तरह से सलामत है। बता दें कि कुछ दिनों पहले गृहमंत्री अमित शाह अचानक कर्नाटक के दौरे पर पहुंचे थे। इसके बाद ऐसा अनुमान लगाया जाने लगा था कि बोम्मई की सीएम पद से विदाई हो सकती है। कानून मंत्री का ऑडियो लीक होने के बाद मुख्यमंत्री ने खुद भी कहा कि सबकुछ ठीक है और कोई परेशानी नहीं है। हालांकि एक अन्य वरिष्ठ मंत्री ने कानून मंत्री के इस्तीफे की मांग की है। वहीं मुख्यमंत्री ने कहा कि वह इस मामले में लोगों से बात करेंगे और मामले को सुलझाएंगे। कानून मंत्री की टिप्पणी पर बोम्मई ने कहा कि इसे गलत संदर्भ में लिया गया है। उनका कहना है कि यह टिप्पणी बैंकों द्वारा ब्याज की मांग को लेकर की गई थी।

---

सीएम अशोक गहलोत ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा

# अवैध पैसा लाने को सेना के ट्रकों का प्रयोग करती है भाजपा

### कहा, ट्रक पार्टी के मुख्यालय में जमा करने को बक्सों में पैसा भरकर ले आते हैं

एजेंसी। जयपुर



**राजस्थान** के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आरोप लगाया है कि केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने दफ्तरों में अवैध धन लाने के लिए अर्धसैनिक बलों के ट्रकों का दुरुपयोग करती है। उन्होंने कहा है कि जहां कहीं भी भाजपा की सरकार होती है, वहां अर्धसैनिक बल या पुलिस के ट्रक पार्टी के मुख्यालय में जमा करने के लिए बक्सों में पैसा भरकर ले आते हैं।

वहीं, भाजपा ने मुख्यमंत्री के इस आरोप को बेबुनियादी बताते हुए कहा है कि गहलोत ऐसे बयान देकर देश की आंतरिक सुरक्षा में तैनात अर्धसैनिक बलों व पुलिस के जवानों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं।

गहलोत ने सोमवार को जयपुर में शहीद स्मारक पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कांग्रेस द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ये (भाजपा वाले) क्या करते हैं, मालूम है आपको? ये अर्धसैनिक बलों या पुलिस वालों को पकड़ते हैं, जहां इनकी सरकारें होती हैं। ट्रक में बक्से भरकर पैसा लाते हैं, उसे भाजपा के दफ्तर के पिछले हिस्से में ले जाते हैं और फिर बक्से उतारकर अंदर पहुंचाते हैं। गाड़ी पुलिस की होती है, उसे पकड़े कौन? लोग सोचते हैं इनके रंगरूट आए होंगे मदद करने। गहलोत ने आगे कहा, यह बहुत बड़ा षड्यंत्र है देश के साथ। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घबराने की जरूरत नहीं है, सच्चाई आपके साथ है।

#### राजेंद्र राठौड़ ने किया गहलोत पर पलटवार

भाजपा नेता और विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने गहलोत पर पलटवार करते हुए उनके आरोपों को बेबुनियाद बताया। उन्होंने मंगलवार को कहा, मुख्यमंत्री गहलोत ने अपनी आदत के अनुसार भाजपा शासित राज्यों में अर्धसैनिक बलों व पुलिस के सहयोग से ट्रकों में दो नंबर का पैसा भरकर भाजपा के दफ्तरों में पहुंचाने का जो बेबुनियाद आरोप लगाया है, उसकी मैं कड़ी निंदा करता हूं। राठौड़ ने कहा, मुख्यमंत्री ऐसे बचकाने बयान देकर देश की आंतरिक सुरक्षा में तैनात अर्धसैनिक बलों व पुलिस के जवानों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। भाजपा नेता ने सवाल किया, अगर मुख्यमंत्री जी के पास कोई ठोस सबूत है तो वह सार्वजनिक क्यों नहीं करते? इतने दिनों तक चुप क्यों रहे?

---

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी ने केजरीवाल को जन्मदिन की बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनके जन्मदिन पर बधाई दी और उनके उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घायु होने की कामना की। केजरीवाल मंगलवार को 54 साल के हो गए। उन्होंने शुभकामनाओं के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया। मोदी ने एक ट्वीट में कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जन्मदिन की बधाई। मैं उनके लंबे जीवन और उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री की शुभकामनाओं पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए केजरीवाल ने ट्विटर पर लिखा, थैंक्यू सर। हरियाणा के भिवानी में 16 अगस्त 1968 को जन्मे केजरीवाज दिल्ली के सातवें मुख्यमंत्री हैं। वह दिल्ली और पंजाब की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक भी हैं।

### विझिंजम बंदरगाह के खिलाफ मछुआरों का प्रदर्शन शुरू

**तिरुवनंतपुरम।** विझिंजम बंदरगाह और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) सरकार द्वारा मांगों को कथित तौर पर नजरअंदाज किए जाने के खिलाफ मछुआरों का चौथे चरण का प्रदर्शन मंगलवार को यहां शुरू हो गया। वह लातिन आर्कडायोसिस के नेतृत्व में प्रदर्शन कर रहे हैं और उनके गिरजाघरों में काले झंडे लहराए जा रहे हैं।लातिन आर्कडायोसिस के एमईएच परेरा ने मीडिया को बताया कि विझिंजम चलो के नारे के साथ प्रदर्शन किया जा रहा है और राज्य भर के मछुआरे बंदरगाह के मुख्य प्रवेश द्वार पर पहुंच रहे हैं। प्रदर्शनकारियों की बंदरगाह के मुख्य प्रवेश द्वार को अवरुद्ध करने की योजना है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा युवा एक मोटरसाइकिल रैली भी निकालेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शन तिरुवनंतपुरम में मछुआरा समुदाय के सदस्यों के सामने आ रही समस्याओं तक सीमित नहीं है बल्कि कोल्लम, अलप्पुझा, कोच्चि तथा अन्य तटीय इलाकों में भी तटीय क्षेत्र के कटाव समेत विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### मुंबई में फिर तेज हुई आफत की बारिश

**मुंबई।** मुंबई में कुछ दिन के अंतराल के बाद मंगलवार को एक बार फिर मूसलाधार बारिश हुई। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 घंटे में रुक-रुककर बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया है। नगर निकाय के अधिकारियों ने बताया कि कहीं भी निचले इलाके में भारी जलजमाव की कोई खबर नहीं है। ट्रेन सेवाएं और बृहन्मुंबई इलेक्ट्रिक सप्लाई एंड ट्रांसपोर्ट (बेस्ट) की बस सेवाएं सामान्य हैं।उन्होंने बताया कि सुबह शहर के अधिकतर हिस्सों में बारिश नहीं हो रही थी या हल्की बारिश थी। भारी बारिश पूर्वाह्न करीब 10 बजे शुरू हुई। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि पूर्वाह्न 10 से 11 बजे के बीच परेल और दादर में 14 मिमी बारिश हुई, जबकि मालाबार हिल और नायर अस्पताल क्षेत्र में 19 मिमी बारिश दर्ज की गई। इस दौरान पूर्वी उपनगरों के विक्रोली फायर स्टेशन में 12 मिमी और चेंबूर फायर स्टेशन में 11 मिमी बारिश दर्ज की गई, जबकि पश्चिमी उपनगरों के मालवानी फायर स्टेशन और चिंचोली फायर स्टेशन में क्रमश: 22 मिमी तथा 20 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान विभाग ने दिन में शहर और उसके उपनगरों में आमतौर पर बादल छाए रहने के साथ ही हल्की बारिश का पूर्वानुमान लगाया है।

---

# मनोज सिन्हा, उमर अब्दुल्ला ने की कश्मीरी पंडित की हत्या की निंदा



एजेंसी। श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा सहित कई राजनेताओं ने मंगलवार को शोपियां जिले में एक कश्मीरी पंडित की गोली मारकर हत्या किए जाने की निंदा की। पुलिस के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में आतंकवादियों ने मंगलवार को दो कश्मीरी पंडित भाइयों पर हमला कर दिया, जिसमें सुनील कुमार की मौत हो गई, जबकि पिंटू कुमार घायल हो गए।

सिन्हा ने ट्वीट किया, शोपियां जिले में नागरिकों पर किए गए घिनौने हमले की खबर से बेहद दुखी हूं। सुनील कुमार के परिवार के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। इस हमले की सभी को कड़ी निंदा करनी चाहिए। इस बर्बर हमले में शामिल आतंकवादियों को बख्शा नहीं जाएगा। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा, दक्षिण कश्मीर से आज बेहद दुखद खबर मिल रही है। एक हादसे और एक आतंकवादी हमले में कई लोग हताहत हुए हैं। मैं शोपियां जिले में आतंकवादी हमले की निंदा करता हूं, जिसमें सुनील कुमार की मौत हो गई और पिंटू कुमार घायल हो गए। परिवार के साथ मेरी संवेदनाए हैं।

---

### दिल्ली में इस वर्ष डेंगू के 178 मामले सामने आए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में इस साल अबतक डेंगू के करीब 180 मामले सामने आए हैं। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की रिपोर्ट के मुताबिक, 13 अगस्त तक मच्छर के काटने से होने वाली बीमारी के 178 मामले आए हैं।


शहर में जनवरी में 23, फरवरी में 16, मार्च में 22, अप्रैल में 20, मई में 30 और जून में डेंगू के 32 मामले सामने आए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, छह अगस्त तक दिल्ली में डेंगू के 174 मामले थे और एक हफ्ते में चार नए मामले आए हैं। उसमें कहा गया है कि इस साल इस बीमारी से किसी की मौत होने की सूचना नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2017 में एक जनवरी से 13 अगस्त के बीच डेंगू के 325 मामले थे। पिछले साल इसी अवधि में इसके 68 मामले मिले थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में इस साल अबतक मलेरिया के 39 और चिकनगुनिया के 13 मामले मिले हैं।

---

# राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

### भाजपा के कई शीर्ष नेताओं ने पूर्व पीएम को याद करते हुए किया ट्वीट

एजेंसी। नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें यहां स्थित सदैव अटैल में श्रद्धांजलि अर्पित की।

इनके अलावा पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जेपी. नड्डा, राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल और कई केंद्रीय मंत्रियों व गणमान्य हस्तियों ने भी भारत रत्न वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एक प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया।

बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट में कहा, आज अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर सदैव अटल गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत की सेवा को लेकर हम वाजपेई के प्रयासों से सदैव प्रेरणा लेते रहेंगे। उन्होंने कहा कि वाजपेई ने भारत को बदलने और 21वीं सदी की चुनौतियों के लिए देश को तैयार करने के लिए अग्रणी प्रयास किए। मोदी सहित भाजपा के कई शीर्ष नेताओं ने पूर्व पीएम को याद करते हुए ट्वीट किया।

---

# नए भारत के निर्माण में अहम साझेदार होगा अमेरिका : संधू

### राजदूत ने कहा भारत समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की इच्छा रखता है

एजेंसी। वाशिंगटन

**अमेरिका** में भारत के राजदूत तरनजीत सिंह संधू ने कहा कि भारत समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की इच्छा रखता है और अमेरिका अगले 25 वर्षों में उसकी यात्रा में अहम साझेदार होगा। कहा कि भारत-अमेरिका की साझेदारी दोनों देशों तथा दुनिया के लिए सबसे महत्वपूर्ण संबंधों में से एक बन गई है।

भारत सकारात्मक प्रगति कर रहा है तो हमें भविष्य की पीढ़ियों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए और काम करना पड़ेगा। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपील की है, अगले 25 वर्षों का सफर एक नए भारत का निर्माण करेगा। इस अमृत काल का लक्ष्य समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर पहुंचना है। उन्होंने सोमवार को भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर इंडिया हाउस में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए कहा, अमेरिका इस यात्रा में भारत के लिए एक अहम साझेदार होगा। संधू ने कहा, पीएम मोदी और राष्ट्रपति बाइडन की अगुवाई में भारत-अमेरिका संबंध दोनों देशों के लिए तथा दुनिया के लिए सबसे अहम संबंधों में से एक बन गए हैं। हम वैश्विक शांति, स्थिरता और मानव विकास के लिए लगातार, मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भारतीय प्रवासी समुदाय एक अहम स्तंभ बना रहेगा। कार्यक्रम में कुचिपुड़ी, ओडिशी, कत्थक और भरतनाट्यम समेत भारतीय शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुतियों के साथ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय मूल के छात्रों ने भाग लिया।

---

एनएसई फोन टैपिंग मामला

# मुंबई पूर्व पुलिस आयुक्त की जमानत अर्जी पर ईडी को नोटिस

### आरोप है कि जासूसी से जुड़े धन शोधन मामले में संलिप्त हैं संजय पांडे

एजेंसी। नई दिल्ली



**दिल्ली** उच्च न्यायालय ने मंगलवार को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के कर्मचारियों की कथित अवैध फोन टैपिंग और जासूसी से जुड़े धन शोधन मामले में मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त संजय पांडे की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का रुख जानना चाहा।

न्यायमूर्ति जसमीत सिंह ने पांडे की जमानत अर्जी पर ईडी को नोटिस जारी करते हुए उसे स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने पांडे और उनकी कंपनी आईसेक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दायर अलग-अलग याचिकाओं पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को नोटिस जारी कर उससे भी जवाब मांगा। इन याचिकाओं में कथित फोन टैपिंग के संबंध में एजेंसी द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की गई है। सीबीआई के मुताबिक, आईसेक ने अन्य आरोपियों के साथ साजिश रचते हुए 2009 से 2017 के बीच एनएसई में एमटीएनएल लाइनों को अवैध रूप से इंटरसेप्ट (फोन कॉल पर गुप्त रूप से नजर रखना) किया और विभिन्न एनएसई अधिकारियों के कॉल रिकॉर्ड किए। जांच एजेंसी का आरोप है कि आईसेक द्वारा सक्षम प्राधिकारियों की अनुमति के बिना टेलीफोन की निगरानी की गई थी, जो भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम के प्रावधानों के खिलाफ है। यही नहीं, सीबीआई का यह भी आरोप है कि एनएसई कर्मचारियों को उनके फोन कॉल रिकॉर्ड करने की न तो जानकारी दी गई थी, न ही इस बाबत उनकी सहमति ली गई थी।

---

### भाजपा विधायक सुभाष सिंह का निधन

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक और बिहार के पूर्व मंत्री सुभाष सिंह का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को निधन हो गया। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। सिंह 59 वर्ष के थे और उन्हें नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती किया गया था जहां उन्होंने बुधवार सुबह अंतिम सांस ली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गोपालगंज सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले सिंह के निधन पर दुख व्यक्त किया। दिवंगत नेता पूर्ववर्ती राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार में सहकारिता मंत्री थे। कुमार ने सिंह के बेटे से फोन पर बात की और कहा कि पूरे राजकीय सम्मान के साथ सिंह का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

---

# स्कूली शिक्षा में सुधार को केंद्र के साथ काम करने के लिए तैयार : केजरीवाल

### भाजपा ने केजरीवाल पर सत्ता में आने के लिए निःशुल्क सेवाओं का झांसा देने का आरोप लगाया

एजेंसी। नई दिल्ली



**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को केंद्र से आग्रह किया कि वह दिल्ली सरकार की विशेषज्ञता का इस्तेमाल पूरे भारत में स्कूली शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के लिए करें, ताकि भारत को दुनिया में नंबर एक देश बनाया जा सके। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार से नि:शुल्क शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं को मुफ्त की रेवड़ी न कहने का भी आग्रह किया।

भाजपा ने केजरीवाल पर सत्ता में आने के लिए लोगों को नि:शुल्क सेवाओं का झांसा देने का आरोप लगाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने उत्तर प्रदेश में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करने के बाद लोगों को रेवड़ी कल्चर को लेकर सर्तक रहने की हिदायत दी थी और कहा था कि यह देश के विकास के लिए बेहद घातक है। केजरीवाल ने एक ऑनलाइन सम्मेलन में कहा, हम स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए केंद्र के साथ काम करने को तैयार हैं। मैं केंद्र से अनुरोध करता हूं कि इसे मुफ्त की रेवड़ी कहना बंद करें। दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए बड़ी संख्या में सरकारी स्कूल खोलने, उनमें सुधार करने, अतिथि शिक्षकों को नियमित करने, शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की जरूरत है। तब ही भारत एक सम्पन्न देश बन सकता है।

---

# कॉरपोरेट कर में कटौती से 1.84 लाख करोड़ का नुकसान हुआ : कांग्रेस

### कहा, सरकार कॉरपोरेट पर 22 फीसदी की दर से कर लगाती है

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने मंगलवार को कहा कि कॉरपोरेट कर में कटौती के कारण सरकार को वित्त वर्ष 2020 और 2021 में कुल 1.84 लाख करोड़ का नुकसान हुआ और ऐसे में सरकार को बताना चाहिए कि उसे मध्य वर्ग से ऐसी क्या घृणा है कि वह उससे अधिकतम 30 प्रतिशत की दर से कर लेती है, जबकि कॉरपोरेट पर 22 फीसदी की दर से कर लगाती है।

पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने यहां संवाददाताओं से कहा, संसद की प्राक्कलन समिति ने आंकड़ा दिया है कि वित्त वर्ष 2020 और वित्त वर्ष 2021 के इन दो वर्षों में कॉरपोरेट कर में कटौती के कारण सरकार को 1.84 लाख करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, 20 सितंबर, 2019 को सूटबूट की सरकार ने कॉरपोरेट कर को 30 प्रतिशत से घटाकर 22 प्रतिशत कर दिया तथा नई विनिर्माण कंपनियों के लिए कर को 18 प्रतिशत से 15 प्रतिशत कर दिया। इसके दो दिन बाद ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाउडी मोदी कार्यक्रम के लिए अमेरिका गए। वल्लभ के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में सरकार और उसके एजेंट ने खूब ढिंढोरा पीटा कि कॉरपोरेट कर में कटौती के कारण सरकार का राजस्व बढ़ गया। उन्होंने सवाल किया, यह कॉरपोरेट कर में कटौती किसके कहने पर किया गया? यह 1.84 लाख करोड़ रुपये का नुकसान क्यों किया गया? महामारी के समय कॉरपोरेट कर में कटौती जरूरी थी या मनरेगा का बजट बढ़ाना महत्वपूर्ण था? कांग्रेस नेता ने पूछा, मध्य वर्ग के लिए आयकर की अधिकतम दर 30 प्रतिशत होती है तो फिर ये कटौती सिर्फ कॉरपोरेट के लिए 22 प्रतिशत क्यों है? यह सूटबूट की सरकार मध्य वर्ग और निम्न मध्य वर्ग से घृणा से क्यों करती है?

---

# सीयूईटी में तकनीकी गड़बड़ी से परीक्षा पर असर नहीं: यूजीसी अध्यक्ष

## कहा, महीने के अंत तक एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाएगा

### जेईई एवं नीट के विलय की योजना में जल्दबाजी सही नहीं

एजेंसी। नई दिल्ली



**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने कहा कि साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) के प्रारंभिक चरण में आई तकनीकी गड़बड़ी से इस महत्वपूर्ण परीक्षा के विस्तार की योजना पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, जिसमें जेईई और नीट के विलय का प्रस्ताव किया गया है। कुमार ने एक साक्षात्कार में कहा, सीयूईटी-यूजी के पहले चरण में आई तकनीकी गड़बड़ी कोई झटका नहीं है बल्कि यह एक सबक है। इसे आने वाले समय में दूर कर लिया जाएगा तथा इसके कारण इस महत्वपूर्ण परीक्षा के विस्तार की योजना पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। ज्ञात हो कि कुमार ने पूर्व में कहा था कि आने वाले समय में इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई और मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट का सीयूईटी के साथ विलय किया जाएगा। यूजीसी के अध्यक्ष ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत ऐसी योजना है कि कई प्रवेश परीक्षाओं में उपस्थित होने के कारण छात्रों पर पड़ने वाले बोझ को कम करने के लिए एक साझा प्रवेश परीक्षा हो। हालांकि हम इसे पेश करने की जल्दबाजी में नहीं हैं क्योंकि हमें इसके लिए अच्छी तरह से योजना बनाने की जरूरत है। यह पूछे जाने पर कि कब तक विलय किया जा सकता है, उन्होंने कहा कि इसकी रूपरेखा अभी तय किया जाना बाकी है। कुमार ने कहा, इस महीने के अंत तक एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति देश और विदेश में आयोजित होने वाली महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाओं का अध्ययन करेगी। अगर हमें अगले वर्ष परीक्षा की शुरुआत करना है, तब इसकी व्यापकता को देखते हुए इसकी तैयारी अभी से शुरू हो जानी चाहिए।

#### सीयूईटी-यूजी का पहला संस्करण जुलाई में शुरू हुआ

सीयूईटी-यूजी का पहला संस्करण जुलाई में शुरू हुआ है और इसकी कई तकनीकी गड़बड़ियां सामने आईं जिसके कारण राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को कई केंद्रों पर परीक्षा स्थगित करनी पड़ी। कई छात्रों को परीक्षा से पहले, रात में सूचित किया गया और कई छात्रों को परीक्षा केंद्र से भी लौटना पड़ा। यूजीसी के अध्यक्ष ने कहा था कि गड़बड़ियों की खबरों के बाद कुछ केंद्रों पर परीक्षा रद्द कर दी गई थी। सीयूईटी-यूजी के चौथे चरण की परीक्षा बुधवार को शुरू होगी। सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए सीयूईटी परीक्षा के लिए 14.9 लाख छात्रों ने पंजीकरण कराया है।

# हापुड़ कचहरी के बाहर मुल्जिम की गोली मारकर हत्या

## आरोपी ने ग्रेटर नोएडा में किया सरेंडर, अभी साथी फरार, कोतवाल समेत दो पुलिसकर्मी निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा हापुड़


मृतक की फाइल फोटो

**हरियाणा** पुलिस द्वारा मंगलवार को पेशी पर लाए गए एक मुल्जिम की हापुड़ कचहरी के बाहर तीन बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां मारकर हत्या कर दी। इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में शहर कोतवाल और कचहरी चौकी प्रभारी को निलम्बित कर दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि हरियाणा के फरीदाबाद जिले की पुलिस लाखन नामक मुल्जिम को एक मामले में हापुड़ जिला अदालत में पेशी के लिए लाई थी। उनके मुताबिक अदालत गेट के पास ही पैदल आए कुछ बदमाशों ने कड़ी सुरक्षा के बावजूद ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर लाखन की हत्या कर दी। पुलिस के मुताबिक इस हमले में लाखन को लेकर आया सिपाही ओमप्रकाश भी घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भूकर ने बताया कि हमलावर इस वारदात को अंजाम देने के बाद भाग गए। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि हत्यारों की तस्वीरें आसपास लगे सीसीटीवी रिकार्ड हो गई हैं। भूकर ने बताया कि मारा गया कैदी लाखन हरियाणा के अनन्तागपुर का रहने वाला था तथा वह वर्ष 2019 में धौलाना क्षेत्र में हुई हत्या के आरोप में जेल में बंद था।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में लापरवाही बरतने पर उन्होंने शहर कोतवाल सोमवीर सिंह और पुलिस चौकी प्रभारी सुशील कुमार को निलम्बित कर दिया है एवं सम्बन्धित पुलिस क्षेत्राधिकारी को भी हटा दिया गया है।

वहीं आरोपी ने गौतमबुद्ध नगर जिला कोर्ट ने सरेंडर कर दिया है। आरोपी की पहचान सुशील कुमार निवासी हरियाणा के रूप में हुई है। सुशील कुमार पर 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित है।

मिली जानकारी के मुताबिक लाखन ने हत्या के मामले में जेल गया हुआ था। सुशील के साथी अभी फरार हैं। जिनकी तलाश हापुड़ और हरियाणा पुलिस कर रही है। बताया जा रहा है कि सुशील के साथी भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश की किसी कोर्ट में सरेंडर करने वाले हैं, जिसके बाद गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, बागपत और मेरठ कोर्ट में चौकसी बढ़ा दी गई है।

## दो युवतियों की हत्या, अलग-अलग स्थानों पर मिले और दो शव

*गाजियाबाद। 24 घंटे में हुई आपराधिक घटनाओं के दौरान जहां दो युवतियों की हत्या कर दी गई, वहीं अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों के शव मिलने पर सनसनी फैल गई। इसके अलावा दो स्थानों पर हत्या के प्रयास की घटनाएं भी सामने आई।*

*संबंधित थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर जांच शुरू कर दी। बता दें कि महिला समेत दो शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जानकारी के अनुसार मसूरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरटी गांव में रहने वाली आठ माह की गर्भवती तनु पाल नामक विवाहिता की हत्या चाकू मारकर कर दी गई। इस वारदात की रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए मृतका के पिता रमेश पाल ने बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री तनु की शादी मोरटी निवासी परताम पाल के पुत्र अंकित पाल से की थी।*

*शादी के बाद से ही अंकित पाल व उसका बड़ा भाई सुनिल पाल उसकी पुत्री को न केवल दहेज के लिये प्रताड़ित करते थे, बल्कि आये दिन मारपीट भी करते थे। अब उन्होंने तनु की हत्या चाकू मारकर कर दी। वहीं दूसरी ओर एक अन्य युवती की भी हत्या कर दी गई। उसका शव हिंडन नहर में मिला था। पुलिस अभी तक उस युवती की शिनाख्त व हत्या की गुत्थी नहीं सुलझा पाई है। इसके अलावा दिल्ली लखनऊ रेलवे ट्रैक पर भी एक युवक का शव मिला। पुलिस के मुताबिक मरने वाले का नाम मिथलेश है।*

## संक्षिप्त समाचार


गाजियाबाद में 15 अगस्त को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय पर आयोजित एक सम्मान समारोह में यशोदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल कौशांबी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पीएन अरोड़ा को आईएमए पदाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

### केवी में प्रकृति संरक्षण थीम पर मना स्वतंत्रता दिवस



**गाजियाबाद।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक एक वायुसेना स्थल हिंडन में स्वतंत्रता दिवस स्वतंत्रता संघर्ष एवं प्रकृति संरक्षण थीम पर मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि विंग कमांडर आर नंदा एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती नंदा का प्राचार्या शोभा शर्मा द्वारा किया गया। प्राचार्या ने अपने संबोधन में छात्रों से यह कहा कि स्वतंत्रता हमें मिला सौभाग्य से है, किन्तु इसे सम्भालने के लिए हमें एक अच्छे नागरिक बनना होगा,अपने हिस्से का कर्तव्य निभाना होगा। उपप्राचार्य शिवा कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि सहित अभिभावकों, छात्रों तथा शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।



### डीपीएस इंदिरापुरम में धूमधाम से मना आजादी दिवस

**गाजियाबाद।** डीपीएस इंदिरापुरम में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्राचार्य संगीता हजेला ने स्कूल एम्फीथिएटर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ राष्ट्रगान के बाद जय हिंद की गूंज ने वातावरण को देशभक्ति के जोश से भर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदेमातरम पर बांसुरी वादन के साथ हुई और कक्षा 1 के छात्र के द्वारा 'ऐ वतन गीत..' से देशभक्ति का उत्साह जारी रहा। देश रंगीला रंगीला पर छात्रों द्वारा नृत्य दृश्यों ने पहले से ही चार्ज किए गए माहौल में खुशी और उत्साह जोड़ा। आजादी का अमृत महोत्सव समारोह की भावना को ध्यान में रखते हुए, स्कूल को तिरंगे के झरनों, गुब्बारों और अन्य सजावटों से सजाया गया था।

### शुगर मिल पर कार्रवाई की मांग

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के बैनर तले किसानों ने डीएम को गन्ना भुगतान को लेकर ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा कि मोदी शुगर मिल पर भुगतान को लेकर आरसी जारी की गई है। जिसमें से अभी तक 21 करोड़ 50 लाख रुपये का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। आरसी के तहत कार्रवाई भी लम्बित चल रही है। इसके अलावा अभी अन्य सत्र का भी डेढ़ सौ करोड़ बकाया है। भुगतान न मिलने से किसान बेहाल है। किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि जल्द से जल्द भुगतान कराया गया। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष मनोज तेवतिया, सुभाष तेवतिया, रविन्द्र कुमार, आशीष, अशोक चौधरी आदि मौजूद रहे। भुगतान को लेकर आरसी जारी की गई है।

# अभी जेल में ही रहेगा श्रीकांत त्यागी, नहीं मिली जमानत, सेशन कोर्ट का आसरा

● मामले में दो साथी जेल से रिहा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**सेक्टर-93बी** स्थित ग्रैंड ओमेक्स सोसायटी में महिला के साथ बदसलूकी करने के आरोपी श्रीकांत त्यागी को अभी कुछ दिन और जेल में ही बिताने होंगे।

सूरजपुर स्थित अदालत में मंगलवार को जमानत अर्जी खारिज कर दी। इससे पहले 11 अगस्त को भी त्यागी की जमानत अर्जी खारिज हो गई थी। हालांकि इस मामले के दो अन्य आरोपियों को कोर्ट ने जमानत दे दी। ग्रैंड ओमेक्स सोसायटी में रहने वाले श्रीकांत त्यागी ने एक महिला के साथ धक्का मुक्की और गाली गलौज की थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राजनीति शुरू हो गई।

दरअसल, श्रीकांत त्यागी का संबंध भाजपा से होने के कारण विपक्षी पार्टियों ने भी मोर्चा खोल दिया था। यह मामला लखनऊ तक पहुंच गया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी और डीजीपी को इस मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। उसके बाद पुलिस ने पांच दिनों से फरार चल रहे श्रीकांत त्यागी को मेरठ में उसके दोस्त के घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। गौतमबुद्ध नगर की लुक्सर जेल में बंद श्रीकांत त्यागी की जमानत के लिए 11 अगस्त को सूरजपुर स्थित जिला अदालत में अर्जी लगाई गई थी। लेकिन, कोर्ट ने उनकी अर्जी खारिज कर दी थी।

# बहन कहने से काम नहीं चलेगा श्रीकांत को एना अग्रवाल का जवाब

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**श्रीकांत** त्यागी की गाली और धमकियों का शिकार बनीं एना अग्रवाल ने कहा है कि उन्हें अब बहन कह देने से काम नहीं चलेगा।

किसी का मर्डर कर दो और सॉरी कह दो, यह नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि श्रीकांत को उसके किए की सजा मिल रही है। जाति को लेकर हो रही राजनीति पर भी एना ने कहा कि ऐसा नहीं है कि सभी त्यागी बुरे होते हैं या सब अग्रवाल बहुत अच्छे होते हैं। एना ने पीएम मोदी और सीएम योगी की तारीफ करते हुए कहा कि पूरी दुनिया उनके साथ खड़ी रही। एना ने एक वीडियो जारी करते हुए कहा 75वें स्वतंत्रता दिवस की सभी को शुभकामनाएं। भारत को अंग्रेजों से 75 साल पहले आजादी मिली।

हम ग्रैंड ओमेक्स में सभी गुंडाराज से मुक्ति चाहते हैं। मेरे साथ जो हुआ वह सभी ने वीडियो में देखा, मेरे साथ बुरा हुआ, लेकिन जिसने किया उसे सजा मिल रही है। मुझे बहन कहना और सॉरी कहने से काम नहीं चलेगा। अंग्रेज चले गए और सॉरी छोड़ गए। आप किसी का मर्डर कर दोगे और सॉरी कह दोगे, इससे मदद नहीं मिलेगी। एना ने श्रीकांत से कहा तुमने जो किया वह गलत था और इसकी सजा मिल रही है।

## हंगामेबाज युवकों को कोर्ट से मिली राहत

**नोएडा।** श्रीकांत त्यागी प्रकरण में ग्रैंड ओमेक्स सोसायटी में हंगामा करने वाले युवकों को कोर्ट ने जमानत दे दी है। उसके बाद श्रीकांत के समर्थक कुछ युवकों ने सोसायटी में घुसकर जमकर उत्पात मचाया था।

मंगलवार को सूरजपुर स्थित जिला अदालत में हुई सुनवाई के बाद अदालत ने इस मामले में जेल में बंद सभी आरोपियों की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। जिन युवकों को कोर्ट ने जमानत दी है, उनमें प्रिंस त्यागी, नितिन त्यागी, लोकेंद्र त्यागी, राहुल त्यागी, रवि पंडित और चर्चिल राणा शामिल हैं। सेक्टर-93बी स्थित ग्रैंड ओमेक्स सोसायटी में महिला के साथ बदसलूकी के आरोप में श्रीकांत को पुलिस ने जेल भेज दिया था।

# आईटी कंपनी में एक करोड़ रुपये की कर चोरी पकड़ी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**सेक्टर-80** स्थित आईटी कंपनी पर राज्य वाणिज्यकर विभाग की टीम ने छापा मारा। बीते बुधवार को मारे गए इस छापे में एक करोड़ रुपये कर चोरी पकड़ी गई। कंपनी ने अभी तक कर नहीं जमा किया है।

आईटी कंपनी कॉल सेंटर को सुविधा उपलब्ध कराती है। इसी दिन इस सेक्टर की एक और कंपनी में छापेमारी हुई थी। राज्य वाणिज्यकर विभाग के संयुक्त आयुक्त मनोज कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि ऑनलाइन जांच में गड़बड़ी मिलने पर कंपनी पर छापा मारा गया था। कंपनी के पास में जीएसटी पंजीकरण सही दस्तावेजों पर था लेकिन वह इनपुट टैक्स क्रेडिट आईटीसी की चोरी कर रही थी। मौके पर दस्तावेजों की जांच में यह गड़बड़ी मिली। अभी और दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

संभव है कि और कर चोरी पकड़ी जाएगी। मौके पर मिले कंप्यूटर समेत अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सीज कर दिए गए हैं। छह दिन बीतने के बाद भी कंपनी की ओर से चोरी किए गए कर को नहीं जमा किया गया है।

## पुलिस और बदमाश में मुठभेड़, साथी फरार

**नोएडा।** तिहाड़ जेल से डेढ़ माह पहले छूटकर आया बदमाश ने बाहर आते ही फिर से गैंग चलाने लगा। लूटपाट करने लगा।

मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस सेक्टर-63 के पास जिंजर कट पर चेकिंग कर रही थी। मुठभेड़ में बदमाश विवेक मेहता को पैर में गोली लगी। बदमाश का दूसरा साथी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने बाइक सवार 2 व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया। बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग की। पुलिस टीम बदमाशों का पीछा करते हुए सेक्टर-62 मैट्रो स्टेशन के बीच पुलिस ने फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी।

# बेतरतीब हरियाली पर सीईओ ने जताई नाराजगी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● शीघ्र दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**नोएडा-ग्रेनो** को जोड़ने वाली 130 मीटर रोड पर हरियाली का रखरखाव ठीक न होने पर प्राधिकरण के सीईओ व मेरठ मंडलायुक्त सुरेन्द्र सिंह ने नाराजगी जताई और शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सीईओ ने खुद से साइनेज बोर्ड लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए ।

जन विश्वास दिवस के दौरान एक प्रकरण में सीईओ ने कहा कि 130 मीटर रोड किनारे झाड़ियां उगी हुई हैं, उनकी तत्काल कटाई की जाए। पेड़ों को एक कतार में लगाया जाए। जहां पर खाली जगह है, वहां पौधे रोपित किए जाएं। 130 मीटर रोड का कॉम्प्रिहेंसिव प्लान बना कर ग्रीनरी को व्यवस्थित तरीके से विकसित किया जाए। जिन चौराहों पर लोगों ने खुद से साइनेज बोर्ड लगा लिए हैं, प्राधिकरण उन्हें शीघ्र हटाएं। अगर किसी सार्वजनिक जगह का नामकरण हो चुका है, तो वहां प्राधिकरण खुद से बोर्ड लगाएगा। किसी और का बोर्ड लगा है, तो उसे हटाया जाएगा। मॉर्टगेज परमिशन देने में समय से अधिक वक्त लगने पर सीओ ने संपत्ति विभाग से नाराजगी जताई और तत्काल मॉर्टगेज परमिशन जारी करने के निर्देश दिए। किसानों के 5.6 प्रतिशत आबादी के प्लॉट को शीघ्र घोषित कर आमंत्रित करने के निर्देश दिए।

प्राधिकरण के सीईओ ने अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाने के लिए पूर्व सैनिकों की तैनाती कर टास्क फोर्स के गठन का प्रस्ताव तत्काल भेजने के निर्देश दिए। जन विश्वास दिवस में 150 से अधिक शिकायतें पर सुनवाई की गई। इस दौरान प्राधिकरण के एसीईओ दीप चंद्र, प्रेरणा शर्मा व अमनदीप डुली, ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव, जीएम प्रोजेक्ट केआर वर्मा, कपिल सिंह व चेतराम आदि मौजूद रहे।

# आजादी के 75वें वर्षगांठ पर शहीद स्मारक में अर्पित की गई शहीदों को पुष्पांजलि

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**सेक्टर-29** स्थित नोएडा शहीद स्मारक में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। आजादी के इस उत्सव में वर्ष-2002 से अब तक शहीद 39 रणबांकुरों को पुष्पांजलि अर्पित की गई। समारोह के महेनजर पूरे स्मारक को तिरंगे से सजाया गया था।

संस्था के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल जीएल बख्शी ने स्मारक के आधार पर पहला माल्यार्पण किया। इसके बाद शहीदों के परिजनों के परिजनए फ्लाइट लेफ्टिनेंट मयंक मयूर के पुत्र डॉ मंजरी तिवारी, सविता सिंह, डब्ल्यूओ ब्रिगेडियर बीपी सिंह, किरण शर्मा, एमओ कैप्टन साहिल शर्मा, नरगिस नकवी की बहू डब्ल्यूओ स्क्वाड्रन लीडर आईएच नकवी, तृप्ता थापर, एमओ कैप्टन विजयंत थापर, वीआरसी उमा नौरियाल, डब्ल्यूओ मेजर ए नौरियाल, केसी वीपी सरदाना, कप्तान अर्जुन सरदाना के पिता, जेपी शर्मा, एमओ कैप्टन शशि कांत शर्मा, फ्लाइट लेफ्टिनेंट जेपी शर्मा, एफओ कैप्टन शशि कांत शर्मा, और डॉ नरेश शर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित की। आर्मी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल ज्योति राणा, शहीद स्मारक के कार्यकारी निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल एसके सिंह, लेफ्टिनेंट जनरल जगदीश, लेफ्टिनेंट जनरल खुराना, मेजर जनरल डीके सेन, कमांडर नरिंदर महाजन, ब्रिगेडियर शशि वैद, कर्नल वेनिश राय, महेंद्र कुमार, जेपी सिंह, ओपी मेहता, आईपी सिंह, संजय खरबंदा, सीके शर्मा, शार्दुल सिंह, आर वासुदेव और जीएस सालकलां, कमान ओपी कोहली और गौतमबुद्धनगर के नागरिकों ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। सेक्टर 26 के नितिन मुखिया और सेक्टर 25 के कोचर के बच्चों ने शो में खूब धमाल मचाया।

### सेक्टर 25 के कोचर के बच्चों ने शो में खूब धमाल मचाया

## ग्रॉसरी स्टोर से आठ लाख नकदी व सामान चोरी

**नोएडा।** सदरपुर कॉलोनी में कंपनी के ग्रॉसरी स्टोर से बदमाशों ने करीब आठ लाख रुपये और सामान चोरी कर लिया। दुकानदार ने इस संबंध में सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज कराया है। मामले की जांच कर रही है।

पुलिस को दी शिकायत में हार्दिक गोयल ने बताया कि उनका सदरपुर कॉलोनी में ग्रॉसरी स्टोर है। बदमाशों ने सोमवार रात को उनके स्टोर से करीब आठ लाख रुपये और अन्य सामान चोरी कर लिया। जब वह सुबह स्टोर पर पहुंचे तो वारदात का पता चला। इसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान करने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है।

# कार सवारों ने महिला के साथ अश्लील हरकत की

एजेंसी। नोएडा।

**शहर** की पूर्वांचल रॉयल सिटी सोसाइटी में रहने वाली महिला ने कार सवार तीन युवकों पर अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया है। आरोपी रास्ते में कार में बैठकर शराब पी रहे थे। इस मामले में महिला के पति ने सेक्टर बीटा दो कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया है।

सेक्टर चाई.5 की पूर्वांचल रॉयल सिटी सोसाइटी निवासी दंपति ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार की शाम के समय बाजार की तरफ जा रहे थे। इसी बीच निंबस सोसाइटी के समीप कार में बैठकर तीन युवक शराब पी रहे थे। दंपति कार के समीप से गुजरे तो आरोपियों ने महिला की तरफ अश्लील हरकत की। दंपति ने विरोध जताया तो आरोपी गाड़ी लेकर वहां से भाग निकले। उन्होंने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घेराबंदी कर एक आरोपी को दबोच लिया जबकि दो युवक भाग गए। सेक्टर बीटा दो कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार राजपूत ने बताया कि इस मामले में दंपति की शिकायत पर आरोपी प्रवीण, नितिन और प्रिंस के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर रही है। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।


आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत 76वें स्वतंत्रता दिवस पर नगर पंचायत डासना में 100 फीट लंबे राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण गाजियाबाद के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के साथ अपर जिलाधिकारी ( प्रशासन ) श्रुति सुहास नगर पंचायत डासना अध्यक्ष हंसार अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार मिश्र, अवर अभियंता स्मृति गुप्ता भी उपस्थित थीं। राष्ट्रीय ध्वज के लोकार्पण के बाद जिलाधिकारी ने डासना के यासीन गढ़ी में स्थित लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। किताबघर नाम से बनी यह लाइब्रेरी भारत फाउंडेशन के ईशानी अग्रवाल के सहयोग से तैयार की गई है।

### युवक को सड़क पर पीटा, वीडियो वायरल



**नोएडा।** बाइक सवार ने युवक को सरेआम पीटा। किसी ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो सेक्टर.25ए में एडीब कंपनी के पास का बताया गया है। पुलिस ने आरोपी की बाइक के नंबर के आधार पर उसकी तलाश शुरू कर दी है। ट्विटर और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मंगलवार को एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें बाइक सवार हेलमेट पहने युवक की पिटाई कर रहा है। फिर आरोपी अपनी बाइक पर बैठकर भागने लगता है। इस पर पीड़ित उसे रोकता है तो वह उसकी दोबारा पिटाई करता है। इसके अलावा आरोपी गाली गलौच भी करता है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए लोगों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने वीडियो देखने के बाद जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वीडियो सेक्टर.25ए की एडीब कंपनी के बिल्डिंग के पास का है।

### युवक ने पिता संग पत्नी, साली और सास को पीटा

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 121 स्थित क्लियों काउंटी सोसाइटी के फ्लैट नंबर 1403 में मारपीट व घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है पीड़िता स्मिति कश्यप के साथ पति व उसके ससुर ने बेरहमी से मारपीट की। बताया गया कि 11 अगस्त को बड़ी बहन डॉक्टर स्मीता कश्यप अपनी छोटी बहन स्मिति के घर भाई को राखी बांधने गई थी। यही पर स्मिति के पति व उसके ससुर ने मिलकर मारपीट की। इससे बड़ी बहन के चेहरे पर गंभीर चोट आई है। घटना का वीडियो सामने आया है। दरअसल, मारपीट की पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। इसी सीसीटीवी की फुटेज को देखकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा कृष्ण जन्मोत्सव

**गाजियाबाद।** राजनगर स्थित इस्कॉन मंदिर में धूमधाम से श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जन्मोत्सव को लेकर मंदिर में तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। मंदिर समिति के अध्यक्ष आदिकर्ता दास ने प्रेसवार्ता में बताया कि कोविड.19 के दो साल बाद भव्य रूप से श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 19 अगस्त को सुबह चार बजे मंगला आरती शुरू होगी और उसके बाद सुबह नौ बजे से भक्तों के दर्शनों के लिए मंदिर के कपाट खोले जाएंगे।

रात 12 बजे तक पांच समय भगवान की विशेष आरती होगी व 1008 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पण किया जाएगा। रात सात बजे लड्डू गोपाल का अभिषेक और उसके बाद रात नौ बजे कृष्ण एवं राधा रानी का अभिषेक भी किया जाएगा। फेस्टिवल कमेटी के चेयरमैन संजीव गुप्ता ने बताया कि मंदिर को रंगबिरंगी लाइटों से सजाया गया है। पूरे मंदिर को वृंदावन में बिहारी जी के मंदिर की तरह फूल बंगले में तब्दील किया है। 70 कारीगर चार दिन पहले ही मंदिर की सजावट में जुट गए हैं। डायरेक्टर सुरेश्वरदास ने बताया कि मंदिर की सुरक्षा को लेकर भी इंतजाम किए गए है। मंदिर के अंदर व बाहरी परिसर में सीसीटीवी की मदद से सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। महोत्सव में अतिथि के रूप में स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेन्द्र कश्यप, विधायक अतुल गर्ग, अजीत पाल त्यागी, मेयर आशा शर्मा आदि शिरकत करेंगे।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बिल्डर को अल्टीमेटम

● तय समय में समस्याएं न सुलझीं तो होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 16सी स्थित वेदांतम सोसाइटी से जुड़ी समस्याओं सुलझाने को प्राधिकरण के ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव की अध्यक्षता में बिल्डर व निवासियों की बैठक हुई। निवासियों की तरफ से बताई गई सभी समस्याओं को हल करने ओएसडी ने समयसीमा तय की है। इस अवधि में हल न करने पर लीज डीड की शर्तों के अनुसार कार्रवाई की चेतावनी दी है।

ग्रेटर नोएडा व ग्रेटर नोएडा वेस्ट में बनी बिल्डर सोसाइटियों से जुड़ीं समस्याओं को हल कराने के लिए प्राधिकरण के सीईओ सुरेन्द्र सिंह के निर्देश पर ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव की अध्यक्षता में नियमित बैठक की जा रही है। मंगलवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर 16सी स्थित वेदांतम सोसाइटी के निवासियों की बैठक हुई। निवासियों ने बताया कि टंकी में पानी ओवरफ्लो होकर बेसमेंट में भर जाता है। इस वजह से लंबे समय से सोसाइटी के बेसमेंट पानी भरा हुआ है, जिससे मच्छर पनप रहे हैं। सोसाइटी में दो साल से फ गिंग भी नहीं हुई है। बेसमेंट में मलबा व कूड़े का ढेर लगा है, जिससे बदबू आती रहती है। कार्प समय से पार्क में घास की कटाई नहीं हुई है। ओएसडी ने बिल्डर के प्रतिनिधि राजीव कुमार को पांच दिन में इन कार्यों को पूरा कराने के निर्देश दिए।

निवासियों ने बताया कि सोसाइटी में टावर नंबर ई.वन व ई.टू और डी.वन की लिफ्ट नहीं चल रही है। उसके खराब होने पर बहुत दिक्कत

● सोसाइटी में बिल्डर और निवासियों की हुई थी बैठक

हो जाती है। बिल्डर प्रतिनिधि ने ई.वन व ई टू टावर की दूसरी लिफ्ट चालू करने के लिए दो माह और डी वन की लिफ्ट के लिए एक माह का समय मांगा है।

ओएसडी ने इतनी समयावधि देते हुए चेतावनी दी कि अगर इस अवधि में लिफ्ट चालू न हुई तो बिल्डर के खिलाफलीज डीड की शर्तों के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में प्राधिकरण की तरफसे ओएसडी सौम्य श्रीवास्तव व प्रबंधक बिल्डर विभाग आराधना और निवासियों की तरफ से अनू खान, उमेश सिंह, कन्हैया वर्मा, निशु दत्त शर्मा, एके शर्मा व सोमनाथ शामिल रहे।

**सबसे पहले आपको यह समझना चाहिए कि यह बदलाव का समय है। प्रकृति खुद को बदल रही है, तो इसके साथ आपको भी अपना रूटीन और डाइट बदलना है। अभी तक अगर आप कोल्ड ड्रिंक्स, रेड वाइन आदि की शौकीन रहीं हैं, तो इस समय आपको उस पर ब्रेक देना है।**

# मानसून में बचना है स्किन प्रोब्लम्स से तो रुटीन में एड करें ये टिप्स



बारिश की बूंदें और उसमें रेन डांस, शायद सबके लिए मानसून इतना सुहावना नहीं होता। कुछ लोग इस दौरान पाचन संबंधी गड़बड़ी के शिकार हो जाते हैं, तो कुछ त्वचा पर होने वाली एलर्जी और पिंपल्स से। अगर आपकी कहानी भी यही है, तो घबराएं नहीं। यहां आपको कुछ ऐसे क्विक टिप्स दिए जा रहे हैं, जिन्हें फॉलो कर आप भी इस मौसम को एन्जॉय कर पाएंगी।

## यह बदलाव का समय है

सबसे पहले आपको यह समझना चाहिए कि यह बदलाव का समय है। प्रकृति खुद को बदल रही है, तो इसके साथ आपको भी अपना रूटीन और डाइट बदलना है। अभी तक अगर आप कोल्ड ड्रिंक्स, रेड वाइन आदि की शौकीन रहीं हैं, तो इस समय आपको उस पर ब्रेक देना है। इनकी जगह कुछ हेल्दी पेय आपको अपनी डाइट में शामिल करने हैं। आप चाहें तो यह मैजिक टी अपनी डाइट में एड कर सकती हैं।

## मानसून के लिए मैजिक टी

अपने दिन की शुरुआत करें मैजिक टी से। जैसा इसका नाम ही संकेत दे रहा है कि यह जादुई चाय है जो न सिर्फ आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएगी बल्कि अपनी एंटी ऑक्सीडेंट प्रोपर्टी के साथ यह आपको मानसून में होने वाली समस्याओं से भी बचाएगी।

**ऐसे तैयार करें मैजिक टी :** दो गिलास पानी में दो लौंग, दो हरी इलायची, एक सेमी. अदरक का टुकड़ा, दो तुलसी के पत्ते, दो साबुत काली मिर्च डाल कर उन्हें अच्छे से उबाल लें। उबलते हुए जब एक गिलास पानी बचे, तो स्टोव बंद कर दें। इस चाय में एक चम्मच नींबू का रस डालें और इसका सेवन करें। यह न केवल आपकी इम्यूनिटी बढ़ाएगी, बल्कि बरसात से होने वाली एलर्जी को भी दूर रखेगी, और वजन घटाने में भी यह कारगर है।

## स्किन की समस्याओं से निजात दिलाएगी यह स्मूदी

बरसात का मौसम अपने साथ त्वचा संबंधी समस्याएं लेकर आता है। यदि आप भी परेशान हैं कील मुहासों से, तो करें इस जादुई समूदी का सेवन। इसके लिए आपको चाहिए, कीवी, और एक आडू इसे बारीक काट लें। अब इसमें पुदीना और 200 मिली. पानी डाल कर ब्लेंडर में डालें और ब्लेंड करें। यदि आप इसका सेवन प्रतिदिन करेंगी, तो कील मुंहासे आपके चेहरे से गायब हो जाएंगे और आपकी त्वचा कोमल और चमकदार हो जाएगी।

## हल्दी है मैजिकल हर्ब

हल्दी एक गुणकारी, प्राकृतिक हर्ब है। यह न सिर्फ शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को बूस्ट करती है, बल्कि इसमें मौजूद करक्यूमिन हमें कैंसर जैसी भयंकर बीमारी से भी दूर रखता है। बरसात के मौसम में हल्दी का दूध या फिर हल्दी वाले पानी का सेवन करने से हमें जोड़ों के दर्द से राहत मिलती है। साथ ही हमारी पाचन क्रिया भी मजबूत होती है। यहां पर इस बात का विशेष ध्यान रखें कि दूध के अलावा पानी में भी कच्ची हल्दी को उबालकर पी सकते हैं। क्योंकि कई लोग Lactose intolerant होते हैं, उन्हें दूध का सेवन नहीं करना चाहिए। इसके लिए वे पानी में कच्ची हल्दी उबाल कर इस मौसम में पी सकते हैं।

## ताजा दही ही है सेहतमंद

यह एक मिथक है कि बरसात के मौसम में हमें दही का सेवन नहीं करना चाहिए। परंतु सच यह है कि, बरसात के मौसम में दही का सेवन हमारी पाचनशक्ति को मजबूत करता है, क्योंकि यह एक प्रोबायोटिक है, और इसमें मौजूद अच्छे बैक्टीरिया हमारी पाचनशक्ति को मजबूत करते हैं। परंतु इस बात का विशेष ध्यान रखें कि दही बासी न हो।


## यह भी ध्यान रखें

बरसात के मौसम में बाजार से खरीदकर जूस, कटे फल, शिकंजी एवं तरल पदार्थों का सेवन करने से बचें। इनमें बैक्टीरिया पनपने का खतरा ज्यादा रहता है और पेट से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। पत्तेदार सब्जियों का यदि सेवन करें, तो उनको अच्छे से धोएं और फिर पकाकर खाएं। अत: कच्ची सब्जियों का सेवन न करें।

# चहरे पर निखार के लिए सोने से पहले आजमाएं ये टिप्स

**रात** को सेने से पहले की गई चहरे की देखभाल बहुत प्रभावी होती है और इसकी चमक को बढ़ाने का काम करती है। दिनभर तो महिलाएं चहरे की सार-संभाल करती हैं, लेकिन रात होते-होते नजरअंदाज करने लगती हैं। जबकि रात को चहरे को आराम मिलता है और किए गए उपायों से स्किन ग्लो करने लगती है। आज इस कड़ी में हम आपको इन्हीं उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं, जो रात को सोने से पहले जरूर आजमाने चाहिए। तो आइये जानते हैं इन उपायों के बारे में।

**पानी से चेहरा धोएं :** रात को सोने से पहले पानी से चेहरे को धोना चाहिए। रात को चेहरे को पानी से धोने से स्किन की अशुद्धियों को दूर किया जा सकता है। अगर आप ग्लोइंग स्किन चाहते हैं, तो रात को सोने से पहले रोज साफ पानी से चेहरे को धोएं।



**हर्बल फेस मास्क का उपयोग करें :** ग्लोइंग स्किन के लिए रात को सोने से पहले चेहरे पर हर्बल फेस मास्क का इस्तेमाल करना चाहिए। इसका इस्तेमाल करने से स्किन को जरूरी पोषक तत्व प्राप्त होते हैं। आप गर्मियों के दिनों में चेहरे पर मुल्तानी, खीरे या चंदन का पाउडर लगा सकती हैं। इनको लगाने से त्वचा की नमी बनी रहती है।

**सोने से पहले रखें आंखों का ख्याल :** रात को सोने से पहले आंखों के आसपास क्रीम लगाना न भूलें। आंखों की सतह का हिस्सा काफी संवेदनशील होता है, इसलिए इस हिस्से का खास ध्यान रखना होता है। अगर आपके आंखों के आसपास काले दाग हो रहे हैं तो वो क्रीम लगाने से दूर हो जाएंगे। आंखों में ड्रॉप भी डालें। ऐसा करने से आपकी दिनभर की थकान दूर हो जाएगी।

**स्किन को मॉइस्चराइज करें :** रात को सोने से पहले फेस पर और पूरे शरीर पर क्रीम, लोशन या नारियल तेल लगाना चाहिए। ऐसा करने से स्किन की नमी बनी रहती है। अगर आप ऐसा नहीं करती हैं, तो आज से ही स्किन को मॉइस्चराइज करना शुरू कर दें।

# चेहरे और बाल दोनों के लिए फायदेमंद है विटामिन-ई

**विटामिन-ई चेहरे और बाल दोनों के लिए एक प्रभावी एक्टिव इंग्रेडिएंट्स के रूप में काम कर सकता है। जानते हैं कैसे इसे अपने ग्रूमिंग रूटीन में शामिल करें।**

**स्किन** केयर और हेयर केयर के लिए लोग तरह-तरह के चीजों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन विटामिन-ई एक ऐसी चीज है, जो इन दोनों के अंदुरुनी ग्रोथ को बहुत हद तक प्रभावित कर सकता है। विटामिन-ई चेहरे के मुक्त कणों से लड़ सकता है, प्राकृतिक त्वचा पाने में मदद कर सकता है और परतदार क्षेत्रों को मॉइस्चराइज कर सकता है। इसी तरह ये बालों के लिए भी बहुत फायदेमंद है। ये न सिर्फ गहराई से बालों को मॉइस्चराइज कर सकते हैं, बल्कि टूटे बालों की मरम्मत भी कर सकता है। साथ ही इसके कई और फायदे भी हैं। तो आइए जानते हैं कि हम कैसे अपने चेहरे और बालों के लिए हम रोजाना विटामिन-ई का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## शुष्क त्वचा के लिए एक मॉइस्चराइजिंग मास्क

भारी मेकअप लगाने या पूरे दिन धूप में रहने के बाद एक मॉइस्चराइजिंग मास्क लगाना फेस के लिए बहुत फायदेमंद है। एलोवेरा और विटामिन-ई को एक चिपचिपे पेस्ट में मिलाएं और त्वचा पर लगाएं। धूप की हानिकारक किरणें त्वचा को अवशोषित कर सकती हैं और नमी को इसमें लॉक कर सकती हैं। साथ ही विटामिन ई त्वचा के कोलेजन को बढ़ाने का भी काम करती है। ऐसे में शुष्क त्वचा को झुर्रियों से बचाए रखने के लिए ये मास्क बहुत जरूरी है।

## एक्सफोलिएटिंग पेस्ट बना कर

विटामिन-सी और विटामिन-ई एक साथ सबसे अच्छा काम करते हैं। एक पेस्ट में मैश किया हुआ पपीता और विटामिन-ई की कुछ बूंदें मिलाएं और इसे अपने चेहरे पर लगाएं। पपीता कॉम्प्लेक्शन को उज्ज्वल करते हुए मृत त्वचा कोशिकाओं को धीमा कर देता है, जबकि विटामिन ई त्वचा की सुरक्षा को मजबूत करता है।

## चेहरे और बालों की मालिश के लिए तेल

विटामिन-ई का सबसे आम उपयोग स्किनकेयर में होता है, लेकिन ये बाल गिरने में भी कमी ला सकता है। यह अल्फा-टोकोफेरॉल में समृद्ध है, जो सिर के ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करने में मदद करता है और इसलिए बालों को पोषण देता है। सबसे अच्छे उपाय के लिए इसे नारियल तेल के साथ मिलाएं और इसे अपने बालों में लगाएं। इसके अलावा आप इसे अपने चेहरे की मालिश करने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे मसाज करना चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन बेहतर बना सकता है।

## परतदार त्वचा के लिए एक बॉडी स्क्रब

एक घर का बना चीनी का स्क्रब त्वचा की चमक और अधिक कोमल छोड़ते हुए मृत त्वचा कोशिकाओं को धीमा करने का एक शानदार तरीका है। चीनी के दानों को जैतून के तेल और विटामिन ई की कुछ बूंदों के साथ मिलाएं, और त्वचा पर गोल गति में मालिश करें। विटामिन ई लोच को बनाए रखने में मदद करता है, जबकि चीनी एक ह्यूमेक्टेंट की तरह काम करता है, जो त्वचा को नमी बनाए रखता है। जिससे झुर्रियां कम होने लगती हैं।

## आंखों के लिए क्रीम

विटामिन ई अपने एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों और कोलेजन के प्रोडक्शन को बढ़ावा देने के लिए जाना जाता है। ये आंखों के लिए एक लोकप्रिय क्रीम के रूप में भी इस्तेमाल होता है। इस तरह ये चेहरे की फाइन लाइनों को रोकने में मदद कर सकता है। इस तरह अंडर-आई क्षेत्र को नरम और मॉइस्चराइज करने के लिए विटामिन ई के साथ जोजोबा तेल मिला कर हल्के हाथों से आंखों के आस-पास के क्षेत्र का मसाज करें। इस तरह विटामिन-ई का इस्तेमाल आपके बालों, आपके चेहरे और आंखों तीनों के लिए फायदेमंद हो सकता है। इसके अलावा भी आप सिर्फ विटामिन-ई से कर के कई तरह के हेयर मास्क और फेस मास्क बना कर उसका उपयोग कर सकते हैं।



# एवोकाडो की मदद से इस तरह रखें स्किन का ख्याल



**इसके लिए आप एक चम्मच पका हुआ एवोकाडो लेकर उसे मैश करके एक स्मूद पेस्ट बनाएं। अब इसमें दो बड़ा चम्मच दूध और एक बड़ा चम्मच शहद मिलाएं। अब आप इसे अच्छी तरह मिक्स करें और अपने चेहरे पर लगाएं। करीबन आधे घंटे बाद स्किन को साफ करें।**

**एवोकाडो** का इस्तेमाल आजकल स्किन केयर प्रॉडक्ट्स में किया जाता है। दरअसल, एवोकाडो में कई तरह के विटामिन्स व मिनरल्स पाए जाते हैं, जो आपकी स्किन को कई मायनों में लाभ पहुंचाते हैं। इतना ही नहीं, एवोकाडो स्किन को बेहद अच्छी तरह मॉइश्चराइज करता है और रूखी त्वचा के लिए विशेष रूप से लाभदायी है। चूंकि एवोकाडो में एंटी-ऑक्सीडेंट्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, इसलिए यह आपको एंटी-एजिंग लाभ पहुंचाता है। वैसे तो आपको कई तरह के स्किन केयर प्रॉडक्ट्स के इस्तेमाल से भी एवोकाडो के लाभ मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप चाहें तो एवोकाडो की मदद से कुछ होममेड फेस पैक्स भी बना सकती हैं। तो चलिए आज हम आपको स्किन केयर एक्सपर्ट द्वारा बताए गए कुछ बेहतरीन एवोकाडो फेस पैक्स के बारे में बता रहे हैं।

## एवोकाडो, दूध व शहद पैक

इसके लिए आप एक चम्मच पका हुआ एवोकाडो लेकर उसे मैश करके एक स्मूद पेस्ट बनाएं। अब इसमें दो बड़ा चम्मच दूध और एक बड़ा चम्मच शहद मिलाएं। अब आप इसे अच्छी तरह मिक्स करें और अपने चेहरे पर लगाएं। करीबन आधे घंटे बाद स्किन को साफ करें। अगर आप इस फेस पैक का इस्तेमाल लगातार करती हैं तो इससे आपका स्किन कॉम्पलेक्शन काफी बेहतर होता है।

## एवोकाडो, नींबू व शहद पैक

इस फेस पैक को इस्तेमाल करने वालों का कहना है कि यह फेस पैक आपकी स्किन पर एक ग्लो लेकर आता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए आप पहले एवोकाडो को मैश करके एक पेस्ट बना लें। इसके बाद आप एक बड़ा चम्मच शहद व आधा नींबू का रस डालकर अच्छी तरह मिक्स करें और फिर इसे अपने चेहरे पर लगाकर 15-20 के लिए छोड़ दें। आखिरी में अपने चेहरे को सामान्य पानी की मदद से धोएं।

## एवोकाडो और कीवी पैक

यह एक बेहतरीन एंटी-एजिंग पैक है और इसलिए बढ़ती उम्र की निशानियों को कम करने के लिए इस फेस पैक का उपयोग करना एक अच्छा विचार है। इस पैक को बनाने के लिए दो एवोकाडो और एक कीवी लेकर उसका पल्प निकाल लें और एक क्रीमी पेस्ट बना लें। आप चाहें तो इस फेस पैक में शहद भी मिक्स कर सकती हैं। यह आपकी स्किन को अतिरिक्त मॉइश्चराइज करने में मदद करेगा। इसके बाद इसे चेहरे पर लगाएं और करीबन आधे घंटे के लिए छोड़ दें। फिर आप गुनगुने पानी की मदद से अपनी स्किन को साफ करें।

# बढ़ती उम्र ऐसे रखें त्वचा का ख्याल, दिखेंगी 20 साल की

**स्किन** की प्रॉपर केयर करने पर ही उसकी चमक बनी रहती है, रंगत में निखार आता है। आप अपने चेहरे और शरीर की त्वचा को चमकदार और मुलायम बनाना चाहती हैं तो नहाने से पहले या नहाते समय कुछ होममेड नेचुरल प्रोडक्ट्स का यूज करें। कई तरह के ब्यूटी केयर प्रोडक्ट्स यूज करने के बाद भी हमारी त्वचा पर निखार नहीं नजर आता है। ऐसा भी होता है कि बाजार में मिलने वाले ब्यूटी केयर प्रोडक्ट्स का यूज लंबे समय तक करने से स्किन प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। अगर आप केमिकल बेस्ड ब्यूटी प्रोडक्ट को यूज नहीं करना चाहती हैं तो होममेड नेचुरल प्रोडक्ट को नहाने से पहले स्किन पर यूज करें। कुछ ही दिनों में आपको फर्क नजर आने लगेगा।

## ऑलिव ऑयल

**नहाने** के लिए हम साबुन का इस्तेमाल करते हैं, इससे पसीना और धूल-मिट्टी तो शरीर से दूर हो जाती है। लेकिन इसके कई साइड इफेक्ट्स भी हैं। ऐसे में नहाने के पानी में कुछ ऐसी चीजों का इस्तेमाल करें, जिससे साबुन का साइड इफेक्ट कम हो जाए। ऑलिव ऑयल में विटामिन ई होता है। अगर आप नहाने के पानी में आधा चम्मच ऑलिव ऑयल का इस्तेमाल करती हैं तो इससे आपकी स्किन सॉफ्ट हो जाएगी।

## बेसन का उबटन



**बेसन** का उबटन स्किन पर ग्लो लाने में सबसे कारगर है। हफ्ते में एक बार नहाते समय बेसन और दूध का उबटन बनाकर त्वचा पर लगाएं। इसे बनाने के लिए आधा कटोरी दूध में दो चम्मच बेसन डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। अब इस उबटन को हल्के हाथों से पूरे शरीर पर लगाएं। जब यह सूखने लगे तो हल्के हाथों से इसे रगड़कर छुड़ा दें। गुनगुने पानी से नहाएं। इस उबटन से त्वचा में निखार आएगा और रुखापन भी दूर होगा।



## शहद

**नहाने** से पहले एक बाल्टी पानी में एक चम्मच शहद मिला लें और फिर इस पानी से नहा लें। ऐसा करने से कुछ ही दिनों में आपकी स्किन ग्लो करने लगेगी। शहद आपके चेहरे की चमक को बरकरार रखने में बहुत मददगार होता है।

## मुल्तानी मिट्टी

**अगर** आपकी त्वचा पर दाने और खुजली की समस्या है तो मुल्तानी मिट्टी से नहाना भी फायदेमंद होता है। इसके लिए बस नहाने से कुछ देर पहले मुल्तानी मिट्टी का पैक शरीर पर लगाना होता है। इस पैक को थोड़ी देर लगा रहने दें, फिर सादे पानी से हटा लें। आपकी त्वचा मुलायम और चमकदार हो जाएगी। इस पैक को आप सप्ताह में दो बार चेहरे पर फेस वॉश की तरह भी इस्तेमाल कर सकती हैं।



# फीफा ने भारतीय फुटबॉल महासंघ को निलंबित किया

## महिला अंडर-17 विश्व कप की मेजबानी छीनी

### 85 साल में पहली बार फीफा ने एआईएफएफ पर प्रतिबंध लगाया

एजेंसी। नई दिल्ली

**विश्व** फुटबॉल की सर्वोच्च संचालन संस्था फीफा ने तीसरे पक्ष द्वारा गैर जरूरी दखल का हवाला देकर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को मंगलवार को निलंबित कर दिया और उससे अक्टूबर में होने वाले अंडर-17 महिला विश्व कप के मेजबानी अधिकार छीन लिए। यह पिछले 85 साल के इतिहास में पहला अवसर है जबकि फीफा ने एआईएफएफ पर प्रतिबंध लगाया। फीफा ने कहा है कि निलंबन तुरंत प्रभाव से लागू होगा।

फीफा ने एक बयान में कहा, फीफा परिषद के ब्यूरो ने सर्वसम्मति से अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को तीसरे पक्ष के अनुचित प्रभाव के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का फैसला किया है। तीसरे पक्ष का हस्तक्षेप फीफा के नियमों का गंभीर उल्लंघन है। बयान में आगे कहा गया है, निलंबन तभी हटेगा जब एआईएफएफ कार्यकारी समिति की जगह प्रशासकों की समिति के गठन का फैसला वापिस लिया जाएगा और एआईएफएफ प्रशासन को महासंघ के रोजमर्रा के काम का पूरा नियंत्रण दिया जाएगा। उच्चतम न्यायालय ने दिसंबर 2020 से चुनाव नहीं करवाने के कारण 18 मई को प्रफुल्ल पटेल को एआईएफएफ के अध्यक्ष पद से हटा दिया था और एआईएफएफ के संचालन के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एआर दवे की अध्यक्षता में तीन सदस्य प्रशासकों की समिति (सीओए) का गठन किया था। सीओए को राष्ट्रीय खेल संहिता और दिशा निर्देशों के अनुसार एआईएफएफ के संविधान को तैयार करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई थी।




### सीओए फीफा की शर्तों पर एआईएफएफ के चुनाव कराने को तैयार

**नई दिल्ली।** फीफा के प्रतिबंध लगाए जाने के कुछ घंटे बाद ही प्रशासकों की समिति (सीओए) विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था की शर्तों के अनुसार अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के चुनाव कराने पर सहमत हो गई है। फीफा ने मंगलवार को भारत को करारा झटका देते हुए तीसरे पक्ष द्वारा गैर जरूरी दखल का हवाला देकर एआईएफएफ को निलंबित कर दिया और उससे 11 से 30 अक्टूबर के बीच होने वाले अंडर-17 महिला विश्व कप के मेजबानी अधिकार छीन लिए। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि प्रतिबंध थोड़े समय के लिए ही हो सकता है क्योंकि उच्चतम न्यायालय से नियुक्त प्रशासकों की समिति चुनावों और नए संविधान को लेकर फीफा की लगभग सभी शर्तों को मानने के लिए तैयार है। इसलिए अंडर-17 महिला विश्वकप का आयोजन अभी भारत में हो सकता है। एक शीर्ष सूत्र ने कहा, अधिकारियों को लग रहा है कि प्रतिबंध थोड़े समय के लिए ही रहेगा और चुनाव 28 अगस्त को नहीं लेकिन 15 सितंबर (फीफा की समय सीमा) से पहले कराए जाएंगे। सीओए फीफा की शर्तों के अनुसार चुनाव कराने पर सहमत है। उन्होंने कहा ऐसी स्थिति में फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप की मेजबानी भी बचाई जा सकती है। पता चला है कि सीओए को अभी फीफा के प्रतिबंध की उम्मीद नहीं थी क्योंकि वह विश्व संस्था की जरूरतों के अनुसार आगे बढ़ने के लिए तैयार थे। भारतीय फुटबॉल समुदाय को बुधवार को उच्चतम न्यायालय में होने वाली सुनवाई के फैसले का इंतजार है।

### भारत के लिए सभी बिकल्प बंद नहीं

**फीफा** ने हालांकि कहा कि उसने भारत के लिए सभी विकल्प बंद नहीं किए हैं और वह खेल मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहा है और उसे महिला जूनियर विश्व कप को लेकर सकारात्मक परिणाम की उम्मीद है। फीफा ने कहा, इसके मायने हैं कि अंडर-17 महिला विश्व कप पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारत में नहीं हो सकता। फीफा भारत के खेल मंत्रालय से लगातार संपर्क में है और सकारात्मक नतीजे तक पहुंचने की उम्मीद है। फीफा ने पांच अगस्त को एआईएफएफ को निलंबित करने और महिला अंडर-17 विश्व कप की मेजबानी छीनने की धमकी दी थी। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने तीन अगस्त को एआईएफएफ की कार्यकारी समिति को सीओए द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार चुनाव कराने के निर्देश दिए थे। चुनाव 28 अगस्त को होंगे तथा चुनाव प्रक्रिया 13 अगस्त से शुरू हो चुकी है।

### इस तरह है पूरा मामला

**भारत** के सर्वोच्च न्यायालय ने मई में एआईएफएफ को भंग कर दिया था और खेल को संचालित करने, एआईएफएफ के संविधान में संशोधन करने और 18 महीने से लंबित चुनाव कराने के लिए तीन सदस्यीय समिति की नियुक्त की थी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने (एआईएफएफ) अध्यक्ष पफुल्ल पटेल को 18 मई को उनके पद से हटा दिया था। जवाब में, फीफा और एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने एएफसी महासचिव विंडसर जॉन के नेतृत्व में एक टीम को भारतीय फुटबॉल के हितधारकों से मिलने के लिए भेजा और एआईएफएफ के लिए जुलाई के अंत तक अपनी विधियों में संशोधन करने और बाद में 15 सितंबर तक नवीनतम चुनाव संपन्न करने के लिए एक रोडमैप तैयार किया था। फीफा चाहता था कि (आईएफएफ) में चुनाव हो, नए तरीके से एसोसिएशन का गठन हो ताकि फीफा और (एआईएफएफ) के संविधान के तहत मिलकर काम कर सके।

### मामले पर आज सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

**फिफा** द्वारा भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने पर केंद्र सरकार एक्शन में आ गई है। मंगलवार को केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले पर जल्द से जल्द सुनवाई की मांग की। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और एएस बोपन्ना की पीठ को बताया कि फीफा ने भारत को निलंबित करते हुए एक पत्र भेजा है जो पब्लिक डोमेन में है और इसे रिकॉर्ड में लाने की जरूरत है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मामले पर जल्द से जल्द सुनवाई की मांग की। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बुधवार की तारीख तय की जा चुकी है।



## न्यूजीलैंड ए और ऑस्ट्रेलिया ए की टीमें भारत दौरे पर आएंगी





एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** ए टीम आठ महीने में अपना पहला प्रतिस्पर्धा मुकाबला न्यूजीलैंड ए टीम के खिलाफ सितंबर-अक्टूबर में खेलेंगी जबकि ऑस्ट्रेलिया की ए टीम नवंबर में भारत दौरे पर आएगी। रिपोर्ट के अनुसार, भारत ए कार्यक्रम वीवीएस लक्ष्मण और उनके एनसीए सहयोगी स्टाफ समूह साईराज बहुतुले और सितांशु कोटक द्वारा संचालित किया जाएगा।

भारत ए की टीम ने इससे पहले पिछले साल नवंबर-दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ब्लूमफोनटेन में तीन अनौपचारिक टेस्ट मैचों की श्रृंखला में भाग लिया था। न्यूजीलैंड की ए टीम इस महीने के आखिर में भारत पहुंच जाएगी। टीम तीन चार-दिवसीय मैचों की श्रृंखला में भाग लेगी। यह सभी लिस्ट ए मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे। इस दौरे पर गुलाबी गेंद (दिन-रात्रि टेस्ट) से भी एक मैच खेला जा सकता है लेकिन इसके लिए बीसीसीआई से मंजूरी मिलना बाकी है। न्यूजीलैंड ए टीम ने 2017-18 दौरे पर भी विजयवाड़ा में गुलाबी गेंद से एक मैच खेला था। इस दौरे का आयोजन दलीप ट्रॉफी के साथ होगा जिसे आठ से 25 सितंबर तक खेला जाएगा। बीसीसीआई क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से भी ए टीम के भारत दौरे के लिए बात कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के साथ साल के अंत में दौरे के लिए बातचीत कर रहा है। इस दौरे के नवंबर में होने की संभावना है। यह दौरा रणजी ट्रॉफी की शुरुआत से पहले और बांग्लादेश में होने वाले भारत के अगले टेस्ट कार्यक्रम से पहले होगा।

## प्रज्ञानानंधा ने एफटीएक्स क्रिप्टो कप शतरंज में फिरोजा को हराया

**मियामी।** भारत के किशोर शतरंज खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंधा ने मंगलवार को यहां एफटीएक्स क्रिप्टो कप के शुरुआती दौर में दुनिया के शीर्ष जूनियर खिलाड़ी अलिरेजा फिरोजा को 2.5-1.5 से हराया। हाल ही में भारत में आयोजित शतरंज ओलंपियाड में कांस्य पदक जीतने वाली भारत बी टीम के सदस्य सत्रह साल के प्रज्ञानानंधा ने पहले दौर के चार मुकाबलों के शुरुआती मैच में जीत से आगाज किया। उन्हें हालांकि दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। तीसरा मैच बराबरी पर छूटा जबकि चौथे मैच में उन्होंने फिरोजा को दूसरी बार हराया। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने फिरोजा को हरा कर तीन अंक हासिल किए। अब दूसरे दौर में उनके सामने नीदरलैंड के शीर्ष खिलाड़ी अनीश गिरी की चुनौती होगी। गिरी को विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नॉर्वे के मैगनस कार्लसन ने 3-1 से हराया।

## फीफा का फैसला बेहद कड़ा, लेकिन खेल को व्यवस्थित करने का मौका: बाइचुंग भूटिया

### कहा, राज्य संघ साथ आएं और व्यवस्था को सुधारें, बेहतरी को काम करें

एजेंसी। नई दिल्ली।



**पूर्व** कप्तान बाइचुंग भूटिया ने मंगलवार को भारतीय फुटबॉल पर प्रतिबंध लगाने के फीफा के फैसले को बेहद कड़ा करार दिया, लेकिन वह इसे देश में इस खेल को व्यवस्थित करने के मौके के रूप में भी देख रहे हैं। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संचालन संस्था फीफा ने मंगलवार को तीसरे पक्ष द्वारा गैर जरूरी दखल का हवाला देकर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) को निलंबित कर दिया और उससे 11 से 30 अक्टूबर के बीच होने वाले अंडर-17 महिला विश्व कप के मेजबानी अधिकार छीन लिए।

भूटिया ने कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि फीफा ने भारतीय फुटबॉल को प्रतिबंधित कर दिया है और मुझे लगता है कि यह फैसला बेहद कड़ा है। उन्होंने कहा, लेकिन इसके साथ ही मुझे लगता है कि यह अपनी व्यवस्था को सुधारने का बेहतरीन मौका है।

यह बेहद महत्वपूर्ण है कि सभी हित धारक महासंघ, राज्य संघ साथ आएं और व्यवस्था को सुधारें तथा भारतीय फुटबॉल की बेहतरी के लिए काम करें। पूर्व भारतीय स्टार शब्बीर अली ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और भारतीय फुटबॉल के लिए करारा झटका बताया। उन्होंने कहा, जो कुछ भी हुआ वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और यह भारतीय फुटबॉल के लिए एक झटका है। मुझे उम्मीद है कि चुनाव होने के बाद निलंबन जल्द ही खत्म कर दिया जाएगा। अंडर-17 महिला विश्वकप भारत में ही होना चाहिए और मुझे आशा है कि सभी चीजें अनुकूल होंगी और भारत में यह टूर्नामेंट खेला जाएगा। पूर्व खिलाड़ी मेहताब हुसैन ने इस फैसले के लिए देश में फुटबॉल का संचालन कर रहे लोगों को जिम्मेदार ठहराया। मेहताब ने कहा, इसके लिए पूर्व अधिकारी और प्रशासकों की समिति (सीओए) दोनों ही जिम्मेदार हैं।

जब फीफा ने अधिकारियों को जल्द से जल्द चुनाव कराने के निर्देश दे दिए थे तो फिर वे किसका इंतजार कर रहे थे। हमने समय गंवाया और अब उसकी सजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा, पूर्व अधिकारियों और सीओए में से किसी को नुकसान नहीं होगा।

## एंडी में की वावरिंका पर संघर्षपूर्ण जीत

**मैसन (ओहियो)।** एंडी में ने तीन सेट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में स्टेन वावरिंका को हराकर वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। में ने दो घंटे 57 मिनट तक चले इस मुकाबले में 7-6 (3), 5-7, 7-5 से जीत दर्ज की। में और वावरिंका दोनों यूएस ओपन का खिताब जीत चुके हैं और इस मैच के दौरान दोनों को अपने पांव की समस्या को लेकर ट्रेनर की मदद लेनी पड़ी। पुरुष वर्ग के एक अन्य मैच में क्रोएशिया के 14वीं वरीयता प्राप्त मारिन सिलिच ने स्पेन के क्वालीफायर जैम मुनार पर 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की। महिलाओं के पहले दौर के मैच में सोमवार को 20 वर्षीय गैर वरीय अमेरिकी अमांडा अनिसिमोवा ने रूस की नौवीं वरीयता प्राप्त डारिया कसातकिना को 6-4, 6-4 से हराया।




## बीसीसीआई के पूर्व सचिव अमिताभ चौधरी का निधन

एजेंसी। रांची



**भारतीय** क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व सचिव एवं झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी का मंगलवार को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह 62 वर्ष के थे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चौधरी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

रांची स्थित सेंटेविटा अस्पताल के चिकित्सक डॉ. वरुण कुमार ने बताया कि झारखंड लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अमिताभ चौधरी को दिल का दौरा पड़ने के बाद सुबह लगभग पौने आठ बजे आपात चिकित्सा कक्ष में लाया गया जहां उन्हें बचाने के लिए चिकित्सकों के दल ने पूरा प्रयास किया लेकिन उन्हें नहीं बचाया जा सका और लगभग नौ बजे उनका निधन हो गया। सोमवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण के बाद उनकी तबीयत थोड़ी खराब हो गई थी। लेकिन अशोक नगर स्थित अपने निवास पर ही उन्होंने आराम किया।

चौधरी के करीबी और झारखंड राज्य क्रिकेट संघ के सचिव देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि सुबह चौधरी को उनके अशोक नगर स्थित आवास पर ही दिल का दौरा पड़ा जिसके बाद आनन फानन में उन्हें सेंटेविटा अस्पताल ले जाया गया। चौधरी का जन्म छह जुलाई, 1960 को हुआ था और वह झारखंड कैडर के भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रहे।

## 27 वनडे और 36 टी20 खेलेगी महिला टीम

**दुबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा मई 2022 से अप्रैल 2025 तक के लिए तैयार पहले भावी दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) के तहत 65 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। आईसीसी ने मंगलवार को कार्यक्रम की घोषणा की जिसमें कुल 301 मैच (सात टेस्ट, 135 वनडे और 159 टी20) शामिल हैं। भारत को अगले तीन साल में इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट के अलावा 27 वनडे और 36 टी20 मैच खेलने हैं। मई 2022 में एफटीपी शुरू होने के बाद से भारत तीन वनडे और तीन टी20 खेल चुका है। भारतीय टीम अपनी सरजमीं पर न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज और आयरलैंड की मेजबानी करेगी। इसके अलावा आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, श्रीलंका (खेल चुकी है) और बांग्लादेश का दौरा करेगी।

